पटना, मंगलवार
13 अक्टूबर, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

www.jagran.com
बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

आर्थिकी को उबारने का सूत्र देने वाले दो अर्थशास्त्रियों को नोबेल 1
विपक्ष का मार्च निकाल सीजेआइ से मिलने की कोशिश सरासर मूर्खता : हरीश साल्वे 13

इस दिवाली पर नए लॉन्च

- ऑटो शट-ऑफ
- विशेष ताप-प्रतिरोधी क्रिस्टल ग्लास टॉप
- तापमान की सेटिंग 600°C तक

हॉकिन्स फ्यूल सेवर

- अपने और देश के लिए बचाएँ 55% तक गैस*
- एलपीजी इक्विपमेंट रिसर्च सेंटर, बेंगलुरु के साथ सहयोग से विकसित

*हॉकिन्स गैस-स्टव की विधि से आप 55% तक गैस बचा सकते हैं, अधिक जानकारी के लिए: https://www.buyhawkins.in/save_gas.aspx

₹150 से 2000* छूट
एक्सचेंज पर
*शिकायत शर्ते लागू

विशेष ऑफर निम्नलिखित डीलर्स के यहाँ उपलब्ध है: **पटना** शकुंतला मार्केट केसरी बर्तन, 8709236841 • चक मुसल्लाहपुर रवींद्र बर्तन दुकान, 7677947624 • फ्लाईओवर कंकड़बाग एम.एन. स्टील, 9835202264 • अशियाना नगर किचन एंड होम फर्निशिंग, 8340310803 • अशोक राजपथ स्टील कॉर्नर, 8084782727 • श्याम स्टील हाउस, 9975577009 • बंदर बगीचा लिबर्टी किचनवेयर, 8795061161 • बोरिंग रोड प्लास्टिकोल, 8102508434 • मीना किचन हाउस, 8083207271 • चिरैयाटांड श्री साईं एंटरप्राइजेस, 9304308363 • गांधी नगर भारत सैनिक कैंटीन वैलफेयर, 6203342757 • हनुमान नगर भारत डोमेस्टिक, 8434001983 • पटना स्टील हाउस, 9430557627 • कदमकुआं न्यू पटना स्टील सेंटर, 9973154356 • भवानी ट्रेडर्स, 9431019183 • कदमकुआं गुलजारबाग राये राज एंटरप्राइज, 7484892726 • कंकड़बाग न्यू स्टील हाउस, 9546909250 • आर.के. डोमेस्टिक अप्लायंस, 7903821005 • साईं किचन कॉर्नर, 9334330072 • पी.के. एंटरप्राइजेस, 9234453940 • मुन्ना चौक रिद्धिमा सेल्स, 8541932897 • न्यू मार्केट हरिलाल, 9835829858 • क्रोमफिको, 9852192204 • पटना सिटी नरेश स्टील कॉर्नर, 6201823123 • जे के एंटरप्राइजेस, 7070703313 • आयुषी प्लास्टिक, 8789444480 • शाहगंज पटना सिटी, किरण शृंगार हाउस एंड गिफ्ट कॉर्नर, 7463992700 • शेखपुरा अभिनव, 7903880392 • सुल्तानगंज बजरंग स्टील, 9661124806 **आरा** धेला रोड लक्ष्मी स्टील घर, 8987101551 • गोपाली चौक अग्रवाल बर्तन भंडार, 9334527618 • विशाल बर्तन घर, 8340227073 • हरिद्वार एंड संस, 9431850373 • जेल रोड अरिहंत एंटरप्राइजेस, 9430929737 • अग्रवाल इलेक्ट्रिकल्स, 9431444581 **अरवल** इस्लाम सवीती चौराम मोड़ सैनिक कैंटीन, 7564818953 • पटना रोड चौरसिया बर्तन घर, 7903256325 **औरंगाबाद** ओल्ड जीटी रोड श्री किचन किंग, 7870276464 • ओहम बर्तन घर, 8340574812 • भारत स्टील, 8809918055 • अल्का बर्तन घर, 7294139103 • टिकरी मोड़ पप्पू बर्तन दुकान, 9631364759 **बरौनी** बरौनी चौक किचन हाउस, 9931010640 • सिन्हा एंड कंपनी, 8877426330 **बगहा** सब्जी मंडी अयोध्या महतो बर्तन दुकान, 7991170529 **बाढ़** मेन रोड एन.एस. एंटरप्राइजेस, 9308868274 **बरहमपुर** शिव मंदिर श्री अन्नपूर्णा बर्तन स्टोर, 9430910956 **बेगूसराय** हीरा लाल चौक ओम श्री बर्तन भंडार, 7488907968 • रिम झिम स्टेनलेस स्टील हाउस, 9334640758 • राजा स्टोर्स, 8271047742 • बिहार बर्तन भंडार, 6200303759 • मेन रोड श्री राम ग्लास हाउस, 9304714532 • थाना रोड लक्ष्मी बर्तन भंडार, 9852062714 **बिहारशरीफ** अनिसा मार्केट, केनरा बैंक बिल्डिंग जैन एंड ब्रदर्स, 9102018749 • चौक बाजार हरी जी बर्तन दुकान, 7856960127 • भगत मार्केट गणेश स्टील, 7004579519 • मंगला अस्थान जय श्री बजरंग मेटल, 8210272305 **बिक्रमगंज** श्री लक्ष्मी नारायण मार्केट रागिनी स्टील, 9572175234 • स्वामिनी किचन सेंटर, 9801132496 **बक्सर** ठठेरी बाजार बक्सर बर्तन स्टोर, 9334550879 • प्रसाद मेटल, 8539090440 • श्री राम कृष्ण अमरनाथ, 8825195057 • मैसर्स किचन क्राफ्ट, 9304325650 • बाबा बिजली घर, 9771761560 **चंडी** मेन रोड विजय भाई बर्तन वाला, 9123104351 **छपरा** हथुआ मार्केट रस्तोगी ग्लास हाउस, 7004086706 • विक्रमादित्य प्रसाद एंड संस, 7763876670 • कश्मीर हाता प्रजा मेटल एंड ज्वेलर्स, 9097583889 • साहु बाजार न्यू पशुपति बर्तन भंडार, 8210202383 • साहिबगंज माँ अंबे बर्तन भंडार, 9199903030 • गणेश बर्तन भंडार, 9931456957 **दानापुर** गोला रोड माँ अंबे प्लास्टिक कॉर्नर, 7979016195 **दाउदनगर** दुर्गा पथ रोड ओम प्रकाश बर्तन दुकान, 8409548614 • कसेरा टोली मदन प्रसाद बर्तनवाले, 7463991399 • महेश कुमार बर्तन दुकान, 9110096403 • सब्जी मार्केट सोनू बर्तन स्टोर, 8651829916 **डेहरी ऑन सोन** चंदन मार्केट राकेश एंटरप्राइजेज, 9546803456 • सिनेमा रोड प्लासिना, 9162481927 • ओल्ड जीटी रोड जन भंडार, 9546804050 • प्रियदर्शनी, 9304931996 **डुमरांव** गोला रोड श्री कृष्ण एंटरप्राइज, 8210062021 • हरि जी का हाता बेस्ट चॉइस, 8987167648 **गया** बागेश्वरी रोड शारदा लाइट हाउस, 7766911450 • जी.बी रोड पप्पू एंटरप्राइजेस, 9709692336 • नया गोदाम रोड गणपति फाइबर एंड स्टील स्टोर, 7004140166 • गोल पत्थर पप्पू ट्रेडिंग कंपनी, 9065555907 • सहुलिया टोला रोड एस.के ट्रेडिंग, 9430058939 • टावर चौक स्टील कॉर्नर, 9262869457 • श्री विनायक स्टोर, 9507140290 • ओम श्री वैष्णवी ट्रेडर्स, 8083798132 • वजीर अली रोड फैंसी स्टील सेंटर, 8092445100 **गोपालगंज** मेन रोड कुकर हाउस, 9934928022 • बंजाल स्वीट्स के पास स्नेहा ज्वेलर्स एंड क्रॉकरी स्टोर, 7488482704 • थाना रोड अलोक ट्रेडिंग, 9430230921 **हाजीपुर** शिव मंदिर के सामने श्री लक्ष्मी बर्तन भंडार, 9031599455 • थाना चौक माँ भवानी बर्तन भंडार, 7766883322 • सिनेमा रोड भागीरथी स्टील सेंटर, 9471916999 • गृह लक्ष्मी चूल्हा घर, 9835272103 • गुदरी रोड महावीर बर्तनालय, 9122974042 **हिलसा** हिलसा थाना रामेश्वर प्रसाद बर्तन दुकान, 9934067899 • मेन रोड सत्यम शिवम बर्तन दुकान, 6204516945 **जंदाहा** मीन चौक कृष्णा बर्तन स्टोर, 9229536275 **लालगंज** गांधी चौक जय माता दी बर्तनालय, 9708185706 **मैरवा** आदर्श नगर विनोदजी बर्तन दुकान, 7367930077 • नई बाजार श्री गोपाल बर्तन, 8431262284 • गुप्ता मेटल, 7763920230 **मढ़ौरा** मढ़ौरा सूर्य प्रेम ज्वेलर्स एंड बर्तन भंडार, 9122062616 **मसरख** मधुबन मॉल के पास राज बर्तन भंडार, 9934249501 **नगरनौसा** पोस्ट ऑफिस गली सनी बर्तन दुकान, 9122996713 **नवादा** प्रजातंत्र चौक कैलाश राम एंड संस, 6201557210 • स्टेशन रोड जेपी मेटल्स, 9334297200 • जय अंबे एंटरप्राइजेस, 9334032875 • माँ मंगला ट्रेडर्स, 9470027148 **ओबरा** सूर्य मंदिर जे.के. टाइम्स, 7367888445 **पालीगंज** पानी टंकी रोड आदित्य एंटरप्राइजेस, 8409743661 • पुरानी बाजार उजाला फर्नीचर, 7004749792 **पीरो** बिहिया रोड सोनू बर्तन दुकान, 9334294962 **सासाराम** चौखण्डी रोड न्यू जनता ग्लास स्टोर, 9631960996 • जानी बाजार प्रेम बर्तन भंडार, 8002247133 • जानी बाजार रोड अशोका स्टील, 9431028788 **शेखपुरा** परमेश्वर राम ऑफिस मिल के पास कृष्णा किचन, 9661816707 **सीवान** सुंदर बिस्किट स्टोर फैंसी बर्तन स्टोर, 9065561658 • कसेरा टोली शिव बर्तन भंडार, 7563837050 • सुधीर मेटल, 9135850371 • मुन्ना भाई बर्तनवाला, 9801950257 • प्रतीक ट्रेडर्स, 6340620124 • श्रीनाथ ज्योति सेल्स, 7764061047 **तेघरा** मेन रोड अंबिका बर्तन भंडार, 9570265777 **वारिसलीगंज** अंबेडकर नगर गली नित्यानंद प्रसाद बर्तन दुकान, 9931625268 **जिरादेई** बेचू बाजार अंजली ट्रेडर्स, 9060540097 **कमतौल** एसबीआई बैंक के पास डीप मेगा मार्ट, 7386971215 **शिवहर** मेन मार्केट प्रसाद एंटरप्राइजेस, 6205865050 *डीलर से नियम और शर्तों के बारे में पूछें • डीलरशिप संबंधी पूछताछ के लिए ✉ sales@hawkins.in • किसी भी सहायता के लिए संपर्क करें: ✆ (022) 2444 0807/9315852421/9051602141 ✉ ca@hawkins.in • अगर आप अपनी दुकान का नाम प्रदर्शित करवाना चाहते हैं: 9315852421 • किसी अन्य सहायता के लिए कॉल करें: 8873783632 • ऑनलाइन खरीदें बिना एक्सचेंज ऑफर www.buyhawkins.in पर

Hawkins

घर में खाना बनाना — स्वस्थ, किफ़ायती और समझदारी...

पटना, मंगलवार
13 अक्टूबर, 2026

नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

www.jagran.com



प्याज ने बढ़ाई महंगाई, सितंबर में 5.54% रही 11

भारत बिम्सटेक गृह मंत्रियों की पहली बैठक की मेजबानी करेगा : शाह 13

संपादकीय

भरोसे के संकट से जूझता विपक्ष: राजनीतिक दल यह समझें कि बगैर विश्वसनीयता के न तो आंदोलन लंबा खिंच सकता है और न ही राजनीति। **आशुतोष झा** का आलेख।

माता-पिता के रहते भी अनाथ होते बच्चे: इन दिनों पति और बच्चों के रहते कुछ महिलाओं का दूसरे पुरुष के साथ शादी करने के मामले बढ़ने लगे हैं। **क्षमा शर्मा** का दृष्टिकोण। • पेज 8

जमानत पर छूटे पोरेल ने ठोका शतक • पेज 12

केरलम कांग्रेस ने प्रधान न्यायाधीश का मांगा इस्तीफा

केरलम कांग्रेस ने एक्स पर किया पोस्ट, 'सूर्यकांत इस्तीफा दो, विकल्प खोज लेंगे'

- प्रधान न्यायाधीश ने ठुकरा दी थी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मुलाकात की मांग
- रिजीजू बोले, सभी संवैधानिक व लोकतांत्रिक ढांचों को ध्वस्त करना चाहती है कांग्रेस

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के नेताओं के सुप्रीम कोर्ट तक मार्च और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध याचिका दाखिला करने के बीच केरलम कांग्रेस ने प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत के इस्तीफे की मांग कर दी है। चुनाव आयोग के विरुद्ध विपक्षी दलों के आंदोलन के बीच ही राहुल गांधी ने प्रधान न्यायाधीश से मिलने की मांग की थी जिसे जस्टिस सूर्यकांत ने यह कहते हुए ठुकरा दी थी कि मामला सुनवाई पर है और इस बीच उनका मिलना सही नहीं होगा।

यह शक्तियों के बंटवारे का भी प्रश्न है। गौरतलब है कि सोमवार को ही केरलम विधानसभा ने ज्ञानेश कुमार को हटाए जाने का एक प्रस्ताव भी पारित किया जो अभूतपूर्व है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश के सभी संवैधानिक और लोकतांत्रिक ढांचे को ध्वस्त करना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट में जाकर दिखावा भी किया जा रहा है और उसे ही धमकाया भी जा रहा है।

विपक्षी नेताओं के सुप्रीम कोर्ट तक मार्च के विषय में पूछे जाने पर जस्टिस सूर्यकांत ने इसे कानून-व्यवस्था का मामला बताया था और कहा कि यह कोर्ट की परिधि में नहीं आता। इसी बात से बिफरी केरलम कांग्रेस ने कहा, "प्रिय सूर्यकांत, अगर कानून-व्यवस्था आपकी परिधि में नहीं आती है तो इस्तीफा दे दो, हम आपका विकल्प ढूंढ लेंगे।" देर शाम तक कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से इस पर कोई सफाई नहीं आई, हालांकि केरलम कांग्रेस ने यह पोस्ट चुपके से हटा ली। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि देश को अराजकता की आग में झोंकने के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक गिरने को तैयार है। सुप्रीम कोर्ट में जिस प्रकार का अशोभनीय दृश्य दिखाया गया, इसकी भारत के इतिहास में कोई मिसाल नहीं है। केरलम की कांग्रेस-मुस्लिम लीग सरकार ने प्रधान न्यायाधीश को 'डियर सूर्यकांत' जैसे शब्दों से संबोधित किया और इस्तीफा देने की बात कही। रिजीजू ने इसे सीधे तौर पर सुप्रीम कोर्ट और प्रधान न्यायाधीश की संवैधानिक स्वायत्तता पर हमला करार दिया।

प्रधान न्यायाधीश ने राहुल गांधी के पत्र के जवाब में स्पष्ट कहा था कि वह चाहें तो मुद्दे पर अपनी याचिका दाखिल कर दें। मंगलवार को इस मुद्दे पर सुनवाई होनी है। संदेश स्पष्ट था कि कोर्ट तक आने की जरूरत नहीं है।

अब जंतर-मंतर पर कोई नहीं कर सकेगा धरना-प्रदर्शन

नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस ने एक बड़े नीतिगत फैसले के तहत जंतर-मंतर पर स्थायी रूप से धरना-प्रदर्शन करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। अब आंदोलनकारियों के लिए दिल्ली में तीन नए ठिकाने (रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली का सीबीडी मैदान) तय किए गए हैं। विस्तृत खबर >> पेज 13

सुप्रीम कोर्ट को इस तरह के मामलों में नहीं घसीटा जाना चाहिए : सीजेआइ सूर्यकांत

नई दिल्ली: मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के बीच कांग्रेस के सुप्रीम कोर्ट जाने और सीजेआइ से मिलने के लिए चिट्ठी लिखे जाने पर सोमवार को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को ऐसे मामलों में नहीं घसीटा जाना चाहिए। विस्तृत खबर >> पेज 13

चाहे साल भर चले, ज्ञानेश कुमार को हटाने तक रुकने वाला नहीं है यह आंदोलन : राहुल गांधी

- कांग्रेस नेता ने सुप्रीम कोर्ट मार्च को बताया शिव की बरात
- दावा-200 सरकारी अधिकारी उन्हें दे रहे पूरी जानकारी

सुप्रीम कोर्ट मार्च में शामिल राहुल गांधी, तेजस्वी यादव व अन्य • एएनआइ

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : कथित वोट चोरी, मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोले बैठे लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एलान किया है कि अब यह आंदोलन रुकने वाला नहीं चाहे दिन-महीने या साल लगें। इसी के साथ यह सनसनीखेज दावा भी किया कि सरकार के 200 से अधिक बड़े अधिकारी उनके संपर्क में हैं और उन्हें सीबीआइ, ईडी से लेकर हर जगह से जानकारी दे रहे हैं। हालांकि उन्होंने नाम नहीं बताए।

मार्च से पहले पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेता ने विपक्षी नेताओं के सुप्रीम कोर्ट मार्च को शिव बरात की संज्ञा दी। सभी देशवासियों से इसमें शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि कोई सीधे शामिल नहीं हो सकता तो वह जहां भी जिस रूप में हो, अपनी आवाज उठाए, क्योंकि यह संविधान की रक्षा की लड़ाई है। सुप्रीम कोर्ट जाने के विपक्ष के कदम के संदर्भ में कांग्रेस नेता ने कहा कि वोट चोरी के जरिए देश के लोकतंत्र के साथ जो गलत हो रहा है, उसको बताएंगे और हम ऐसा होने नहीं देंगे। दिल्ली को एक किला बना दिया गया है और 30 हजार पुलिसकर्मी तैनात हैं। लेकिन विपक्ष की रणनीति दूसरी है और हम देश को यह दिखाना चाहते हैं कि दिल्ली की किलेबंदी कर मुख्य चुनाव आयुक्त को प्रधानमंत्री बचाने का प्रयास कर रहे हैं। पूरे शहर को सिर्फ इसलिए बंद कर रहे क्योंकि विपक्ष और युवा चुनावों में धांधली को लेकर सवाल पूछ रहे हैं, मगर इस किलेबंदी से जनता की आवाज को नहीं दबाया जा सकता। संबंधित खबर >> पेज 13

सीएम ने बाढ़ प्रभावित 1,60,201 परिवारों के खातों में 112.14 करोड़ रुपये भेजे

- 14 अक्टूबर को फसल क्षति के लिए किसानों को मिलेगा कृषि इनपुट अनुदान
- अब तक 10 लाख 37 हजार 391 बाढ़ पीड़ित परिवारों के खाते में 726.17 करोड़ भेजे गए
- सहायता से वंचित रह गए बाढ़ पीड़ित परिवारों को जिलाधिकारी शीघ्र कराएं चिह्नित

बाढ़ प्रभावित परिवारों के खातों में राशि भेजते सीएम सम्राट चौधरी • आइपीआरडी

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : बिहार के बाढ़ प्रभावित एक लाख 60 हजार 201 परिवारों के बैंक खातों में सात-सात हजार रुपये की दर से सोमवार को डीबीटी के माध्यम से 112.14 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रिमोट दबाकर राशि भेजी। प्रथम चरण में 15 सितंबर को आठ लाख 77 हजार 190 परिवारों के बैंक खातों में सात-सात हजार रुपये प्रति परिवार की दर से 614.03 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई थी। अब तक कुल 10 लाख 37 हजार 391 बाढ़ पीड़ित परिवारों के खाते में 726.17 करोड़ रुपये अंतरित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दौरान संबंधित विभाग के लोगों एवं प्रशासन के द्वारा राहत एवं बचाव कार्य को बेहतर ढंग से किया गया। सभी जिलाधिकारी सुनिश्चित करें कि राहत सहायता से जो परिवार वंचित रह गए हैं उन पात्र परिवारों को भी चिह्नित कर इस प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाए, ताकि कोई पात्र परिवार सरकारी सहायता से वंचित न रहे। अब बाढ़ प्रभावित किसानों को फसल क्षति हेतु कृषि इनपुट अनुदान की राशि 14 अक्टूबर को, दशहरा से पहले, उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं की मरम्मती एवं पुनर्स्थापन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसे दीपावली से पहले पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि आम लोगों को आवागमन एवं दैनिक गतिविधियों में परेशानी न हो। उप मुख्यमंत्री द्वय विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव, आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा के अतिरिक्त शासन के शीर्ष अधिकारी एवं वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी डीएम उपस्थित थे।

बीपीएससी की 72वीं प्रारंभिक परीक्षा स्थगित

जागरण संवाददाता, पटना : बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 72वीं प्रारंभिक परीक्षा स्थगित कर दी गई। इसका आयोजन 25 अक्टूबर को होना था। इस संबंध में आयोग ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। बीपीएससी ने अपरिहार्य कारणों का हवाला देकर परीक्षा की नई तिथि की घोषणा बाद में किए जाने की जानकारी दी। 1,187 पदों के लिए दूसरी बार परीक्षा स्थगित की गई। इससे पहले यह परीक्षा 26 जुलाई को आयोजित कराई जानी थी।

बिहार एसआइआर पर सुनवाई के दौरान नहीं किया था नए फार्म-6 पर कोई फैसला : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, प्रेट्र : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि उसने न तो नए फार्म-6 को स्वीकृति दी है और न ही उसे अस्वीकृत किया है। शीर्ष अदालत कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान इस मुद्दे पर फैसला नहीं किया गया था।

फार्म-6 के जरिये पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए आवेदन करता है। नए फार्म में उसे यह भी बताना होता है कि पिछले एसआइआर में उसका या उसके माता-पिता का नाम मतदाता सूची में था अथवा नहीं।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने एसआइआर से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि चुनाव आयोग ने कहा था कि फार्म-6 को शीर्ष अदालत ने स्वीकृति दी है। जबकि शीर्ष अदालत ने पांच अक्टूबर को स्पष्ट किया था कि उसने फार्म-6 में किसी बदलाव को स्वीकृति नहीं दी है।

चुनाव आयोग विभिन्न राज्यों में एसआइआर के दौरान इसी फार्म का इस्तेमाल कर रहा है। जस्टिस बागची ने कहा, 'नए फार्म-6 पर कोई न्यायिक निर्णय नहीं हुआ है। हमने बस इतना ही कहा है।'

मिनी ने 250 महिलाओं को कार्य दे दिखाई आत्मनिर्भरता की राह

लुधियाना: महिलाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और बेहतर कार्यस्थल देकर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और गरीबी से बाहर निकालने में जुटी हैं लुधियाना की मिनी। • पेज 13

सप्तरंग — अंतस और अध्यात्म का • पेज 10

आर्थिकी को उबारने का सूत्र देने वाले दो अर्थशास्त्रियों को नोबेल

रार्बट ई हाल व माइकल वुडफोर्ड • एएफपी

जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली: अमेरिकी अर्थशास्त्री रार्बट ई हाल और माइकल वुडफोर्ड को इस साल के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने ऐसे माडल विकसित किए हैं, जिनसे सरकारों और केंद्रीय बैंकों को ऊर्जा संकट तथा महंगाई जैसे आर्थिक झटकों से निपटने में मदद मिली है। इन माडलों का इस्तेमाल दुनिया भर की सरकारें और केंद्रीय बैंक करते हैं। रायल स्वीडिश विज्ञान अकादमी ने सोमवार को स्टाकहोम में विजेताओं के नाम का एलान किया। अर्थशास्त्र के लिए पुरस्कार की घोषणा के साथ ही इस साल नोबेल पुरस्कारों की घोषणा पूरी हो गई। 1.20 करोड़ स्वीडिश क्राउन (12 लाख डालर) की पुरस्कार राशि दोनों अर्थशास्त्रियों में बराबर बांटी जाएगी। रार्बट अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और वुडफोर्ड कोलंबिया यूनिवर्सिटी से जुड़े हैं।

फीडर सोलराइजेशन में बिहार पूर्वी भारत का अग्रणी राज्य बना

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना: प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के तहत फीडर-लेवल सोलराइजेशन के क्षेत्र में बिहार ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राज्य में अब तक कुल 36.261 मेगावाट क्षमता के 13 सौर ऊर्जा संयंत्रों को पावर सब-स्टेशनों से सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइज किया जा चुका है। इन संयंत्रों से जुड़े कृषि फीडरों के माध्यम से कुल 9,449 किसानों को लाभ मिल रहा है। इस उपलब्धि के साथ बिहार फीडर-लेवल सोलराइजेशन के क्षेत्र में पूर्वी भारत का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है।

फीडर-लेवल सोलराइजेशन के तेजी से विस्तार में केंद्र और राज्य सरकार की सब्सिडी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस योजना के तहत प्रति मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र की

प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना के तहत फीडर-लेवल सोलराइजेशन के क्षेत्र में बिहार की महत्वपूर्ण उपलब्धि

स्थापना पर केंद्र सरकार से 1.5 करोड़ रुपये और राज्य सरकार से 45 लाख रुपये की सब्सिडी मिल रही है। इस प्रकार कुल 1.5 करोड़ रुपये की सब्सिडी उपलब्ध होने से सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना को प्रोत्साहन मिल रहा है। इससे राज्य में फीडर-लेवल सोलराइजेशन के कार्य में तेजी आई है। इसी क्रम में सोमवार को बांका जिले के शंभूगंज पावर सब-स्टेशन से 5.155 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र को सफलतापूर्वक ग्रिड से सिंक्रोनाइज कर चालू किया गया। इस संयंत्र से शंभूगंज पावर सब-स्टेशन से जुड़े 2,007 किसानों को हरित ऊर्जा का लाभ मिलेगा।

फीडर-लेवल सोलराइजेशन के माध्यम से कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है। इससे बिजली आपूर्ति में नवीकरणीय ऊर्जा की भागीदारी बढ़ाने, पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने और कृषि फीडरों के लिए बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। यह पहल राज्य में स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार के साथ-साथ किसानों तक हरित ऊर्जा का लाभ पहुंचाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है।

ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा कि बिहार में किसानों को सस्ती, सुलभ और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है।

साइबर हैकाथान शुरू, विजेता को मिलेंगे डेढ़ लाख रुपये

26 तक होगा आनलाइन निबंधन, 28 नवंबर को होगी विजेताओं की घोषणा

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : साइबर अपराध पर लगाम लगाने और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बिहार पुलिस की साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई (सीसीएसयू) ने आनलाइन साइबर हैकाथान-2026 की शुरुआत की है। एसटीएफ के डीजी कुंदन कृष्णन ने सोमवार को इसका उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में कालेज के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे और साइबर अपराध से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए तकनीकी माडल विकसित करेंगे।

हैकाथान की आधिकारिक वेबसाइट (https://cyberhackathon.bihar.gov.in) की लांचिंग के साथ ही इस पर प्रतिभागियों का निबंधन शुरू हो गया है। निबंधन और विकसित समाधान जमा करने की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर है। सी-डैक और आइआइटी के विशेषज्ञ 20 नवंबर तक प्राप्त समाधानों की स्क्रीनिंग करेंगे। इसके बाद 28 नवंबर को विजेताओं की घोषणा की जाएगी।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में डेढ़ लाख, द्वितीय पुरस्कार के रूप में एक लाख और तृतीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। कार्यक्रम में सीसीएसयू के आइजी रंजीत कुमार मिश्र, डीआइजी आकाश कुमार, साइबर एसपी चन्द्र प्रकाश और सी-डैक पटना के निदेशक अभिनव दीक्षित सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। प्रतियोगिता के लिए पांच समस्या आधारित विषय निर्धारित किए गए हैं। इनमें वित्तीय धोखाधड़ी में इस्तेमाल होने वाले म्यूल खातों की पहचान, एआइ की मदद से एंड्रायड एप की सुरक्षा जांच, इंटरनेट मीडिया पर सुनियोजित दुष्प्रचार की पहचान, जन शिकायतों के विश्लेषण एवं निपटारे की निगरानी और डिजिटल साक्ष्यों की प्रामाणिकता की जांच शामिल हैं।

एसआइआर की प्रक्रिया मतदाता सूची का शुद्धिकरण: मिथिलेश

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना: शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने सोमवार को कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) लोकतंत्र को मजबूत करने और मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की आवश्यक प्रक्रिया है। मतदाता सूची में मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरे पंजीकरण वाले मतदाताओं की पहचान करना तथा छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम जोड़ना देशहित और निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी है। एसआइआर से जुड़े आंकड़ों का हवाला देते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि देश के लगभग 95 करोड़ मतदाताओं में से 82 करोड़ यानी करीब 88 फीसदी मतदाताओं ने गणना प्रपत्र भरकर अपनी जानकारी दर्ज कराई।

मिथिलेश तिवारी

नर्स भर्ती मामले में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को राहत

विधि संवाददाता, जागरण • पटना: पटना हाईकोर्ट ने बिहार तकनीकी सेवा आयोग (बीटीएससी) को स्टाफ नर्स भर्ती में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए 13 जून, 2025 तक जारी जाति, नान-क्रीमी लेयर (एनसीएलसी) और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के प्रमाण-पत्रों को मान्य करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि तक प्रमाण-पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित आरक्षित श्रेणी में ही रखते हुए परिणाम प्रकाशित किया जाए। न्यायाधीश पार्थ सारथी की एकलपीठ ने शाहिद अख्तर सहित 11 अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया।

क्या है मामला : बीटीएससी ने स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्स के 11,389 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन संख्या 23/2025 जारी

किया था। आवेदन की अंतिम तिथि पहले 23 मई, 2025 थी। बिहार नर्सिंग कैडर नियमावली, 2024 के तहत बिहार के बाहर से जीएनएम करने वाले अभ्यर्थियों के लिए भारतीय नर्सिंग परिषद से उपयुक्तता प्रमाण-पत्र अनिवार्य किया गया था। इस शर्त को चुनौती देने पर हाईकोर्ट ने 16 मई, 2025 को अंतरिम आदेश देते हुए संबंधित प्रमाण-पत्र और बिहार नर्सिंग काउंसिल में पंजीकरण के बिना आवेदन करने की अनुमति दी थी। इसके बाद आयोग ने आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 13 जून, 2025 कर दी।

थीसिस अपलोड किए बिना शोधार्थी को नहीं मिलेगी पीएचडी की उपाधि

राज्यपाल सचिवालय ने पोर्टल पर शोध प्रबंध अपलोड किए जाने की मांगी रिपोर्ट

दिशा-निर्देश

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : शोध गंगा पोर्टल पर विश्वविद्यालयों के द्वारा पीएचडी की डिग्री प्रदान करने से पहले शोध प्रबंध की थीसिस की साफ्ट कापी अपलोड करना अनिवार्य है। इस पोर्टल पर रिसर्च थीसिस अपलोड किए बिना किसी भी शोधार्थी को पीएचडी की उपाधि नहीं मिल सकेगी। इस मामले में राज्यपाल एवं कुलाधिपति सचिवालय ने कुलपतियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया है। साथ ही, सचिवालय प्रशासन ने पोर्टल पर अपलोड किए गए पीएचडी थीसिस के बारे में रिपोर्ट देने को कहा है। निर्देश में स्पष्ट है कि पीएचडी मौखिक परीक्षा संपन्न होने के हफ्ते भर के अंदर शोधार्थी के शोधप्रबंध पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

दरअसल विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने पहले से पीएचडी के शोध कार्य में नकल पर

नकेल कसने के उद्देश्य से शोध गंगा पोर्टल पर रिसर्च थीसिस को अपलोड करना अनिवार्य कर दिया है। लेकिन, इस मामले में राज्य के विश्वविद्यालयों द्वारा बरती जा रही लापरवाही पर राज्यपाल एवं कुलाधिपति सचिवालय ने नाराजगी व्यक्त की है।

अब तक राज्य के विश्वविद्यालयों में पहले कर चुके 20,152 पीएचडी धारकों की थीसिस को पोर्टल पर आनलाइन किया है। जबकि करीब पचास हजार पीएचडी धारकों की थीसिस पोर्टल पर अपलोड कार्य पूरा करना है। बता दें कि पिछले माह बिहार लोक भवन में कुलपतियों की बैठक में पोर्टल पर शोध प्रबंध अपलोड करने की सुस्ती को गंभीरता से लेते हुए राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को थीसिस को पोर्टल पर अपलोड करने में तेजी लाने को कहा था। राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा सभी विश्वविद्यालयों को यह निर्देश भी दिया गया था कि वे जल्द से जल्द लंबित थीसिस को पोर्टल पर अपलोड करें ताकि शोध में पारदर्शिता बनी रहे। इसका मुख्य उद्देश्य शोध की गुणवत्ता बढ़ाना, साहित्यिक चोरी रोकना और शोध को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुलभ बनाना है, लेकिन, मगध विश्वविद्यालय, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, बीएन मंडल विश्वविद्यालय, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय, पूर्णिया विश्वविद्यालय, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय समेत अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा पोर्टल पर थीसिस को अपलोड करने में लापरवाही बरती जा रही है।

शोध गंगा पोर्टल

राज्यपाल सचिवालय के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार के तहत शोध गंगा पोर्टल संचालित है जो एक नेशनल डिजिटल रिपाजिटरी है। इस पोर्टल पर विभिन्न विश्वविद्यालयों में जमा पीएचडी थीसिस डिजिटल रूप में सुरक्षित रखे जाते हैं। इसका उद्देश्य शोध कार्यों को व्यापक स्तर पर उपलब्ध कराना, अकादमिक पारदर्शिता बढ़ाना और एक ही विषय पर अनावश्यक दोहराव को रोकना है। पोर्टल पर अपलोड होने के बाद शोधार्थियों के कार्य देश-विदेश के शोधकर्ताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए संदर्भ सामग्री के रूप में उपलब्ध होते हैं। यूजीसी शोध कार्यों की डिजिटल उपलब्धता और अभिलेखीकरण को गंभीरता से देखता है और बढ़ावा देने पर जोर देता है।

सामाजिक न्याय के प्रखर पुरोधा थे डा. लोहिया : नीतीश

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : समाजवादी चिंतक डा. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर जदयू प्रदेश कार्यालय में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार इस मौके पर विशेष रूप से मौजूद थे। इस मौके पर नीतीश कुमार ने कहा कि डा. लोहिया सामाजिक न्याय व समानता के प्रखर पुरोधा थे। उनके विचारों, सिद्धांतों और सामाजिक न्याय के प्रति उनके आजीवन संघर्ष का स्मरण किया गया।

नीतीश ने कहा कि डा. राम मनोहर लोहिया ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक विषमता, अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समानता, सामाजिक न्याय तथा जनकल्याण पर आधारित समाज की स्थापना के लिए समर्पित किया। उनकी समाजवादी विचारधारा ने राजनीति को समाज के वंचित, उपेक्षित और कमजोर वर्गों के अधिकारों से जोड़ने का काम किया। वे ऐसी व्यवस्था के पक्षधर थे, जिसमें सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को दूर कर प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने के समान अवसर प्राप्त हों।

डा. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर पटना के कंकड़बाग स्थित लोहिया पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी एवं बिजेंद्र प्रसाद यादव, मंत्री श्रवण कुमार, राम कृपाल यादव व अन्य मौजूद रहे। • सौ. आइपीआरडी

मुख्यमंत्री ने राम मनोहर लोहिया को दी श्रद्धांजलि

जागरण संवाददाता, पटना : डा. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कंकड़बाग स्थित लोहिया पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती-पूजन, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन किया गया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी आदि मौजूद रहे।

क्विज संख्या : 29

1.भारत के वायुसेना प्रमुख का नाम क्या है?
(क) उपेन्द्र द्विवेदी (ख) ए पी सिंह (ग) नीलकांत बक्षी
(घ) जयराज मलिक

2.महिला चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?
(क) झेंग क्विनवेन (ख) मीरा आंद्रिवा (ग) मिशेल कीन
(घ) जौएल शीन

3.त्योहारी सेल के पहले दो दिन में ई-कामर्स कंपनियों ने कितने हजार करोड़ का सामान बेचा?
(क) 32 (ख) 29 (ग) 24 (घ) 21

क्विज संख्या 27 के विजेताओं के नाम

अभिनव	*****12286	दक्षिण-पश्चिम दिल्ली	अंशुमा	*****63288	पानीपत
			राहुल	*****93923	देहरादून
अनिता	*****45174	बकवाद	आशीष	*****62589	पटना
खुशी	*****88844	अंबाला	अंजलि	*****95969	जालंधर
स्मिता	*****61708	इंदौर	अजीत	*****49434	हाजीपुर
सुनीता	*****50673	वाराणसी	परमजीत	*****76874	होशियारपुर
असम वीर	*****82816	मेरठ	सुनीता	*****64856	दरभंगा
अमित	*****33940	जामताड़ा	कुसुम	*****62226	जनकीपुर
अनिल	*****11663	मुजफ्फरपुर	तनु	*****17546	पटना
मीनाक्षी	*****87394	गुरुग्राम	करिश्मा	*****13372	हल्द्वानी
सीमा	*****07292	गोरखपुर	संजीत	*****08958	जमशेदपुर
परिणीता	*****69960	लखनऊ	उमाकांत	*****20210	ग्वालियर
पुनीत	*****38892	गाजियाबाद	पूजा	*****91416	जबलपुर
अरुण	*****37774	कोटद्वार	गीता	*****82198	देहरादून
गौरव	*****95196	अमृतसर	बसंत	*****73268	मोहाली
मनीष	*****06864	कानपुर			

आज के सवालों के जवाब देने के लिए स्कैन करें

क्विज संख्या 28 के उत्तर: 1 (क) 2 (ग) 3 (ग)

पढ़ते रहिए दैनिक जागरण

क्विज खेलने के लिए निःशुल्क एप्प डाउनलोड करना अनिवार्य

सोनपुर और अजगैबीनाथ एयरपोर्ट के लिए जमीन जुटाने में रिकार्ड की भी होगी जांच

- सोनपुर और अजगैबीनाथ परियोजना के लिए दो सलाहकार एजेंसियां होंगी तैनात
- सरकार जमीन के कागजात और रैयतों के अधिकार की पड़ताल भी कराएगी
- दोनों परियोजनाओं में समानांतर काम आगे बढ़ाने के साथ प्रदर्शन की तुलना भी की जाएगी

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : राज्य में प्रस्तावित सोनपुर और अजगैबीनाथ ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के लिए जमीन जुटाने की प्रक्रिया में सिर्फ जमीन की उपलब्धता ही नहीं, बल्कि उसके रिकार्ड और मालिकाना हक की भी बारीकी से जांच होगी। दोनों परियोजनाओं के लिए, जमीन के जमाबंदी रिकार्ड को डिजिटल रिकार्ड से मिलाया जाएगा। मैनुअल और डिजिटल रिकार्ड में अंतर मिलने पर परिमार्जन के माध्यम से उसे ठीक कराया जाएगा।

सिविल विमानन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, परियोजना के लिए तैयार दस्तावेज के मुताबिक सोनपुर और अजगैबीनाथ दोनों पैकेजों में जमाबंदी का बिहार भूमि पोर्टल पर डिजिटलीकरण हो चुका है। हालांकि जहां मैनुअल और डिजिटल रिकार्ड में अंतर है, उसे दूर करना होगा। इसके अलावा नदी वाले क्षेत्रों में जमीन की स्थिति की भी पुष्टि की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने दोनों परियोजनाओं के आकार, अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्र और एक साथ चलने वाली समय-सीमा को देखते हुए दो अलग-अलग सलाहकार एजेंसी नियुक्त करने का निर्णय लिया है। एक सलाहकार एजेंसी सोनपुर पैकेज और दूसरी अजगैबीनाथ परियोजना पैकेज को देखेगी।

दोनों के पास अलग और पूर्णकालिक टीम होगी। इससे दोनों परियोजनाओं में समानांतर काम आगे बढ़ाने के साथ प्रदर्शन की तुलना भी की जा सकेगी। जमीन की खरीद और सत्यापन में बिहार के राजस्व कानूनों का पालन करना होगा। इसमें बिहार टेनेंसी एक्ट, 1885 और बिहार भूमि सुधार अधिनियम, 1950 प्रमुख हैं। खास तौर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के रैयतों की जमीन के हस्तांतरण से जुड़े प्रावधानों की जांच जरूरी होगी। कुछ मामलों में जमीन हस्तांतरण के लिए कलेक्टर या निर्धारित प्राधिकारी की पूर्व अनुमति भी आवश्यक हो सकती है।

जमीन खरीद में मालिकाना हक की जांच जरूरी

जमीन खरीदने से पहले रैयत के अधिकार और जमीन के इतिहास की जांच होगी। बिहार टेनेंसी एक्ट के तहत कुछ श्रेणी के रैयतों की जमीन के हस्तांतरण पर प्रतिबंध या पूर्व अनुमति का प्रावधान है। वहीं बिहार भूमि सुधार कानून के तहत जमीन के राज्य में निहित होने, बकास्त भूमि और पुराने बंदोबस्त से जुड़े रिकार्ड भी देखे जा सकते हैं। यानी एयरपोर्ट के लिए जमीन जुटाने में सिर्फ रजिस्ट्री नहीं, बल्कि जमीन की पूरी टाइटल हिस्ट्री की जांच अहम होगी।

सारण शिक्षक सीट से बागी उम्मीदवार रालोमो से निलंबित

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने बिहार विधान परिषद चुनाव में सारण शिक्षक सीट से बागी उम्मीदवार राम पुकार सिन्हा को पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया है। उनके निर्देश पर रालोमो के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत पंकज ने सोमवार को निलंबन संबंधी आदेश जारी किया। निलंबन आदेश में कहा गया है कि राम पुकार सिन्हा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। यह पार्टी के अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। इससे पार्टी की छवि खराब हुई है। पार्टी ने इसे गंभीरता से लिया है। इसलिए, उन्हें पार्टी से छह साल के लिए निलंबित किया जाता है। बता दें कि रालोमो के विधायक आलोक सिंह (प्रदेश अध्यक्ष), आनंद माधव और रामेश्वर महतो के समर्थन से राम पुकार सिन्हा चुनाव लड़ रहे हैं और उनके नामांकन के दौरान भी ये सभी विधायक मौजूद थे।

इतिहास और भूगोल विषयों में सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति प्रक्रिया का रास्ता हुआ साफ

विधि संवाददाता, जागरण • पटना: बिहार के विश्वविद्यालयों में इतिहास और भूगोल विषयों में सहायक प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। मुख्य न्यायाधीश बी. कामेश्वर राव और न्यायाधीश हरीश कुमार की खंडपीठ ने 20 फरवरी 2025 के एकलपीठ के आदेश को रद करते हुए 26 रिट याचिकाओं को पुनर्जीवित कर दिया है। इस फैसले से बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (बीएसयूएससी) द्वारा जारी 2020 की विज्ञापन प्रक्रिया को बिना किसी अनिश्चितता के आगे बढ़ाने और नियमानुसार नियुक्तियां पूरी करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

क्या है मामला : बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों में इतिहास, भूगोल समेत अन्य विषयों में सहायक प्रोफेसरों के पदों पर भर्ती के लिए 21 सितंबर, 2020 को विज्ञापन निकाला गया था। हालांकि, दस्तावेज सत्यापन, श्रेणी-वार कट-आफ और अभ्यर्थियों की पात्रता को लेकर उत्पन्न कानूनी अड़चनों के कारण प्रक्रिया लंबी खींच गई। 20 फरवरी, 2025 को एकलपीठ ने आयोग को निर्देश दिया था कि वह अंतरिम रूप से याचिकाकर्ताओं को साक्षात्कार में शामिल करे। इसके खिलाफ बीएसयूएससी ने लेटर्स पेटेंट अपील दायर की थी। आयोग की दलील थी कि बिना किसी उम्मीदवार की पात्रता का सही से निर्धारण किए और बिना अपना पक्ष (जवाबी हलफनामा) रखे साक्षात्कार का निर्देश देने से पूरी चयन प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। अपील की सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने माना कि आयोग को प्रत्येक उम्मीदवार की पात्रता पर अपना पक्ष रखने का पर्याप्त मौका मिलना चाहिए, ताकि कानूनी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। अदालत ने आयोग को तीन सप्ताह के भीतर अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने और उसके बाद अभ्यर्थियों को 1 सप्ताह में प्रत्युत्तर देने का समय दिया है। इससे कानूनी अड़चनें तय समय में समाप्त होंगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सहायक प्रोफेसरों के पदों पर की जाने वाली नियुक्तियां याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगी।

विस की 30 सीटों पर विजेताओं के वोटों की संख्या रही मिलती-जुलती

विकास चन्द्र पाण्डेय • जागरण

पटना : सुधार की प्रक्रिया अगर पारदर्शिता के साथ हो तो विवाद और आरोप की गुंजाइश कम होती है। इस पर निर्वाचन आयोग अब अमल कर रहा, लेकिन मतदाता-सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के दौरान उसने विरोधी बातों की तनिक कम परवाह की। इस बहाने महागठबंधन ने फिर बखेड़ा खड़ा कर दिया है। एसआइआर को षड्यंत्र बताने के तर्क में विस चुनाव के परिणाम की बखिया उधेड़ी जा रही। विशेषकर उन 30 विधानसभा क्षेत्रों का उल्लेख हो रहा, जहां विजेताओं को लगभग मिलती-जुलती संख्या में वोट मिले। ये सभी सीटें एनडीए के खाते की हैं।

विधानसभा की कई सीटों पर जीत-हार का अंतर बहुत कम रहा। महागठबंधन का आरोप है कि पोस्टल बैलेट में रद-ओ-बदल से भी परिणाम प्रभावित हुआ। इसके साथ मतदान के आंकड़ों में गड़बड़झाला का आरोप है। हालांकि, इसका कोई साक्ष्य नहीं दिया जा रहा। अलबत्ता राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव एक बार फिर उन पुराने आड़ियो-वीडियो को साझा करने लगे हैं, जिनके जरिये एसआइआर के दौरान वे निर्वाचन आयोग पर संदेह जता चुके हैं। दरअसल, 20 सीटों पर विजेताओं को मिले मतों में शून्य से 9 वोटों का अंतर रहा। उनमें से 14 सीटें भाजपा ने, पांच जदयू ने और एक लोजपा(रा) ने जीती। [illegible] की एकरूपता और इतने कम कम मतों का अंतर संदेह का आधार बन गया है। राजद के प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन का कहना है कि जिन सीटों पर जीत-हार का अंतर बहुत कम था, वहां मतदाता-सूची से असामान्य रूप से बड़ी संख्या में [illegible] हटाए गए थे। इससे वोटिंग का आम पैटर्न बदल गया। इसके अलावा कड़े मुकाबले वाली सीटों पर पोस्टल बैलेट में बदलाव कर जीत-हार की स्थिति बदली गई। उदाहरण के लिए बाराचट्टी और इमामगंज हैं, जहां विजेता और निकटतम प्रतिद्वंद्वी के बीच पोस्टल बैलेट के मतों का अंतर बहुत कम रहा।

21 भाजपा ने, आठ जदयू ने और एक लोजपा ने जीती लगभग बराबर वोटों वाली सीटों में से

कई सीटों पर जीत-हार का अंतर बहुत कम रहा, महागठबंधन का आरोप, पोस्टल बैलेट में रद-ओ-बदल से भी परिणाम प्रभावित हुआ

तीन मुख्य आरोप

- कड़े मुकाबले वाली सीटों से अधिक नाम हटाए गए
- मतदान के आंकड़े बढ़ाए गए
- पोस्टल बैलेट में बदलाव किया गया

फैटम वोटों ने बदला परिणाम : विस चुनाव में दूसरे चरण के मतदान की समाप्ति के बाद निर्वाचन आयोग ने कुल मतदान में 0.18% वृद्धि की घोषणा की। इस फार्मूले से 1,34,145 वोट और जुड़ गए। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया संयोजक अभिनव तिवारी इसे फैंटम वोट (अस्तित्वहीन वोट) बताते हैं। कहते हैं कि फैंटम वोटों ने बहुत कम अंतर वाली सीटों के परिणाम बदल दिए।

लगभग बराबर वोट वाली विस सीटों की जोड़ियां

क्षेत्र (विजेता)	प्राप्त वोट/ क्षेत्र (विजेता)	प्राप्त वोट	अंतर
कुढ़नी (भाजपा)	107811/ राजगीर (जदयू)	107811	0
कुम्हरार (भाजपा)	100485/ इस्लामपुर (जदयू)	100487	2
शाहपुर (भाजपा)	88655/ बरौली (जदयू)	88657	2
छातापुर (भाजपा)	122491/ बनमनखी (भाजपा)	122494	3
तरारी (भाजपा)	96887/ गोपालगंज (भाजपा)	96892	5
कल्याणपुर/रुन्नीसैदपुर (जदयू)	93672/ फुलपरास (जदयू)	93677	5
पातेपुर (भाजपा)	108356/ राजनगर (भाजपा)	108362	6
मुजफ्फरपुर (भाजपा)	100477/ कुम्हरार (भाजपा)	100485	8
बरुराज (भाजपा)	96879/ तरारी (भाजपा)	96887	8
चेनारी (लोजपा-रा)	95579/ गया (भाजपा)	95588	9

भाजपा इन 10 विस सीटों पर : छातापुर और तरारी (1,22,491 बनाम 1,22,480) के बीच मात्र 11 वोटों का अंतर रहा। अलीनगर और बक्सर (84,915 बनाम 84,901) में अंतर मात्र 14 वोटों का था। वैशाली (जदयू) और राजनगर (भाजपा) के बीच 15 वोटों का अंतर था (1,08,377 बनाम 1,08,362)। बरुराज और हरसिद्धि (96,879 बनाम 96,864) के बीच 15 वोटों का अंतर था। अलौली और नोखा में भी 15 वोटों का अंतर रहा। इन 10 सीटों में से सात पर भाजपा और तीन पर जदयू को जीत मिली।

RKTV

पटना, मंगलवार
13 अक्टूबर, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

www.jagran.com
बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

सितंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 31 प्रतिशत बढ़ा 11
लोग कहते हैं बुढऊ, इसलिए कम कर रहा हूं पोस्ट : अमिताभ बच्चन 13

पीएमसीएच में 536 बेड बढ़े, अब एक साथ 2,500 का होगा इलाज

मुख्यमंत्री ने किया आठ मंजिला टावर-3 का उद्घाटन

- पंजीयन के लिए 13 स्वचालित काउंटर, 20 बेड का पीकू और 22 माड्यूलर ओटी की सुविधा
- चिकित्सकों, उपकरणों और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी दिया निर्देश

बढ़ी सुविधाएं

जागरण संवाददाता, पटना : पीएमसीएच में मरीजों को भर्ती करने की क्षमता बढ़ने के साथ उपचार की नई सुविधाएं भी उपलब्ध हो गई हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को पुनर्विकास योजना के पहले चरण में नवनिर्मित जी प्लस आठ मंजिला टावर-3 का उद्घाटन किया। इससे अस्पताल में 536 बेड बढ़ गए हैं। अब यहां एक साथ 2,500 मरीजों को भर्ती कर उपचार किया जा सकेगा। नए भवन में गंभीर बच्चों के लिए 20 बेड का पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीकू), 22 माड्यूलर आपरेशन थिएटर, स्त्री एवं प्रसूति रोग आइसीयू, प्रसवोत्तर वार्ड तथा पैथोलाजी और रेडियोलाजी की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बेड बढ़ने के साथ उपचार की गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो। इसके लिए पर्याप्त चिकित्सक, नर्स, चिकित्सा उपकरण, दवाएं और जांच सुविधाएं उपलब्ध रहें। विभागों के बीच बेहतर समन्वय, उपकरणों के नियमित रखरखाव तथा मरीजों और उनके स्वजन को असुविधा से बचाने पर विशेष जोर दिया। बीएमएसआइसीएल, एलएनटी और अस्पताल प्रशासन को व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी तथा शेष निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

पांच हजार मरीजों के पंजीयन की व्यवस्था : टावर-3 के भूतल पर 13 स्वचालित काउंटर और कियोस्क से प्रतिदिन पांच हजार से अधिक मरीजों के पंजीयन की व्यवस्था की गई है। कियोस्क से कूपन लेने के बाद मरीजों को कतार में खड़े रहने के बजाय प्रतीक्षालय में बैठने की सुविधा मिलेगी। यहां 500 से अधिक कुर्सियां लगाई गई हैं। मुख्यमंत्री ने पांचवें तल पर पीकू का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की पुनर्विकास योजना (फेज-1) के अंतर्गत नवनिर्मित अस्पताल भवन टावर-3 का अनावरण किया। साथ में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत एवं सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ● सौ. आइपीआरडी

12 चिकित्सा संस्थानों में हुई 66 बच्चों की सर्जरी

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्मजात विकृतियों से पीड़ित बच्चों और अभिभावकों से मुलाकात कर पोषण किट वितरित की। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डा. राजीव कुमार ने बताया कि विशेष अभियान के तहत पीएमसीएच समेत 12 चिकित्सा संस्थानों में 66 बच्चों की सर्जरी हुई है। इनमें कटे होंठ के 38, कटे तालू के 20, दोनों विकृतियों वाले तीन और टग टाई से पीड़ित पांच बच्चे शामिल हैं। समारोह की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने की। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, राम कृपाल यादव, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि, बीएमएसआइसीएल के एमडी सुव्रत सेन और पीएमसीएच अधीक्षक डा. राजीव कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

छह राज्यों में नए राज्यपाल, आर्लेकर अब तमिलनाडु के गवर्नर

नई दिल्ली, प्रेट्र : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को केरलम के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को तमिलनाडु का राज्यपाल नियुक्त किया। सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर केरलम के राज्यपाल होंगे। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य दुष्यंत गौतम को सिक्किम और झारखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रज मोहन राम को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। महेंद्रगढ़ की पूर्व सांसद डा. सुधा यादव को कर्नाटक और मध्य प्रदेश के पूर्व सांसद ढाल सिंह बिसेन को उत्तराखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

सफलता पर अहंकार नहीं, विनम्रता अपनाएं : राज्यपाल

सीयूएसबी के पांचवें दीक्षा समारोह में 1662 छात्र-छात्राओं को दी गई उपाधि, आठ को प्रायोजित स्वर्ण पदक दिए गए

जागरण संवाददाता, गयाजी : सफलता मिलने पर अहंकार करने के बजाय विनम्रता अपनाएं और अपनी खुशियां बांटें। जीवन में हर व्यक्ति का समय आता है। जरूरी नहीं कि सभी को एक साथ सफलता मिले। अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने पर निराश होने के बजाय धैर्य रखें और निरंतर मेहनत करते रहें। यह संदेश बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने सोमवार को दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के पंचम दीक्षा समारोह में विद्यार्थियों को दिया। समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी के कुल 1662 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। शैक्षणिक सत्र 2023 और 2024 के 61 मेधावियों को कुल 95 स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। पहली बार आठ विद्यार्थियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक भी दिए गए।

राज्यपाल ने कहा कि डिग्री प्राप्त करना शैक्षणिक यात्रा का एक पड़ाव मात्र है। अब युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे अपनी प्रतिभा, तकनीकी समझ और नई सोच से समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान दें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के नैक ए ग्रेड, यूजीसी श्रेणी-एक के दर्जे और स्वच्छ एवं हरित परिसर की सराहना की। उन्होंने टीबी मुक्त बिहार अभियान के साथ कैंसर जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर भी सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

संबंधित खबरें » पेज 4

सीयूएसबी के पंचम दीक्षा समारोह को संबोधित करते राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन। ● सौ.यूएसबी

RKTV

मेधावियों ने कहा

कंप्यूटर साइंस विभाग की पीएचडी शोधार्थी मेधा माधवी को दो स्वर्ण पदक मिले। उन्होंने विभागीय टापर और स्कूल टापर का गौरव हासिल किया। इस उपलब्धि पर उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उनके लिए यह सम्मान शोध और शैक्षणिक यात्रा में आगे बढ़ने की प्रेरणा है।
मेधा माधवी, विद्यार्थी।

शैक्षणिक सत्र 2021-23 में एमएससी बायोइन्फार्मेटिक्स में सर्वोच्च सीजीपीए हासिल करने पर कृतिदीपा राउत को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। स्कूल आफ अर्थ, बायोलाजिकल एंड एनवायरन्मेंटल साइंसेज के अंतर्गत मिली यह उपलब्धि उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को दर्शाती है।
कृतिदीपा राउत, विद्यार्थी।

शैक्षणिक सत्र 2022-24 में एमएससी जीवन विज्ञान में सर्वोच्च सीजीपीए प्राप्त करने पर ओम्ना को स्वर्ण पदक मिला। स्कूल आफ अर्थ, बायोलाजिकल एंड एनवायरनमेंटल साइंसेज के जीवन विज्ञान विभाग में मिली यह उपलब्धि उनकी मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है।
ओम्ना, विद्यार्थी।

एमएससी जीवन विज्ञान के शैक्षणिक सत्र 2021-23 में सर्वोच्च सीजीपीए हासिल करने पर करण सागर को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। स्कूल आफ अर्थ, बायोलाजिकल एंड एनवायरनमेंटल साइंसेज के अंतर्गत मिली इस उपलब्धि ने उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को रेखांकित किया।
करण सागर, विद्यार्थी।

1,662 को उपाधि, 61 मेधावियों को मिले 95 स्वर्ण पदक

सीयूएसबी के पंचम दीक्षा समारोह में अतिथियों ने युवाओं को रोजगार सृजन और राष्ट्र निर्माण के लिए किया प्रेरित

दिखा उत्साह

दीक्षा समारोह में स्वर्ण पदक के विद्यार्थियों के साथ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अताहसनैन, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार, कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह एवं अन्य अतिथि। ● सौ. सीयूएसबी

जागरण संवाददाता, गयाजी : दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के पंचम दीक्षा समारोह में वर्ष 2023 और 2024 में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी पाठ्यक्रम पूरा करने वाले 1662 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 61 विद्यार्थियों को कुल 95 स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। समारोह में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार और सिक्किम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल डा. गंगा प्रसाद चौरसिया ने विद्यार्थियों को शिक्षा का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास में करने का संदेश दिया। वक्ताओं ने युवाओं से नौकरी पाने के साथ रोजगार देने वाला बनने, नैतिक मूल्यों को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

नौकरी तलाशने के साथ रोजगार देने की सोचें युवा : केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत उन्नति या नौकरी हासिल करना नहीं, बल्कि समाज के लिए उपयोगी बनना भी है। सभी युवाओं को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है। ऐसे में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और कौशल के आधार पर स्वरोजगार एवं उद्यमिता के अवसर तलाशने चाहिए। उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को रोजगार सृजन और आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए युवाओं से कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और स्वरोजगार से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने प्रेम, सौहार्द, समानता और सहिष्णुता जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने पर भी जोर दिया।

शिक्षा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें : डा. प्रेम कुमार बिहार विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने कहा कि शिक्षा केवल करियर बनाने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का अवसर भी है। विद्यार्थियों को नैतिकता, मानवता और संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के साथ दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना भी जरूरी है। न्याय, शांति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से ही बेहतर समाज का निर्माण संभव है।

सीयूएसबी ने बिहार को दिलाई राष्ट्रीय पहचान : डा. गंगा प्रसाद सिक्किम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल डा. गंगा प्रसाद चौरसिया ने कहा कि भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने में उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सीयूएसबी ने शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में योगदान दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए शिक्षा और शोध को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य से जोड़ने पर बल दिया।

61 मेधावियों को मिले 95 स्वर्ण पदक : दीक्षा समारोह में वर्ष 2023 और 2024 के मेधावियों को कुल 95 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। वर्ष 2023 में दो विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 11 को संकाय स्वर्ण पदक और 29 को विभागीय स्वर्ण पदक मिला। वहीं, वर्ष 2024 में दो विद्यार्थियों को कुलाधिपति, 11 को संकाय और 32 को विभागीय स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। पहली बार आठ विद्यार्थियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक से भी सम्मानित किया गया। प्रायोजित पदकों में डा. मंजु करुणा स्मृति चिह्न, शेओधारी स्मारक स्वर्ण पदक, विश्वनाथ डालमिया स्मारक स्वर्ण पदक, आनंदी देवी डालमिया स्मारक स्वर्ण पदक, कमला देवी स्मारक स्वर्ण पदक और डा. बिंदेश्वर पाठक स्वर्ण पदक शामिल हैं। समारोह में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। पदक वितरण के दौरान परीक्षा नियंत्रक डा. शांतिगोपाल पाइन ने औपचारिक घोषणाएं कीं। जीवन विज्ञान विभाग की डा. अमृता श्रीवास्तव ने मंच संचालन किया। अंत में कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

वास्केटवाल में क्रेन मेमोरियल व खो-खो में डीपीएस चैंपियन

जिलास्तरीय खेल

जास, गयाजी : जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 के बास्केटबाल और खो-खो मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। बास्केटबाल में क्रेन मेमोरियल स्कूल, गया ने बालिका अंडर-17 व अंडर-19 व बालक अंडर-19 वर्ग में खिताब जीते। वहीं, खो-खो के बालक व बालिका अंडर-19 वर्ग में सेकेंडरी डीपीएस की टीम चैंपियन बनी।

बास्केटबाल में क्रेन मेमोरियल ने जीते तीन खिताब : बालिका अंडर-17 वर्ग में क्रेन मेमोरियल स्कूल विजेता और ज्ञान भारती, टिकारी उपविजेता रहा। अंडर-19 वर्ग में क्रेन मेमोरियल ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि जीडी गोयनका स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। बालिका अंडर-14 वर्ग में ज्ञान भारती, टिकारी विजेता और क्रेन मेमोरियल उपविजेता बना। बालक अंडर-14 वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल (एपीएस) ने खिताब जीता, जबकि ज्ञान भारती, टिकारी दूसरे स्थान पर रहा। अंडर-17 वर्ग में महाबोधि ट्री विजेता और जीबीएसएस उपविजेता बना। बालक अंडर-19 वर्ग में क्रेन मेमोरियल ने पहला और जीबीपीएस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

खो-खो में डीपीएस का दोहरा खिताब : खो-खो के बालक और बालिका अंडर-19 दोनों वर्गों में सेकेंडरी डीपीएस ने जीत दर्ज की। बालक वर्ग में टिकारी राज इंटर स्कूल उपविजेता रहा, जबकि बालिका वर्ग में ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल की टीम दूसरे स्थान पर रही। जिला खेल कार्यालय और जिला प्रशासन की ओर से आयोजित प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारना, टीम भावना और अनुशासन को बढ़ावा देना तथा उन्हें उच्चस्तरीय मुकाबलों के लिए तैयार करना है।

बास्केटबाल में महाबोधि ट्री विद्यालय को स्वर्ण

जीत का जश्न मनाते द महाबोधि ट्री विद्यालय के बच्चे- ● सौ. विद्यालय

जास, गयाजी : द महाबोधि ट्री विद्यालय, मठिहानी (बोधगया) की टीम ने क्रेन स्कूल, गया में आयोजित एसजीएफआइ बास्केटबाल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। विद्यालय की टीम ने डीएवी स्कूल, गया को हराकर फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में टीम ने ज्ञान भारती स्कूल, टेकारी को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। कप्तान मानव राज के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। टीम की जीत में प्रीतम कुमार, प्रियांशु राज, कासिम रजा खान, आर्यन कुमार, साहित्य गोविन्द अभिराज सहित अन्य खिलाड़ियों का योगदान सराहनीय रहा। इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक रवि रंजन सिंह और प्राचार्या प्रिया नायर ने खिलाड़ियों, खेल शिक्षकों और टीम प्रबंधकों को बधाई दी।

द महाबोधि ट्री विद्यालय में रामलीला प्रारंभ

रामलीला का मंचन करते द महाबोधि ट्री विद्यालय के बच्चे- ● सौ. संस्थान

जासं, गयाजी : द महाबोधि ट्री विद्यालय, मठिहानी, बोधगया में आयोजित दो दिवसीय रामलीला में विद्यार्थियों ने रामायण के प्रसंगों का सजीव मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पहले दिन सात प्रमुख दृश्यों का मंचन किया गया। 12 अक्टूबर को आठ अन्य दृश्यों का मंचन होगा, जबकि 14 अक्टूबर को रावण दहन किया जाएगा। कार्यक्रम में एडीएम अनुकूल नारायण सिंह मुख्य अतिथि और एसएचओ संदीप चौहान उपस्थित रहे। सर्वोदया एवं डीपीएस के निदेशक देवेंद्र पाठक ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। चेयरमैन डा. राजेंद्र प्रसाद सिंह ने अतिथियों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। निदेशक रवि रंजन सिंह, प्राचार्या प्रिया नायर और डा. राजेश कुमार सहित शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक मौजूद रहे। रामलीला में राजवर्धन ने श्रीराम, तेज प्रताप ने लक्ष्मण, आर्यन राणा ने हनुमान, मंटू कुमार ने राजा दशरथ, रुद्र राज ने जनक और नित्या सिंह ने सीता की भूमिका निभाई। श्रुति प्रिया, शांभवी, प्रभा, शारदा व सेजल सहित अन्य कलाकारों ने भी प्रभावशाली अभिनय किया।

तृतीय

चंद्रघंटा

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा देवी है। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन इनका पूजन-वंदन, आराधना-साधना की जाती है। इनका स्वरूप कल्याणकारी व शांतिदायक है। मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इस कारण इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके दस हाथ हैं, जिनमें खड्ग, कमंडल, त्रिशूल, बाण आदि सुशोभित हैं। इनका वाहन सिंह है। युद्ध युद्ध के लिए उद्यत रहने की है। इनके घंटे की ध्वनि से दानव, दैत्य, राक्षस, बैताल, अत्याचारी सदैव कंपित रहते हैं। मां चंद्रघंटा का स्मरण करते हुए साधकगण अपना मन मणिपुर चक्र में अवस्थित करते हैं। मां की कृपा से साधक को अलौकिक दिव्य दर्शन व दृष्टि प्राप्त होती है। साधक के समस्त पाप बंधन छूट जाते हैं। मां को चमेली व गुड़हल का फूल प्रिय है। इन्हें दूध या खीर आदि का भोग लगाकर दान करना चाहिए, इससे कष्टों से मुक्ति मिलती है। भोग के लिए थाली ब्राह्मण के लिए भी निकाली जाती है।

ध्यान मंत्र :
पिंडजप्रवरारूढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघंटेति विश्रुता ॥

बीज मंत्र : ऊं ऐं ह्रीं क्लीं चंद्रघंटायै नमः

पं. ऋषि द्विवेदी, ज्योतिषाचार्य

प्रणाम

मंगलवार, आश्विन शुक्ल तृतीया, वि.स. 2083

- इंटरनेशनल बुद्ध महा सम्मेलन बोधगया के तहत धम्म संवाद का आयोजन स्थान : कालचक्र मैदान, बोधगया

  समय : सुबह 09 बजे

- प्रधानाध्यापकों का कैंप का आयोजन स्थान : जिले के सभी प्रखंड कार्यालय

  समय : 10 बजे

- मजदूर किसान समिति का दो दिवसीय धरना स्थान : प्रखंड मुख्यालय, फतेहपुर

  समय:10 बजे

- पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर स्थान : हाई स्कूल परिसर डुमरीचट्टी, फतेहपुर समय: 11 बजे

आज का मौसम

प्रदेश के ज्यादातर भागों में बादलों की आवाजाही के साथ मौसम शुष्क बना रहेगा। तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। सुबह एवं रात्रि में हल्की ठंड का प्रभाव बना रहेगा।

आज डांडिया नाइट में डिंपल सिंह व नम्रता दास के साथ मचेगी धूम

रेडक्रास मोड़, प्रोफेसर कालोनी स्थित बगीचा द पार्टी लान में दैनिक जागरण सजाएगा उत्सव की शाम

निशुल्क पास से मिलेगा प्रवेश

जासं, गयाजी : नवरात्र का उल्लास, पारंपरिक परिधानों की चमक और डांडिया की खनक। गरबा के गीत पर थिरकते कदम और संगीत की धुन पर झूमते शहरवासी। गयाजी में आज, की शाम कुछ ऐसा ही रंगारंग नजारा दिखेगा। दैनिक जागरण की ओर से रेडक्रास मोड़, प्रोफेसर कालोनी स्थित बगीचा द पार्टी लान में डांडिया नाइट का आयोजन किया जा रहा है। शाम 6:30 बजे से शुरू होने वाली इस संगीतमय शाम में भोजपुरी अभिनेत्री डिंपल सिंह और गायिका नम्रता दास अपनी प्रस्तुति से समां बांधेंगी।

गरबा-डांडिया की ताल पर थिरकेगा शहर : नवरात्र के उत्सव को खास बनाने के लिए आयोजित डांडिया नाइट में संगीत, नृत्य और परंपरा का रंग एक साथ दिखेगा। रंग-बिरंगी रोशनी, पारंपरिक परिधान और डांडिया की छड़ियों के साथ उत्सव का उल्लास चरम पर होगा। डिंपल सिंह और नम्रता दास की मौजूदगी कार्यक्रम के आकर्षण को और बढ़ाएगी। युवा हों या महिलाएं, परिवार हों या दोस्तों की टोली—हर कोई संगीत की लय पर कदम मिलाकर इस शाम को यादगार बना सकेगा।

निशुल्क पास से मिलेगा प्रवेश : कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दैनिक जागरण की ओर से निशुल्क पास की व्यवस्था की गई है। इच्छुक लोग कॉटन मिल, बालाजी नगर स्थित दैनिक जागरण कार्यालय से पास प्राप्त कर सकते हैं। दैनिक जागरण अखबार में प्रकाशित डांडिया कार्यक्रम के विज्ञापन की कटिंग दिखाकर भी प्रवेश पास पा जा सकता है। एक पास पर दो लोगों को प्रवेश की अनुमति होगी।

अभिनेत्री डिंपल सिंह • फाइल फोटो

गायिका नम्रता दास • फाइल फोटो

प्रस्तुतकर्ता एवं मुख्य प्रायोजक : दैनिक जागरण एंड महाबोधि मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल और दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल।

एसोसिएट स्पांसर : घराना एसोसिएट्स इन्फ्रा प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, एमके एंटरप्राइजेज, डीएमसी, मारुति सुजुकी एरीना, तनिष्क, द महाबोधि ट्री और अशर्फी हास्पिटल।

को-स्पांसर : कोआपरेटिव पब्लिक स्कूल, डालमिया बाजार, तेज टावर, इंडिया ज्वेलरी, गया हौंडा और मगध इंटरनेशनल स्कूल।

स्पांसर : खजाना लिकअप, टाटा मोटर्स-मगध मोटर्स, रायल एनफील्ड-कुसुम मोटर्स, रामेश्वर सिंह फार्मेसी कालेज, जीडी पब्लिक स्कूल, शांति निकेतन, शांति निकेतन ऑफ इंस्टीट्यूट, श्री ॐ साईं हीरो, कैलाश गुप्ता हीरो, अग्रवाल एंड सन्स, मां शक्ति एग्री, शक्ति बजाज, लक्ष्मी टीवीएस, साईं कृपा एजेंसी, अलंकार ज्वेलर्स, डा. ओंकारी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव और अग्रवाल स्टोर लाइफस्टाइल, आरंभिक प्ले स्कूल और वेन्यू पार्टनर : बगीचा द पार्टी लॉन, गयाजी।

विंटर शेड्यूल की पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान से गयाजी पहुंचे 126 यात्री

संवाद सूत्र, जागरण, बोधगया: गयाजी एयरपोर्ट पर सोमवार को विंटर शेड्यूल की पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान पहुंची। भूटान एयरलाइंस की उड़ान संख्या बी 3-707 बैंकाक से 126 यात्रियों को लेकर सुबह करीब 11 बजे आई। यात्रियों के उतरने की प्रक्रिया करीब 11:45 बजे पूरी हुई। इसके बाद विमान यात्रियों के बिना भूटान के पारो के लिए रवाना हो गया। बैंकाक से आए यात्री बोधगया सहित विभिन्न बौद्ध सर्किटों का भ्रमण करेंगे। इस उड़ान के साथ शीतकालीन पर्यटन सीजन के लिए गया जी एयरपोर्ट की अंतरराष्ट्रीय हवाई कनेक्टिविटी शुरू हुई है। इससे बोधगया में विदेशी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है।

धन-धान्य कृषि योजना में गया जिला देशभर में अव्वल, डीएम सम्मानित

36 योजनाओं के 121 इंडिकेटर के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

उपलब्धि

जागरण संवाददाता, गयाजी : प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में गया जिले के प्रदर्शन के लिए जिलाधिकारी शशांक शुभंकर को सोमवार को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सम्मान प्रदान किया।

योजना के तहत डैशबोर्ड पर दर्ज प्रगति और निर्धारित मानकों के आधार पर गया को अप्रैल और मई 2026 में प्रथम तथा जून में द्वितीय रैंक मिली। हालांकि, उपलब्ध विवरण में जुलाई और अगस्त की रैंक को लेकर अलग-अलग जानकारी दी गई है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की शुरुआत 11 अक्टूबर 2025 को देश के 100 जिलों में की गई थी। इसका उद्देश्य फसल विविधीकरण, कृषि ऋण की उपलब्धता और उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाकर जिलों को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है।

नई दिल्ली में विशेष कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री समेत अन्य मंत्री से सम्मान ग्रहण करते गया के डीएम शशांक शुभंकर एवं अन्य • सौ. आइपीआरडी सी

योजना के तहत सहकारिता, बैंकिंग, राजस्व, ग्रामीण विकास, उद्योग, कृषि और कृषि संबंधी अन्य विभागों की 36 योजनाओं के 121 मानकों के आधार पर कार्यों की निगरानी की जाती है।

कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और रामनाथ ठाकुर सहित अन्य केंद्रीय मंत्री एवं अधिकारी शामिल हुए। बिहार के कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल भी उपस्थित रहे। गया से जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, जिला कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र मानपुर के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान मनोज कुमार राय और गुरारू प्रखंड के प्रगतिशील किसान विनीत कुमार रंजन ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस उपलब्धि से विभागीय कर्मचारियों का उत्साह दोगुना होगा और वे योजनाओं को धरातल पर उतारने का तीव्र गति से प्रयास करेंगे।

पंडालों में आग से बचाव की अग्निपरीक्षा

- प्रमुख पंडालों में खुलेंगे 24 घंटे चलने वाले नियंत्रण कक्ष
- जिले में 39 संवेदनशील स्थलों पर रहेगी विशेष व्यवस्था

जागरण संवाददाता, गयाजी : दुर्गा पूजा के दौरान आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए अग्निशमन विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। गया जिले में बन रहे पूजा-पंडालों की निगरानी के लिए टीम गठित की गई है। विभाग पंडाल निर्माण से लेकर पूजा संपन्न होने तक सुरक्षा मानकों की जांच करेगा। अब तक 214 पंडालों के लिए अनुमति और अनापत्ति प्रमाण पत्र के आवेदन मिले हैं, जिनमें 210 का निरीक्षण किया जा चुका है। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ज्योति प्रकाश ने बताया कि पंडाल आयोजकों को सिंथेटिक और पॉलिएस्टर के पर्दे व कपड़े इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया गया है। इसके स्थान पर सूती कपड़े का उपयोग करना होगा। पंडाल के अंदर हैलोजन लाइट लगाने पर प्रतिबंध रहेगा। रेलवे स्टेशन, हाईटेंशन तार और पावर सब स्टेशन के पास भी पंडाल नहीं बनाए जा सकेंगे। निरीक्षण के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से कमेटी गठित की गई है।

ज्योति प्रकाश जिला अग्निशमन पदाधिकारी, गयाजी • जागरण

प्रमुख पंडालों में 24 घंटे सक्रिय रहेंगे नियंत्रण कक्ष : शहर के अधिक भीड़ वाले पूजा-पंडालों में अस्थायी नियंत्रण कक्ष खोले जाएंगे। ये 24 घंटे संचालित होंगे। केदारनाथ मार्केट, कुजापी, आजाद पार्क, धनिया बगीचा, बोधगया के कालचक्र मैदान, टेकारी और शेरघाटी में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएंगे। वहीं, 39 संवेदनशील पंडालों में अग्निशमन वाहन या अग्निशमन कर्मियों की तैनाती की व्यवस्था रहेगी। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर स्टेशन से दो मिनट के भीतर वाहन रवाना करने का निर्देश है।

आग लगने पर इन नंबरों पर दें सूचना जिला नियंत्रण कक्ष : 9031041129 अग्निशमन हेल्पलाइन : (0631-112, 101)

पूजा पंडाल निर्माण में इन मानकों का करना होगा पालन

- पंडाल की छत कम से कम तीन मीटर ऊंची होनी चाहिए।
- पंडाल के चारों ओर साढ़े चार मीटर जगह खुली रखनी होगी।
- रेलवे लाइन, ट्रांसफार्मर, पावर स्टेशन और हाईटेंशन तार से कम से कम 15 मीटर दूर पंडाल बनाना होगा।
- पंडाल के बीच में हवन कुंड नहीं बनाया जाएगा। जहां हवन कुंड हो, वहां बालू से घेराबंदी करनी होगी।
- प्रत्येक 100 वर्गमीटर पर अग्निशमन व्यवस्था करनी होगी।
- प्रत्येक 50 वर्गमीटर पर दो ड्रम पानी की व्यवस्था रखनी होगी।
- बाल्टी में बालू उपलब्ध रखना होगा।
- खुले और कटे हुए बिजली के तारों का इस्तेमाल नहीं करना होगा।

RKTV

मां ब्रह्मचारिणी की आराधना कर भक्तों ने की समृद्धि की कामना

मां मंगलागौरी मंदिर में दस हजार से अधिक भक्तों ने किए दर्शन

या देवी सर्व...

- दुर्गा पाठ करने वालों के बीच बांटा गया फलाहार
- मंदिरों में घंटियों की गूंज व जयकारों से माहौल भक्तिमय

जागरण संवाददाता, गयाजी : शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को शहर के देवी मंदिरों में मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए कतारें लगी रहीं। मां मंगलागौरी मंदिर में सबसे अधिक भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में मत्था टेककर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर के पुजारी संजय गिरि ने बताया कि दूसरे दिन दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां मंगलागौरी के दर्शन किए। भक्त कतारबद्ध होकर गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा-अर्चना कर रहे थे। नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है।

मां मंगला गौरी मंदिर में पूजा- अर्चना के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु • जागरण

दुर्गा पाठ करने वालों को बांटा फलाहार : मां मंगलागौरी मंदिर परिसर स्थित अन्नपूर्णा आश्रम की ओर से दुर्गा पाठ करने वाले श्रद्धालुओं के बीच फलाहार प्रसाद वितरित किया गया। आश्रम के अध्यक्ष प्रमोद गिरि ने बताया कि नवरात्र में प्रतिदिन पांच सौ से अधिक श्रद्धालुओं को सेब, केला, लाई और सिंघाड़े के आटे का हलुआ सहित अन्य फलाहार दिया जा रहा है।

अन्य देवी मंदिरों में भी उमड़ी भीड़ : शहर के बगलामुखी मंदिर में भी सुबह से श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते रहे। पुजारी सौरभ मिश्र ने बताया कि मां बगलामुखी की पूजा में पीली पूजन सामग्री का विशेष महत्व है। इसके अलावा दुखहरणी, संकटा और वागेश्वरी मंदिर में भी भक्तों ने माता की आराधना की। मंदिरों में घंटियों की गूंज और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा।

प्रखंडों में भी उल्लास : प्रखंडों में भी शारदीय नवरात्र को लेकर उत्साह है। देवी मंदिरों के अलावा पूजा पंडाल का निर्माण कर भगवती की पूजा की जा रही है। वहीं दूसरी ओर कारीगर प्रतिमा और पंडाल को अंतिम रूप देने में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। कई जगहों पर रावण वध की तैयारी भी चल रही है।

तकनीक के सहारे नई पीढ़ी से जुड़ रही आस्था की विरासत

प्रदीप कुमार • जागरण

- पटवा टोली दुर्गा स्थान में अनुष्ठान का यूट्यूब पर प्रसारण, देश विदेश में बसे पटवा समाज के लोग इंटरनेट के जरिए जुड़कर कर रहे दर्शन और श्रवण

मानपुर (गया) : वक्त बदल रहा है, पीढ़ियां बदल रही हैं और जीवन जीने के तौर-तरीके भी बदल रहे हैं, लेकिन परंपराओं और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने की चाह आज भी बरकरार है। मानपुर की पटवा टोली इसका जीवंत उदाहरण बन रही है। यहां वर्ष 1946 से चली आ रही नवाह्न परायण पाठ की परंपरा आधुनिक तकनीक के सहारे देश-विदेश तक पहुंच रही है। दुर्गा स्थान परिसर में नौ दिनों तक चलने वाले अनुष्ठान का यूट्यूब पर प्रसारण किया जा रहा है। इससे दूर-दराज में रह रहे समाज के लोग आस्था से जुड़ रहे हैं, और नई पीढ़ी को भी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने की पहल हो रही है। पटवा टोली के दुर्गा स्थान परिसर में प्रतिदिन

मानपुर पटवा टोली में सामूहिक नवाह्न परायण पाठ में शामिल श्रद्धालु- • जागरण

करीब 200 महिला-पुरुष सामूहिक रूप से दुर्गा सप्तशती का पाठ कर रहे हैं। मंत्रोच्चार और भक्ति के वातावरण के बीच चल रहे इस अनुष्ठान में स्थानीय लोग भाग ले रहे हैं। दूसरी ओर, रोजगार, शिक्षा और अन्य कारणों से देश-विदेश में रह रहे पटवा समाज के लोग मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से आयोजन से जुड़ रहे हैं।

तकनीक की परंपरा की नई कड़ी : एक समय था, जब धार्मिक आयोजनों में शामिल होने के लिए लोगों को गांव या मोहल्ले तक पहुंचना पड़ता था। दूरी और व्यस्तता के कारण कई लोग चाहकर भी ऐसे आयोजनों में शामिल नहीं हो पाते थे। अब यूट्यूब ने इस दूरी को कम कर दिया है। श्री दुर्गाजी पटवाय सुधार समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार लाल और महासचिव डा. कृष्ण प्रसाद बताते हैं कि पटवा टोली में दुर्गापूजा और नवाह्न परायण पाठ का विशेष महत्व है। वर्ष 1946 से चली आ रही इस परंपरा को आज भी पूरी श्रद्धा और सामूहिक सहभागिता के साथ निभाया जा रहा है। समय के साथ समाज के लोगों की शिक्षा, रोजगार और कार्यक्षेत्र का विस्तार हुआ है। कई लोग बेहतर अवसरों की तलाश में देश के अलग-अलग हिस्सों और विदेशों में बस गए हैं। इसके बावजूद धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से उनका जुड़ाव बना रहे, इसी उद्देश्य से अनुष्ठान को डिजिटल माध्यम से भी लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

संस्कारों से जुड़ेगी नई पीढ़ी

परंपराओं को जीवित रखने के लिए केवल उनका निर्वहन करना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को उनके महत्व से परिचित कराना भी जरूरी है। पटवा टोली में नवाह्न परायण पाठ का आनलाइन प्रसारण इसी दिशा में एक प्रयास है। इससे दूर रहने वाले परिवारों के बच्चे भी अपने समाज की धार्मिक परंपराओं, सामूहिक सहभागिता व सांस्कृतिक विरासत को करीब से जान सकते हैं। पटवा टोली का यह आयोजन बताता है कि आधुनिकता व परंपरा एक-दूसरे की विरोधी नहीं है। तकनीक का सकारात्मक उपयोग किया जाए तो वह विरासत को नई पहचान दे सकती है।

पंडालों में लाउडस्पीकर के लिए लेनी होगी अनुमति

संसू, जागरण• टिकारी : दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को टिकारी प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। एसडीओ प्रवीण कुंदन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूजा समितियों को विधि-व्यवस्था से जुड़े निर्देश दिए गए। पूजा पंडालों में डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लाउडस्पीकर बजाने के लिए अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसका उपयोग सुबह छह से रात दस बजे तक ही किया जा सकेगा। पंडालों में आपत्तिजनक

शांति समिति की बैठक में शामिल अधिकारी व अन्य • जागरण

राजनीतिक या सांप्रदायिक बैनर लगाने पर रोक रहेगी। आयोजकों को पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाने और महत्वपूर्ण संपर्क नंबर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। अग्निसुरक्षा के लिए अग्निशामक यंत्र या बालू भरी बाल्टियां रखने, सिंथेटिक कपड़ों से बचने और अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेने के बाद ही बिजली का उपयोग करने को कहा गया।

शक्ति रूपेण संस्थिता...

मां बगलामुखी मंदिर

मां बगलामुखी • जागरण

शहर के उत्तरी क्षेत्र स्थित वार्ड संख्या आठ में मां बगलामुखी मंदिर है। नवरात्र के नौ दिनों तक यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। मां बगलामुखी को पीतांबरा भी कहा जाता है। उनकी पूजा में पीले फूल, पेड़ा, नारियल और पीले वस्त्र आदि अर्पित किए जाते हैं। मंदिर गया-पटना रोड के पास स्थित होने के कारण यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मंगलवार को पूजा-अर्चना के लिए शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

मंदिर का इतिहास

मंदिर काफी पुराना है। इसका निर्माण टिकारी राज की ओर से वर्ष 1934 में कराया गया था। मंदिर के गर्भगृह में मां बगलामुखी की अष्टधातु की प्रतिमा स्थापित है। मान्यता है कि प्रतिमा का वजन करीब 40 मन है। प्रतिमा के ऊपर चांदी की छतरी लगी है। साथ ही, मां को प्रतिदिन नया परिधान अर्पित किया जाता है। मंदिर का स्वरूप शक्तिपीठ जैसा प्रतीत होता है। यहां श्रद्धालु साधना में लीन रहते हैं।

ऐसे पहुंचे मंदिर

मां बगलामुखी मंदिर महारानी रोड पर स्थित है। यह दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन के पास है। गया-पटना सड़क मार्ग के नजदीक होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। रेलवे स्टेशन से मंदिर की दूरी करीब एक किलोमीटर है, जबकि गांधी मैदान से यह लगभग तीन किलोमीटर दूर है। चौड़ी सड़क होने के कारण यहां वाहन से आसानी से पहुंचा जा सकता है। मंदिर में आने श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसका ख्याल रखा जाता है।

नवरात्र में विशेष पूजा

नवरात्र के दौरान मां की विशेष पूजा-अर्चना और श्रृंगार किया जाता है। सप्तमी, अष्टमी और नवमी को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मान्यता है कि नवरात्र में मां के दरबार में आने वाले कभी निराश होकर नहीं लौटते। नौ दिनों तक मां के अलग-अलग स्वरूपों का दर्शन किया जाता है।

नवरात्र में मां की विशेष पूजा-अर्चना और श्रृंगार किया जाता है। सप्तमी, अष्टमी और नवमी को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। पूजा के बाद सामूहिक हवन और कन्या पूजन किया जाता है।



सौरभ मिश्र, पुजारी।

मैं कई वर्षों से माता रानी के दरबार में आ रहा हूं। नवरात्र में नियमित रूप से हाजिरी लगाता हूं। मां की कृपा अपरंपार है। कोई भी भक्त यहां से खाली हाथ नहीं लौटता। यही कारण है कि नवरात्र में यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।

सतीश कुमार सिन्हा, श्रद्धालु।

फूलों के मंदिर में विराजेंगी मां दुर्गा

पूजा पंडाल

जागरण संवाददाता, गयाजी : कृत्रिम फूलों से सजा मंदिर, रंगीन रोशनी की छटा और बीच में विराजमान मां दुर्गा। शारदीय नवरात्र में गोल बगीचा का पूजा पंडाल श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के लिए तैयार हो रहा है। शहर के वार्ड संख्या 15 स्थित गोल बगीचा देवी स्थान के पास सत्यकाम समिति की ओर से फूलों का मंदिरनुमा पंडाल बनाया जा रहा है। इसकी सजावट में कोलकाता के कारीगर जुटे हैं।

कृत्रिम फूलों से सजेगा मंदिर : पंडाल की खासियत इसकी फूलों से बनी मंदिरनुमा आकृति होगी। सजावट के लिए दिल्ली से कृत्रिम फूल मंगाए जा रहे हैं। मंदिर के भीतर मां दुर्गा के साथ महालक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान गणपति और भगवान कार्तिकेय की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। फूलों की सजावट के बीच देवी-देवताओं के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। पंडाल की साज-सज्जा पर करीब 10 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है।

पंडाल का मॉडल • सौ. आयोजक

1965 से कायम है परंपरा : गोल बगीचा में सत्यकाम समिति वर्ष 1965 से लगातार दुर्गा पूजा पंडाल बनवा रही है। समिति के अध्यक्ष गौतम कुमार रजक ने बताया कि हर साल पंडाल को नया और आकर्षक रूप देने का प्रयास किया जाता है। इस बार फूलों से मंदिर तैयार कराया जा रहा है। कोलकाता के कारीगर अपनी कला से इसे भव्य रूप दे रहे हैं। रात में पंडाल रंगीन रोशनी से जगमगाएगा। श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए महिला और पुरुषों के दर्शन की अलग-अलग व्यवस्था होगी। सुरक्षा के लिए पूरे परिसर में सीसीटीवी लगाए जाएंगे।

सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांत अपनाने का संकल्प

- जदयू कार्यालय में मनाई गई डा. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि
- वक्ता बोले, सामाजिक विषमता के खिलाफ आजीवन किया संघर्ष

जागरण संवाददाता, गयाजी : जदयू जिला कार्यालय में सोमवार को समाजवादी चिंतक, विचारक और स्वतंत्रता सेनानी डा. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिला अध्यक्ष ई. अजय कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने लोहिया के विचारों और सामाजिक न्याय के लिए उनके संघर्ष को याद किया। ई. अजय कुशवाहा ने कहा कि डा. लोहिया सामाजिक न्याय, समानता और गैर-बराबरी समाप्त करने के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने जातिगत भेदभाव और आर्थिक असमानता के खिलाफ

जदयू कार्यालय में डा. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाते जदयू नेता। • सौ. जदयू

आजीवन संघर्ष किया। वंचित और पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाना उनके विचारों का प्रमुख आधार था। उनके सिद्धांत आज भी समाज और राजनीति के लिए प्रासंगिक हैं।

उन्होंने कहा कि लोहिया के विचारों को अपनाकर विकास का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। सामाजिक समरसता, समान अवसर और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाने और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष अलेक्जेंडर खान, लालजी प्रसाद, रविंद्र प्रसाद सिन्हा, राज्य परिषद सदस्य अरुण कुमार पटेल, जितेंद्र दास, कैलाश पासवान और सुनीता देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मारपीट के विरोध में एनएसयूआइ का प्रदर्शन

संवाद सूत्र, जागरण• बोधगया : दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ कथित मारपीट के विरोध में सोमवार को एनएसयूआइ कार्यकर्ताओं ने मगध विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने घटना की निष्पक्ष जांच कराने और गृह मंत्री व मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआइ मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनू ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार देता है। अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रहे छात्रों के साथ कथित मारपीट लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। जिला उपाध्यक्ष सिंटू मिश्रा ने कहा कि घटना की जवाबदेही तय होनी चाहिए। संतोष कुमार सोनू ने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर संगठन पूरे बिहार में आंदोलन करेगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और छात्र शामिल हुए।

बिहार सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग
उर्दू निदेशालय
اردو ڈائرکٹوریٹ
اختر اورینوی یادگاری تقریب و بزم سخن
अख़्तर ओरेनवी स्मृति समारोह व बज़्म-ए-सुख़न

उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के तत्वावधान में उर्दू के प्रख्यात कथाकार **अख़्तर ओरेनवी** के साहित्यिक अवदानों के मद्देनज़र दिनांक **14 अक्टूबर, 2026 (बुधवार) पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 2:30 बजे तक** ऑडिटोरियम, फणीश्वरनाथ रेणु हिन्दी भवन, निकट-आकाशवाणी, छज्जुबाग, पटना में **स्मृति समारोह** एवं **बज़्म-ए-सुख़न** का आयोजन किया जायेगा।

आप उक्त कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

एस०एम० परवेज़ आलम
अपर सचिव सह निदेशक

अरविन्द कुमार चौधरी
अपर मुख्य सचिव

P.R. No. C12946 (Cabinet)2026-27

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

शाखा कार्यालय: सीओ सैम सर्किल आफिस, गया (अरु जे पैलेस, राय काशी नाथ मोड़, गया) ईमेल: cogayasamd@pnb.co.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के आलोक में पठित

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणी (यों) और गारंटीकर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई है जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा पीएनबी द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी /सिक्योर्ड क्रेडिटर की अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को "जहाँ है जैसा है, जैसा है जो है और जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ों) से बैंक / सुरक्षित लेनदार के बकाया। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में संबंधित संपत्तियों के अनुसार होगी।

सुरक्षित संपत्ति की अनुसूची

लॉट नम्बर	क. शाखा का नाम / ख. खाते का नाम / ग. उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता	बंधक रखी गई अचल संपत्तियों (भूमि और भवन) का विवरण, बंधककर्ता/संपत्ति के मालिक के नाम सहित	क. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस की तारीख / ख. बकाया राशि / ग. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा-13 (4) के तहत कब्जे की तारीख / घ. कब्जे की प्रकृति प्रतीकात्मक/भौतिक	क.आरक्षित मूल्य (लाख में) / ख. ईएमडी / ग. बोली वृद्धि राशि	ई नीलामी का दिनांक/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण
1.	क.शाखा: राय काशी नाथ मोड़, गया. ख. मो नावेद राजा सिद्दीकी पिता मो जमालुद्दीन सिद्दकी ग. मो जावेद राजा सिद्दीकी पिता मो जमालुद्दीन सिद्दकी पता-मोहल्ला-फोटो गूल साइट, राजा बाजार, पोस्ट-वी. वी कॉलेज, थाना-शास्त्री नगर जिला-पटना-800014 पता-निवासी- 186 इस्लामनगर, मस्जिद गली, कटारी हिल, हाई टैंक टावर, जिला-गया-823001 पता-शॉप नं०-17, ए.म कॉलेज, कटारी हिल रोड, गया जिला-गया-823001 शबाना खातून पति मो नावेद राजा सिद्दीकी पता- निवासी- 186 इस्लामनगर, मस्जिद गली, कटारी हिल, हाई टैंक टावर, जिला-गया-823001.	पंजीकृत विक्रय विलेख संख्या-21318 दिनांक-29/11/2013, खाता संख्या-106 (पुराना), 186 (नया), प्लॉट संख्या-369 (पुराना), 517 (नया), थाना संख्या-182, वार्ड संख्या-28, क्षेत्रफल-767.19 वर्गफीट या 1.761 डिसमिल के अंतर्गत आने वाली संपत्ति मो जावेद राजा सिद्दीकी पिता मो जमलुद्दीन सिद्दकी के नाम पर मौजा- इस्लामगंज, थाना-चंदौती, जिला-गया में स्थित है। चौहद्दी-उत्तर-सड़क, दक्षिण-यासमीन खानम, पूर्व-प्लॉट संख्या 514, पश्चिम-फेकू।	क.19.01.2024 ख.बकाया राशि: रु.33,95,819.48/- (रुपये तैंतीस लाख पंचानवे हजार आठ सौ उन्नीस रुपये एवं अड़तालीस पैसे मात्र) दिनांक 30.12.2023 तक साथ ही दिनांक 01.01.2024 से अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च पूर्ण भुगतान होने तक। ग. 04.04.2024 घ. प्रतिकात्मक कब्जा	क.रु. 27,66,600/- ख.रु.2,76,660/- ग.रु.10,000/-	दिनांक 03.11.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक	शून्य
2.	क. शाखा: शेरघाटी, गया, ख. मेसर्स वैष्णवी ट्रेडिंग प्रोपराइटर-श्री अवधेश मिश्रा, ग. मेसर्स वैष्णवी ट्रेडिंग प्रोपराइटर-श्री अवधेश मिश्रा पिता श्री कृष्णा चन्द्र मिश्रा, पता- गोपालपुर, शेरघाटी, जिला-गया-824211	भूमि एवं भवन के अंतर्गत विक्रय विलेख संख्या-2928 दिनांक -06/04/2017, खाता संख्या-149, प्लॉट संख्या-1012, थाना संख्या-817, क्षेत्रफल-2.0 डिसमिल, चौहद्दी -उत्तर -श्रीमती पुष्पा देवी एवं सुरेश सिंह, दक्षिण - हृदय सिंह, पूर्व - निज रोड, पश्चिम -कृष्णा पहलवान जो मौजा-गोपालपुर, थाना-शेरघाटी, जिला-गया में श्री अवधेश मिश्रा पिता कृष्णा चंद्र मिश्रा के नाम पर स्थित है।	क. 11.06.2021 ख. बकाया राशि: रु.37,54,332.86/-(रुपये सैंतीस लाख चौवन हजार तीन सौ बत्तीस एवं छियासी पैसे मात्र) दिनांक 31.03.2021 तक साथ ही दिनांक 01.04.2021 से अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च पूर्ण भुगतान होने तक। ग. 28.09.2021 घ. प्रतीकात्मक कब्जा	क.रु. 13,95,000/- ख.रु.1,39,500/- ग.रु.10,000/-	दिनांक 03.11.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक	शून्य
3.	क. शाखा: टनकुप्पा, गया ख. श्री उपेन्द्र कुमार पिता श्री देवलाल महतो ग. श्री उपेन्द्र कुमार, पिता श्री देवलाल महतो, श्री देवलाल महतो पिता-स्वर्गीय छद्दू महतो पता- ग्राम- आरोपुर, पोस्ट - टनकुप्पा, मतीहपुर, जिला- गया - 824232	पंजीकृत विक्रय विलेख सं. 2633, दिनांक 05.02.2016, खाता नं. 84, प्लॉट नं. 964, थाना नं. 509, क्षेत्रफल- 1.812 डिसमिल के अंतर्गत आने वाली संपत्ति श्री देवलाल प्रसाद, पिता-स्वर्गीय छद्दू महतो के नाम पर ग्राम- आरोपुर, थाना- वजीरगंज, पोस्ट- टनकुप्पा, जिला- गया में स्थित है। चौहद्दी - उत्तर- सुंदरी देवी, दक्षिण- चारू चौधरी एवं बचन कुंवर, पूर्व- सुखदेव यादव, पश्चिम- रामस्वरूप यादव।	क. 06.02.2024 ख. बकाया राशि: रु. 9,91,218.86 (रुपये नौ लाख इक्यानवे हजार दो सौ अठारह एवं छयासी पैसे मात्र) दिनांक 31.01.2024 तक साथ ही दिनांक 01.02.2024 से अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च पूर्ण भुगतान होने तक। ग. 10.05.2024 घ. प्रतिकात्मक कब्जा	क.रु. 8,60,000/- ख.रु.86,000/- ग.रु.10,000/-	दिनांक 03.11.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक	शून्य
4.	क. शाखा: डोभी, गया ख. मेसर्स जनता बीज भण्डार प्रोपराइटर- श्री शंकर यादव, पिता- स्व0 कौलेश्वर यादव ग. मेसर्स जनता बीज भण्डार प्रोपराइटर- श्री शंकर यादव, पिता- स्व0 कौलेश्वर यादव, पता- ग्राम- फतेहपुर, पोस्ट- पिढ़ासिन, थाना- डोभी, जिला-गया-824201, पता- ग्राम-बीनाबार्या, अंचल/थाना-डोभी पिन-824201, जिला- गया। श्री शंकर यादव, पिता- स्व0 कौलेश्वर यादव, पता- ग्राम- फतेहपुर, पोस्ट- पिढ़ासिन, थाना- डोभी, जिला-गया-824201, पता- ग्राम-बीनाबार्या, अंचल/थाना-डोभी पिन-824201, जिला- गया। पता- ग्राम-बीनाबार्या, अंचल/थाना-डोभी पिन-824201, जिला- गया। पता- ग्राम- फतेहपुर, पोस्ट- पिढ़ासिन, थाना-डोभी, पिन-824201, जिला-गया।	पंजीकृत सेल डिड नं. 7501 दिनांक 28.12.2020, प्लॉट नं. 990 (नया), खाता नं. 55, रकबा-10 डिसमिल, थाना नं. 804, ग्राम- मौजा- धरमपुर, थाना- डोभी, जिला- गया में श्री शंकर यादव, पिता- स्व0 कौलेश्वर यादव के नाम पर स्थित है। चौहद्दी - उत्तर- रास्ता, दक्षिण- पुनीत यादव, पूर्व- गांव का रोड, पश्चिम- कुलोचन यादव।	क. 29.01.2025 ख. बकाया राशि: रु. 20,54,756.31(रुपये बीस लाख चौवन हजार सात सौ छप्पन एवं इकतीस पैसे मात्र) दिनांक 31.12.2024 तक साथ ही दिनांक 01.01.2025 से अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च पूर्ण भुगतान होने तक। ग. 28.04.2025 घ. प्रतिकात्मक कब्जा	क.रु. 20,45,700/- ख.रु. 2,04,570/- ग.रु.10,000/-	दिनांक 03.11.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक	शून्य

नियम एवं शर्तें:
बिक्री सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियम 2002 में वर्णित नियमों एवं निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:
1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है।
2. ऊपर दी गई अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 03.11.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक की जाएगी।
बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें।

दिनांक- 13.10.2026
स्थान- गया

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा
सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना

श्री प्रकाश कुमार
प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक, सुरक्षित लेनदार
मो.- 7327079...

RKTV

एक नजर में

पिकअप से महुआ फूल, स्पिरिट और बीयर बरामद

बांकेबाजार : रौशनगंज थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव के पास वाहन के जांच के दौरान पुलिस ने पिकअप वैन से महुआ फूल, स्पिरिट और बीयर बरामद किया है। चालक को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है। वाहन से 1800 किलोग्राम महुआ फूल, 35 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक के 12 गैलन में 420 लीटर स्पिरिट और किंगफिशर बीयर के 29 कार्टन मिले। बीयर की कुल मात्रा 348 लीटर बताई गई है।

पकड़ा गया अवैध बालू गिराकर भाग रहे ट्रैक्टर

गुरुआ (गया) : गुरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम नसेर में बालू गिराकर भाग रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना लाया गया है। इस मामले में संबंधित अधिकारियों की ओर से अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बालू के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद संबंधित विभाग मामले की जांच और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में जुटा है। हालांकि ट्रैक्टर चालक के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

नाबालिग के अपहरण मामले में युवक गिरफ्तार

इमामगंज : थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग युवती के अपहरण के मामले में पुलिस ने मंगलवार को डुमरिया मोड़ से युवक और युवती को बरामद किया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि युवती के फरार होने को लेकर थाने में आवेदन दिया गया था। पुलिस ने जांच शुरू की और तकनीकी अनुसंधान से दोनों की लोकेशन का पता लगाया। पुलिस ने मदार थाना क्षेत्र के रामडीहर गांव निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है।

करंट लगने से ग्रामीण चिकित्सक की मौत

डोभी : थाना क्षेत्र के जोलहबिगहा के समीप सोमवार तड़के निजी नर्सिंग होम में बिजली का तार ठीक करते समय करंट लगने से उसके संचालक व ग्रामीण चिकित्सक सुरेंद्र यादव (36) की मौत हो गई। वह मोहनपुर थाना क्षेत्र की गौडीहा पंचायत के सुरहीचक गांव के निवासी थे। घटना के बाद आसपास के लोग उन्हें डोभी पीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

गयाजी की अन्य खबरें पेज नौ पर

ओवरब्रिज के नीचे अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, कई दुकान टूटे

सड़क व सार्वजनिक जमीन पर बने अस्थायी ढांचे हुए ध्वस्त

सुगम होगी यातायात

संवाद सहयोगी, जागरण• शेरघाटी : शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर परिषद ने सोमवार को अभियान चलाया। कार्यपालक पदाधिकारी प्रियदर्शनी के नेतृत्व में टीम ने नई बाजार तिराहे के पास शेरघाटी ओवरब्रिज के नीचे सड़क और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान मीट-मछली की दुकानों सहित अन्य अतिक्रमणों पर कार्रवाई की गई। लंबे समय से संचालित अहमद वस्त्रालय की पक्की दुकान भी बुलडोजर से ध्वस्त कर दी गई। अभियान के दौरान सड़क और सार्वजनिक जमीन पर बने अस्थायी ढांचों को हटाकर जगह खाली कराई गई। स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाने वालों के खिलाफ बुलडोजर चलाया गया। टीम के पहुंचते ही आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हलचल मच गई।

जमींदोज किया गया पक्का निर्मित मकान • सौ. इंटरनेट मीडिया

अभियान का संचालन सिटी मैनेजर साबिर अंसारी ने किया। नगर परिषद के अनुसार, ओवरब्रिज के नीचे अतिक्रमण से सड़क संकीर्ण हो गई थी, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ अक्सर जाम लगता था। सिटी मैनेजर साबिर अंसारी ने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान जारी रहेगा। सार्वजनिक सड़क और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपमुख्य पार्षद तारकेश्वर चौधरी ने भी सुचारु आवागमन के लिए अतिक्रमण हटाने को जरूरी बताया।

महंगाई-बेरोजगारी के खिलाफ किसान-मजदूरों का प्रदर्शन

संवाद सूत्र, जागरण• वजीरगंज : केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ सोमवार को वजीरगंज में सीपीआईएम के बैनर तले किसान-मजदूरों ने प्रदर्शन किया। अंचल मंत्री देवकी प्रसाद ने इसकी अध्यक्षता की।

प्रदर्शनकारियों ने महंगाई पर रोक, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतें घटाने, मनरेगा बहाल करने तथा चारों लेबर कोड वापस लेने की मांग की। मजदूरों के लिए न्यूनतम 26 हजार रुपये मासिक वेतन और सामाजिक सुरक्षा पेंशन का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई। किसानों की उपज का उचित मूल्य, कृषि उत्पादों की सरकारी खरीद और कर्ज माफी की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने वजीरगंज को अनुमंडल का दर्जा देने, स्टील प्लांट निर्माण में तेजी लाने, वजीरगंज महाविद्यालय को अंगीभूत कालेज का दर्जा देने और तिलैया डाइंग परियोजना शीघ्र चालू करने की मांग भी रखी। जनसमस्याओं के समाधान की मांग करते हुए प्रदर्शनकारियों ने बीडीओ को 17 सूत्री मांगपत्र सौंपा। सभा को शम्भु शरण शर्मा, रामखेलावन दास, मीना देवी एवं अन्य ने संबोधित किया।

लोहिया के अनुयायी सामाजिक अन्याय के खिलाफ करें संघर्ष

संवाद सहयोगी, जागरण• टिकारी : डा. राम मनोहर लोहिया फाउंडेशन की ओर से सोमवार को जैन कालोनी स्थित कांग्रेस भवन में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता फाउंडेशन के निदेशक प्रो. (डा.) मुंद्रिका प्रसाद नायक ने की। कार्यक्रम की शुरुआत डा. लोहिया के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि से हुई। प्रो. नायक ने कहा कि मौजूदा दौर में सत्ता द्वारा जनता पर हो रहे अन्याय के खिलाफ लोहियावादियों को आगे आकर मुखर आंदोलन करना चाहिए। वाल्मीकि प्रसाद ने डा. लोहिया के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की।

गुरारु के अस्पताल पर किडनी चोरी का आरोप

संवाद सूत्र, जागरण• गुरारु : गुरारु बाजार के यारा रोड पर सर्वोदय विद्या मंदिर के पास स्थित एक अस्पताल पर मरीज की किडनी चोरी करने का आरोप लगा है। परैया थाना क्षेत्र के अनुरी गांव की एक महिला प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए गुरारु थाना में आवेदन दी है।

क्षेत्रीय जैवप्रौद्योगिकी केन्द्र
राष्ट्रीय महत्व की संस्था
जैवप्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा यूनेस्को के तत्वावधान में स्थापित
फरीदाबाद-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे, फरीदाबाद-हरियाणा

पीएचडी प्रवेश 2026-27

आरसीबी पीएचडी प्रवेश 2026-27 हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। विस्तृत विज्ञापन, आवेदन, केन्द्र तथा उसके कार्यक्रमों की जानकारी वेबसाइट www.rcb.res.in पर देख सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12.11.2026 है।

पीएमश्री उच्च विद्यालय करियादपुर उठाएगा विक्की की पढ़ाई का खर्च

संवाद सूत्र, जागरण• शेखपुर : आहर में डूब रही चार महिलाओं की जान बचाकर साहस की मिसाल पेश करने वाले किशोर विक्की कुमार की पढ़ाई में अब आर्थिक बाधा नहीं आएगी। पीएमश्री उच्च विद्यालय करियादपुर ने उसकी शिक्षा की जिम्मेदारी उठाने की पहल की है।

सोमवार को विद्यालय में भोजनावकाश के दौरान आयोजित सम्मान समारोह में प्रभारी प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने विक्की का कक्षा नौ में नामांकन कराने और प्लस टू तक निशुल्क शिक्षा देने की घोषणा की। विक्की का कक्षा नौ में नामांकन भी कर लिया गया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि उसकी पढ़ाई में आगे कोई व्यवधान न आए, इसके लिए विद्यालय हरसंभव सहयोग करेगा। निशुल्क शिक्षा का प्रस्ताव विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक में पारित कर अनुमोदित कराया जाएगा।

विक्की और संटू को सम्मानित करते शिक्षक • जागरण

समारोह में शिक्षकों ने विक्की और संटू को अंगवस्त्र व पुस्तक देकर सम्मानित किया। उन्होंने विक्की के साहस की सराहना करते हुए कहा कि कम उम्र में अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरों की जिंदगी बचाने का उसका प्रयास प्रेरणादायक है।

टनकुप्पा प्रखंड के श्रीरामपुर गांव स्थित बड़का आहर में डूब रही चार महिलाओं को विक्की ने पानी से बाहर निकालकर उनकी जान बचाई थी। उसके साहसिक कार्य की क्षेत्र में लगातार सराहना हो रही है। इस मौके पर विधायक के पीए मो. शमीम, धनंजय मिस्त्री, दोनों मुखिया दिलीप यादव, रामचंद्र यादव, बासुदेव प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बिहारशरीफ ने जीता फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब

संवाद सूत्र, जागरण• अतरी : मोहड़ा प्रखंड के जैठियन गांव स्थित खेल मैदान में सोमवार को मगध स्पोर्ट्स क्लब की ओर से आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में बिहारशरीफ की टीम ने राजगीर अनुमंडल की टीम को 3-1 से हराकर खिताब जीत लिया। पहले हाफ में दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। मुख्य अतिथि जहानाबाद सांसद सुरेंद्र यादव, जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी और पूर्व विधायक अजय यादव मौजूद थे।

मॉयल लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय
मॉयल भवन, 1-A, काटोल रोड, नागपुर - 440013, महाराष्ट्र
CIN: L99999MH1962GOI012398

निश्चित अवधि रोजगार (FIXED TERM) अंतर्गत भर्ती

मॉयल लिमिटेड, मिनिरत्न श्रेणी-I, शेड्यूल "A" CPSE, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत निश्चित अवधि रोजगार (Fixed Term) भर्ती के आधार पर आवेदन आमंत्रित है।

अनु.	पदों के नाम	पदों की संख्या
1	परियोजना अभियंता (यांत्रिकी)	2
2	परियोजना अभियंता (विद्युत)	1
3	वरिष्ठ परियोजना अभियंता (यांत्रिकी)	2
4	वरिष्ठ परियोजना अभियंता (विद्युत)	2
5	फंक्शनल कंसल्टेंट (SAP S/4 HANA के साथ RISE HCM)	1
6	फंक्शनल कंसल्टेंट (SAP S/4 HANA के साथ RISE FICO)	1
7	फंक्शनल कंसल्टेंट (SAP S/4 HANA के साथ RISE MM)	1
8	फंक्शनल कंसल्टेंट (SAP S/4 HANA के साथ RISE PM)	1
9	फंक्शनल कंसल्टेंट (SAP S/4 HANA के साथ RISE SD)	1
10	फंक्शनल कंसल्टेंट (SAP S/4 HANA के साथ RISE PP)	1

अन्य जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.moil.nic.in पर 'Recruitment' लिंक पर लॉग ऑन करें। इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी संशोधन / बदलाव केवल मॉयल की वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा।

कृते मॉयल लिमिटेड
महाप्रबंधक (खान) एवं अतिरिक्त प्रभार विभाग प्रमुख (कार्मिक)

◆ MOIL - Adding Strength to Steel | हर एक काम देश के नाम ◆

पंचायत कोना

आंजन की जर्जर सड़क पर हादसों का खतरा

पंचायत सूत्र, जागरण• करनिया (बांकेबाजार) : परसावां खुर्द पंचायत के आंजन गांव में मुख्य निकासी सड़क की जर्जर हालत से ग्रामीण परेशान हैं। जगह-जगह बने गड्ढों में नाले और घरों का गंदा पानी जमा रहता है, जिससे आवागमन जोखिम भरा हो गया है। पानी भरे गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लगने से कई बार बाइक सवार गिरकर घायल हुए हैं।

आंजन गांव की सड़क पर जल जमाव • जागरण

पैदल यात्रियों को भी कीचड़ और जल-जमाव से होकर गुजरना पड़ता है। प्राथमिक विद्यालय आंजन के पास सड़क टूट चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे नाला और समुचित जलनिकासी नहीं होने से समस्या बनी है। बरसात में स्थिति और बिगड़ जाती है। जनप्रतिनिधियों के मुताबिक, पहले हुए सड़क निर्माण कार्यों का भुगतान सरकार से नहीं मिला, जिससे आगे काम कराना कठिन है। ग्रामीणों ने जिला और प्रखंड प्रशासन से सड़क की शीघ्र मरम्मत तथा नाला निर्माण की मांग की है।

गयाजी में लगेगी श्रीकृष्ण सिंह की 65 फीट ऊंची प्रतिमा

जागरण संवाददाता, गयाजी : यंग ब्लड टीम ने बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डा. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती मनाई। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। आयोजक कुमार ओंकार शक्ति ने गयाजी में उनकी 65 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित करने और उन्हें भारत रत्न दिलाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाने की घोषणा की।

राजगीर एक्सप्रेस से 11 बोतल शराब जब्त, दो गिरफ्तार

संवाद सूत्र, जागरण• फतेहपुर : गया-कोडरमा रेलखंड पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने राजगीर एक्सप्रेस से 11 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त कर दो युवकों को गिरफ्तार किया। रेसुब ओपी गुरपा की टीम ट्रेन संख्या 13233 अप राजगीर एक्सप्रेस में जांच कर रही थी। इसी दौरान सामान्य कोच के दरवाजे के पास दो युवक संदिग्ध अवस्था में मिले।

RKTV

संदेह प्रमाण का पर्याय नहीं हो सकता

एक जरूरी इन्कार

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने राहुल गांधी एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात करने में असमर्थता जताकर बिल्कुल सही कदम उठाया। जिस मामले की सुप्रीम कोर्ट पहले से ही सुनवाई कर रहा हो, उसे लेकर किसी दल के नेताओं को मुख्य न्यायाधीश से संपर्क एवं संवाद करने का न तो कोई औचित्य है और न ही ऐसी कोई परंपरा रही है। राहुल गांधी शुद्ध संकीर्ण राजनीतिक कारणों से एक नई, किंतु खराब परंपरा स्थापित करने की जो कोशिश कर रहे थे, उसे खारिज किया जाना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य था। यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने राहुल गांधी के समक्ष उन कारणों को दो टूक ढंग से स्पष्ट किया कि वे उनसे मुलाकात क्यों नहीं कर सकते? अच्छा हो कि राहुल गांधी को यह समझ आए कि वे हर मामले में मनमानी नहीं चला सकते। उन्हें सुनिश्चित लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के साथ ही आगे बढ़ना होगा। इसलिए और भी, क्योंकि वे गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार करने के आदी हो चुके हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआइआर के मुद्दे पर ही राष्ट्रपति से मुलाकात करने के बाद इतना अधिक बेतुका बयान दिया कि राष्ट्रपति भवन को उसका तुरंत खंडन करना पड़ा। इस खंडन ने राहुल गांधी को एक अगंभीर एवं अविश्वसनीय नेता के तौर पर ही रेखांकित किया। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि एक बार वे सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर भी गलत बयानी कर चुके हैं। इसके लिए उन्हें माफी भी मांगनी पड़ी थी, लेकिन उनका रवैया सुधरा नहीं। एसआइआर के मुद्दे को अनावश्यक तूल दे रहे राहुल गांधी ने इस तथ्य की अनदेखी की कि इस मुद्दे की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश की पीठ की ओर से ही की जा रही है। यदि उन्हें इस मामले में कुछ और कहना-बताना था तो उसका तरीका याचिका ही हो सकता था। आखिरकार उन्हें इसी तरीके का सहारा लेना पड़ा। वैसे तो राहुल गांधी एक लंबे अर्से से एसआइआर को वोट चोरी बताने में लगे हुए हैं, लेकिन जबसे यह समाचार आया कि एसआइआर के कुछ पहलुओं पर दोनों चुनाव आयुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त से असहमत थे, तबसे राहुल गांधी नए सिरे से आक्रामक हो गए। हालांकि इस खबर के बाद तीनों चुनाव आयुक्तों ने यह बयान जारी करके स्पष्ट किया कि जो भी असहमतियां थीं, उनका समाधान कर लिया गया था। कायदे से इसके साथ ही इस प्रसंग का पटाक्षेप हो जाना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने सड़कों पर उतरना आवश्यक समझा। बहती गंगा में हाथ धोने के लिए काकरोच जनता पार्टी के लोग भी मैदान में आ गए। राहुल गांधी और सीजेपी के नेता कुछ भी दावा करें, एसआइआर को लेकर उनका शोरगुल एक शिगूफे से अधिक कुछ नहीं।

देखरेख जरूरी

पंचायतों में हर घर नल से जल योजना के तहत अब सोलर बिजली से पानी के मोटर चलाने की योजना बन रही। पंचायती राज विभाग इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर रहा और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए कैबिनेट को भेजा जाएगा। राज्य में ऐसे 1.23 लाख पानी के मोटर संचालित हैं, जो सोलर बिजली से भी ऊर्जान्वित होंगे। यह योजना तो अच्छी है, लेकिन देखरेख बड़ा प्रश्न है। अक्सर ऐसा देखा जाता है कि बड़े उत्साह के साथ योजना लागू की जाती है, लेकिन कुछ समय के बाद उसकी उपयोगिता कई कारणों से बाधित हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि सोलर बिजली से पानी के मोटर चलाने की योजना में देखरेख का भी प्रविधान हो। किसी मेंटेनेंस कंपनी को जिम्मेदारी दी जाए। इसकी मानीटरिंग भी सख्ती के साथ हो। कई जगहों से तो ऐसी शिकायतें भी हैं, जहां पेयजल आपूर्ति मामूली कारणों से बाधित हो गई है। जाहिर है, जलापूर्ति निर्बाध रहे इसके लिए कोई जवाबदेह तंत्र चिह्नित नहीं है। प्रायः पंचायतें इसकी देखरेख करती हैं, लेकिन कहीं जलापूर्ति के बदले सामान्य शुल्क की वसूली और पेयजल की बर्बादी रोकने जैसे मुद्दों पर गहरी चुप्पी छा जाती है। अतः सुविधाएं दी जाएं तो उसके साथ जवाबदेह तंत्र भी विकसित किया जाए।

> कोई भी योजना लागू करने के साथ उसके लिए जवाबदेह तंत्र को विकसित करना जरूरी है।

कह के रहेंगे — माधव जोशी

जागरण जनमत — कल का परिणाम

क्या आराधना मिश्रा के प्रदेश अध्यक्ष बनने से उत्तर प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी बढ़ती दिख रही है?



आज का सवाल
क्या दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन के लिए जंतर मंतर के बजाय तीन अन्य स्थानों को चिह्नित किए जाने का फैसला सही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। (सभी आंकड़े प्रतिशत में)

भरोसे के संकट से जूझता विपक्ष

आशुतोष झा

राजनीतिक दल यह समझें कि बगैर विश्वसनीयता के न तो आंदोलन लंबा खिंच सकता है और न ही राजनीति

जो बात आज तक बंद कमरे में कही जा रही थी, जिस बात की अटकलें लगती थीं या फिर आरोप लगता था, उसे आखिरकार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने खुद ही स्वीकार कर लिया है। चेन्नई में उन्होंने साफ-साफ कहा कि सरकार विरोधी आंदोलन को वह सत्ता बदलने और जाहिर तौर पर हासिल करने का संग्राम बनाना चाहते हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी अगर मुद्दा आधारित चुनावी राजनीति के बजाय अगले दो-ढाई साल तक इसी तरह आंदोलन करना चाहती है, सड़कों को बंद करना चाहती है, सरकार का विरोध करने के लिए भारतीय कंपनी की बजाय विदेशी कंपनी का स्वागत करना चाहती है तो यह स्वाभाविक रूप से चिंताजनक है। यह सोचना भी खतरनाक है कि पड़ोसी देश नेपाल और बांग्लादेश में जो कुछ और जिस तरह हुआ वह सही था। बहुत जरूरी है कि स्थापित राजनीतिक दल यह समझें कि जनता की उनसे गंभीर अपेक्षाएं होती हैं। अगर वह भी सामान्य छात्र संगठनों से प्रतिस्पर्धा करने लगेंगे तो अपने ही हाथ जलाएंगे।

लोकतंत्र में आंदोलन गैर-कानूनी नहीं है, लेकिन आंदोलन की सियासत राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता को ही खत्म करती है। खासतौर से तब जबकि मुद्दे का जमीनी जुड़ाव न हो। उसमें तथ्यों की कमी हो। कांग्रेस और विपक्षी दलों ने यहीं गलती कर दी। आंदोलन के जरिये उन्होंने सत्ता हासिल करने का मंसूबा तो जाहिर कर दिया, लेकिन मुद्दा गलत चुन लिया। मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर को मुख्य मुद्दा बना लिया। वोट चोरी का नारा बुलंद किया जा रहा है, लेकिन खुद राहुल गांधी की ओर से शुरू किए गए सत्याग्रह पोर्टल ने मुद्दे की पोल खोल दी। इसमें लगभग दो प्रतिशत लोगों ने ही वोट चोरी को बड़ा मुद्दा माना है। अगर कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं से इतना भी मैनेज नहीं करवा पाई है तो आश्चर्य है कि ढाई साल तक आंदोलन कैसे चल पाएगा।

राहुल गांधी ने कुछ समय पहले कहा था कि ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे और तेजस्वी यादव भी वोट चोरी की बातों से पूरी तरह सहमत नहीं। हाल में आइएनडीआइए की बैठक में भी साफ हुआ कि कांग्रेस के ही कई नेता उनकी बातों से सहमत नहीं हैं। फिर ऐसे मुद्दे का चयन क्यों, जो जमीन से जुड़ा ही न हो। कांग्रेस की रणनीति भी समझ से परे है। छात्रों की गूंज जैसे गंभीर मुद्दे पर फूहड़ हास्य का चयन क्यों किया जाता रहा, जबकि उसका नुकसान ही हुआ। राष्ट्रपति से मिलने के बाद यह कहना कि उन्होंने वोट चोरी का आरोप मान लिया, जैसे बयान भी विश्वसनीयता के लिए घातक हो रहे हैं और बगैर विश्वसनीयता के न तो आंदोलन लंबा खिंच सकता है और न ही राजनीति।

एसआइआर की बात होते ही 13 करोड़ के आंकड़े उछाल दिए जाते हैं। इसे जितनी बार दोहराया जाएगा विश्वसनीयता उतनी कम होती जाएगी, क्योंकि आरोप-प्रत्यारोप के इस दौर में अब आम लोगों को भी आंकड़ा याद होने लगा है कि आपत्ति जताने वालों की संख्या इसके दसवें हिस्से से भी कम है। यह सच है कि कानूनी रूप से वैध एक भी मतदाता सूची से बाहर नहीं छूटना चाहिए। चुनाव आयोग को भी इसकी पूरी फिक्र करनी चाहिए कि हर किसी को पर्याप्त समय मिले और अधिकारी फैसला लेने में सक्षम हों। विपक्षी दलों को बहुत फायदा होता अगर अपने कार्यकर्ताओं को सड़क बंद कराने की बजाय इस काम में लगा दिया होता कि उन मतदाताओं को दस्तावेज तैयार कराने से लेकर सुनवाई तक में मदद करें, जिनके नाम कथित रूप से बाहर हो गए हैं, पर ऐसा नहीं किया गया। एसआइआर मामले में विश्वसनीयता तभी बनेगी, जब ये राजनीतिक दल अपने खाते में कम से कम दस-दस हजार ऐसे नाम जोड़ें जो उनके परिश्रम के कारण मतदाता सूची में शामिल हुआ। फिलहाल किसी के खाते में एक भी नाम नहीं है। लिहाजा आंदोलन की राजनीति के बजाय सकारात्मक एजेंडे और रोडमैप की राजनीति पर जाना उनके हित में होगा। वे एंटी इनकंबेंसी के भरोसे न रहें कि सरकारें स्वतः बदल जाती हैं। यही सोच भ्रष्टाचार को बढ़ाता है। सरकारें तब भी दोबारा आती रही हैं, जब पूर्व में हुए एसआइआर को लेकर विवाद नहीं खड़ा हुआ करता था।

पिछले सप्ताह राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने लगातार तीन दिन तक दिल्ली में आंदोलन किया। रोज दोपहर के बाद विपक्षी दलों में भी सरप्राइज फैक्टर होता था कि आज किस तरफ जाना है और कहां धरना देना है। दो दिन बाद काकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी ने आंदोलन की घोषणा की और उससे निपटने के लिए शासन-प्रशासन की तैयारी अभूतपूर्व थी। सच्चाई यह है कि राजनीतिक दलों का आचरण और व्यवहार एक सीमा के अंदर होता है। वहां जिम्मेदारी किसी एक व्यक्ति या समूह तक पहुंचती है। सीजेपी जैसे संगठन के आंदोलन में मर्यादा और जिम्मेदारी की यह सीमा नहीं होती। जुलाई में आंदोलन के दौरान यही तो हुआ जब आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के शामिल होने के सवाल पर सीजेपी ने पल्ला झाड़ लिया था। इसीलिए यह जिम्मेदारी पुलिस को लेनी होती है।

संविधान में सरकार गिराने और सरकार गठन का रास्ता तय है। दोनों ही नंबर से तय होते हैं और नंबर के लिए चुनाव जरूरी होते हैं। चुनाव के लिए वैध मतदाता संविधान की जरूरत है और वैध मतदाता की पहचान के लिए एसआइआर जरूरी है। संविधान स्पष्ट करता है कि किसी कानूनी प्रक्रिया की पड़ताल कोर्ट करेगा और कोर्ट ने एसआइआर को वैधानिक माना है। कोई आपत्ति है तो राजनीतिक दलों को फिर से कोर्ट जाना चाहिए। आखिर अब तक कोई राजनीतिक दल ज्ञानेश कुमार के खिलाफ शिकायत लेकर कोर्ट क्यों नहीं गया। दूसरों के पीछे छिपने का क्या अर्थ है। जो तथ्य विपक्षी दल राष्ट्रपति को नहीं दे सके, वह कोर्ट में पेश किया जाना चाहिए। जो लोग सूची से बाहर हुए हैं, ऐसे मतदाताओं को दोबारा शामिल कराने के लिए पर्याप्त मदद देनी चाहिए। राजनीतिक दलों से इस व्यवहार की आशा जनता करती है, राजनीतिक दल से टूट कर बने किसी संगठन से यह आशा अपेक्षा नहीं होती है। वैसे खुद को छात्रों का प्रतिनिधि बताकर अब धीरे-धीरे राजनीति में प्रवेश की महत्वाकांक्षा पाले सीजेपी का चेहरा भी साफ होने लगा है। इसलिए उसे भी जवाब के लिए तैयार होना होगा। इस प्रेशर ग्रुप से अपेक्षा की जाएगी कि वह अपने राजनीतिक साथियों पर दबाव बनाए। सुधार का रास्ता तो विधायिका से ही आएगा।

(लेखक दैनिक जागरण के राजनीतिक संपादक हैं)
response@jagran.com

माता-पिता के रहते भी अनाथ होते बच्चे

क्षमा शर्मा

इन दिनों पति और बच्चों के रहते कुछ महिलाओं का दूसरे पुरुष के साथ शादी करने के मामले बढ़ने लगे हैं

हाल में एक वीडियो देखा, जिसमें एक महिला मांग में सिंदूर भरे, काजल, बिंदी और नेल पालिश लगाए, सिर ढके हुए है। साथ में उसका पुरुष मित्र खड़ा है। एक यूट्यूबर उससे सवाल करता है-तो आप अपने पति को छोड़ आई हैं? महिला कहती है-हां। यूट्यूबर फिर पूछता है-कारण क्या था? महिला कहती है-पति से प्यार नहीं करती थी। जिससे प्यार करती थी, उसके साथ आ गई। रिपोर्टर पूछता है-सुना है, आपके कई बच्चे हैं। महिला कहती है-हां, हैं। रिपोर्टर पूछता है-तो उनका क्या होगा? महिला कहती है-जो हो, सो हो। जिसके बच्चे हैं, वह पाले। एक दूसरे वीडियो में मुस्लिम महिला सिंदूर लगाए दिखाई देती है। लड़के की मां उसे भला-बुरा कह रही है। रिपोर्टर लड़के से कहता है-आपकी मां बहुत नाराज हो रही हैं। क्या इन्हें साथ रखेंगे? लड़का कहता है-हां, रखेंगे। एक अन्य वीडियो में देखा कि एक सत्रह साल का लड़का चालीस साल की महिला से मंदिर में शादी कर लेता है। उसे घर लाता है तो घर वाले महिला को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होते हैं। मां कहती है कि यह उम्र में मुझसे कुछ ही छोटी है, मैं इसे अपनी बहू कैसे मान लूं? इस महिला के कई बच्चे भी हैं। इस पर महिला कहती है कि उनकी देखभाल पति करेगा। इन सभी महिलाओं की कहानियों में मोबाइल की प्रमुख भूमिका है। वे बताती हैं कि मिस्ड काल आया था। बातचीत होने लगी, फिर प्यार हो गया।

इनसे अलहदा ऐसी कहानियां भी प्रकाश में आई हैं, जहां कोई महिला अपने दामाद के साथ चली गई। उसने अपनी लड़की के भविष्य के बारे में नहीं सोचा। एक महिला तो लड़की की शादी तय होने के बाद होने वाले दामाद से बातचीत करने लगी, फिर उसी के साथ रहने पर अड़ गई। किसी को अपने समधी से मोहब्बत हो गई। वह उसके साथ रहने पर अड़ गई। इन सभी कहानियों में एक जैसी बात जो सुनाई देती है, वह यह है कि शादी इनकी नहीं, इनके माता-पिता की मर्जी से हुई थी। इन्होंने जीवन में जिम्मेदारियों के अलावा प्यार जैसी चीज को कभी महसूस ही नहीं किया। इसलिए जैसे ही लगा कि किसी से प्यार हो गया है तो सब कुछ छोड़कर उसके साथ हो लीं। यह देखना भी दिलचस्प है कि इनमें से शायद ही किसी महिला का अपने पति से संबंध-विच्छेद हुआ है, तलाक लिया है या वे उससे अलग रह रही थीं। सब पति के साथ ही रह रही थीं और मंदिर में जाकर शादी कर ली। ऐसे में कानूनी तौर पर तो इनका विवाह अवैध ही माना जाएगा। कल को यदि वह लड़का या नवयुवक, जिसके साथ ये अपने परिवार को छोड़कर चली आई हैं, वह भी इनसे किनारा कर ले तो कानून और पुलिस भी इनकी मदद नहीं कर सकेंगे। हां, यदि ये दुष्कर्म का आरोप लगा दें, तब शायद कुछ मदद हो सके, लेकिन वह भी कितनी होगी, कहा नहीं जा सकता। ऐसी ही एक घटना में महिला जिस लड़के के साथ गई थी, उसे छोड़कर अपने पति के पास लौटी थी, मगर उसने उसे अपनाने से मना कर दिया।

बच्चों के पालन-पोषण से जुड़ी नई चुनौतियां • फाइल

इन मामलों का एक दूसरा पहलू भी है कि सभी महिलाओं के कई-कई बच्चे हैं। वे अपनी मां को खोज रहे हैं। वे बच्चे अपने संगी-साथियों, अड़ोस-पड़ोस के ताने एवं मजाक सुन रहे हैं। कइयों ने तो स्कूल तक जाना छोड़ दिया है। वे उस शर्मिंदगी को झेल रहे हैं, जिसमें उन्होंने कुछ नहीं किया। यह भी देखना दिलचस्प है कि ऐसी घटनाएं महानगरों के मुकाबले छोटे शहरों और गांवों में अधिक हो रही हैं। ऐसा क्यों हो रहा है, यह समाजशास्त्रीय अध्ययन का विषय भी हो सकता है। पुराने जमाने से सुन रहे हैं कि पुत्र कुपुत्र (बुरा या नालायक) हो सकता है, लेकिन माता कभी कुमाता (बुरी) नहीं हो सकती, लेकिन इन घटनाओं ने जैसे इस विचार पर भी विराम लगा दिया है। स्त्रीवादी विचार इसे महिला की पसंद और उसके निर्णय लेने की क्षमता मान सकता है। यह भी कह सकता है कि आखिर स्त्री को भी अपनी जिंदगी चलाने के गलत-सही फैसले लेने का हक है। फिर बच्चों को पालने की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं की ही तो नहीं है। अर्से से पुरुष अपनी पत्नी के होते हुए भी दूसरी ले आते हैं, तब तो कोई शिकायत नहीं करता, लेकिन आज महिलाएं ऐसा करने लगीं तो सबको शिकायत हो रही है, लेकिन यदि स्त्री के अधिकार हैं तो ऐसे मामलों में उन बच्चों के अधिकारों को कैसे परिभाषित किया जाएगा? उनका तो पूरा जीवन ही दांव पर लग गया है। अब वे किसके पास जाएंगे? यदि अपनी मां ही उन्हें छोड़कर चली गई तो कौन दूसरा है, जो उनकी सुनेगा? कल को यदि पिता भी दूसरी शादी कर ले तो उनका क्या होगा? यदि अपनी मां ही अपने बच्चों को पालना, उनकी देखभाल करना नहीं चाहती तो विमाता ऐसा क्यों करेगी? वह कह सकती है कि वह दूसरों के बच्चे क्यों पाले। ऐसे में उन बच्चों के पास न तो कोई अपना होगा, न कोई घर होगा। फिर उनकी पढ़ाई-लिखाई कैसे होगी? उनके खाने-पीने का ध्यान कौन रखेगा? कल को बीमार पड़ें तो उनकी देखभाल कौन करेगा? कोई मारपीट करे तो उन्हें कैसे बचाया जाएगा?

बच्चों के लिए काम करने वाले संगठन कहते हैं कि बच्चों के समुचित विकास के लिए माता-पिता, दोनों का प्यार और स्नेह चाहिए। उन्हें प्यार के साथ डांटने और समझाने-बुझाने वाला तथा अच्छा करने पर तारीफ करने वाला भी चाहिए, लेकिन ये बच्चे तो माता-पिता के रहते हुए भी जैसे अनाथ होकर जी रहे हैं।

(लेखिका साहित्यकार हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

शरणागत

'शरणागत' शब्द केवल किसी के आश्रय में चले जाने का संकेत नहीं है। शरणागत है, जो अपने अहंकार, भय और सीमित सामर्थ्य को पहचानते हुए किसी उच्चतर सत्य, ईश्वर या सद्गुरु के प्रति श्रद्धापूर्वक स्वयं को समर्पित कर देता है। यह समर्पण कमजोरी नहीं, बल्कि उस आंतरिक शक्ति का परिचायक है, जिसमें मनुष्य अपनी सीमाओं को स्वीकार करके असीम सत्ता पर विश्वास करना सीखता है। शरणागति को आत्मशुद्धि और आत्मोन्नति का महत्वपूर्ण मार्ग माना गया है।

गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं-शरणागति केवल बाहरी रूप से ईश्वर की शरण ग्रहण करना नहीं है, बल्कि अपने अहंकार, कर्तापन और फल की आसक्ति को परम सत्य के समक्ष अर्पित करना है। जब मनुष्य यह स्वीकार करता है कि वह सब कुछ अपने बल पर नियंत्रित नहीं कर सकता, तभी उसके भीतर वास्तविक विश्वास का जन्म होता है। रामायण में भी शरणागत की रक्षा को धर्म का महान आदर्श माना गया है। श्रीराम का यह भाव कि जो एक बार शरण में आ जाए, उसे अभय देना उनका व्रत है, हमें बताता है कि शरणागति केवल व्यक्ति और ईश्वर के बीच का संबंध नहीं, बल्कि मानव आचरण का भी आदर्श है। जो स्वयं शरणागत होने का अर्थ समझता है, वह दूसरों के प्रति भी करुणा और संरक्षण का भाव विकसित करता है।

शरणागति का अर्थ परिस्थितियों से पलायन नहीं है। सच्चा शरणागत कठिनाइयों के सामने हाथ नहीं छोड़ता। वह ईश्वर में विश्वास रखते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाह करता है। उसके कर्म में पुरुषार्थ रहता है, लेकिन परिणाम के प्रति अहंकार नहीं। यही समर्पित कर्म धीरे-धीरे मन को भय, चिंता और अस्थिरता से मुक्त करता है। वास्तविक शरणागति तब जन्म लेती है, जब 'मैं' का आग्रह धीरे-धीरे कम होने लगता है और उसके स्थान पर 'आप' का भाव विकसित होता है। अहंकार के क्षय के साथ विनम्रता आती है, भय के स्थान पर विश्वास और अशांति के स्थान पर आंतरिक शांति।

प्रो. अनन्दप्रकाश त्रिपाठी 'रत्नेश'

पाठकनामा

pathaknama@pat.jagran.com

विरोध के नाम पर अराजकता

'आंदोलन वही, जो भरोसा पैदा करे' शीर्षक से प्रकाशित डा. रमानंद शर्मा का लेख पढ़ा। कुछ दिनों पहले नीट पेपर लीक से आक्रोशित युवा मन को भुनाने वाले सीजेपी के कथित छात्र आंदोलन को केंद्र सरकार ने दबाया नहीं, बल्कि युवा मन की पीड़ा को समझते हुए वह सब कुछ किया जो उस समय की परिस्थिति में उचित था, लेकिन एक विशुद्ध राजनीतिक मांग के साथ सीजेपी का दिल्ली को बंधक बनाने का मंसूबा था जिसको न तो सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मिली और न ही दिल्ली पुलिस ने उसे परवान चढ़ने दिया। असहमति और विरोध स्वस्थ लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता फैलाने की कोशिश करना राष्ट्र विरोधी कृत्य है। जिस एसआइआर का विपक्षी दलों द्वारा विरोध किया जा रहा है, वह एक कानूनसम्मत प्रक्रिया है। जो कांग्रेस के शासनकाल में भी अपनाई गई थी और अब भी उसी संवैधानिक प्रक्रिया से मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। बावजूद उसके यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह उचित स्थान पर अपनी आपत्ति दर्ज कराने के लिए स्वतंत्र है। देश का सर्वोच्च न्यायालय इस तरह की आपत्तियों पर नियमित रूप से सुनवाई कर भी रहा है, फिर देश के माहौल को तनावपूर्ण क्यों बनाया जा रहा है? राजनीतिक दलों का मोहरा बनने वाली सीजेपी को भी यह बात समझनी चाहिए कि भारत जैसे मजबूत लोकतांत्रिक देश को बंधक बनाकर बैक डोर से सत्ता पर काबिज नहीं हुआ जा सकता। नीट पेपर लीक के जायज मुद्दे पर देश का युवा मन उनके साथ था, लेकिन अब एसआइआर की ओट में 'वोट चोरी' के झूठे आरोप के साथ चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को निशाने पर लेने से वही युवा मन उससे छिटक गया, जिससे उनकी सुनियोजित मुहिम फ्लाप हो गई। विरोध की ओट में देश को अस्थिर करने वाली अराजकता को समर्थन नहीं मिल सकता।

डा. वीपी पाण्डेय, अलीगढ़, उप्र।

विपक्ष को समझनी होगी भूमिका

लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति केवल बहुमत से सरकार बनाने में नहीं, बल्कि असहमति के सम्मान और सत्ता की जवाबदेही में निहित है। सत्ता पक्ष को शासन चलाने का जनादेश मिलता है तो विपक्ष को उसकी नीतियों पर सवाल उठाने और जनहित की आवाज बनने का दायित्व। दोनों की भूमिकाएं अलग हैं, लेकिन उद्देश्य लोककल्याण होना चाहिए। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा जब जनसमस्याओं के समाधान के बजाय आरोप-प्रत्यारोप और वर्चस्व की लड़ाई में उलझ जाती है, तब लोकतंत्र का मूल उद्देश्य प्रभावित होता है। बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों की समस्याओं पर विमर्श व ठोस पहल की आवश्यकता है। बहुमत का अर्थ निरंकुशता नहीं व विपक्ष की भूमिका हर निर्णय का विरोध करना नहीं है।

प्रभात कुमार भारती, हंसारपुर, मधुबनी।

पात्र को मिले लाभ

डिजिटल तकनीक ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और निगरानी की संभावनाएं बढ़ाई हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी व्यवस्थाओं का उद्देश्य बिचौलियों की भूमिका सीमित करना और सहायता सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है। हालांकि, तकनीक पर बढ़ती निर्भरता के बीच यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि वास्तविक लाभार्थी अपने अधिकारों से वंचित न हों। ग्रामीण रोजगार योजनाओं में डिजिटल माध्यम से श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था इसका उदाहरण है। इसका उद्देश्य फर्जी हाजिरी और भुगतान में अनियमितताओं पर रोक लगाना है। लेकिन कमजोर मोबाइल नेटवर्क, तकनीकी खराबी और डिजिटल संसाधनों की कमी श्रमिकों के लिए परेशानी पैदा कर सकती है। विशेषकर दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। तकनीकी कारणों से उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर वास्तविक श्रमिकों की मजदूरी प्रभावित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था और शिकायतों के त्वरित निस्तारण की सुविधा आवश्यक है। सरकारी योजनाओं की सफलता केवल डिजिटल निगरानी बढ़ाने से नहीं, बल्कि पात्र व्यक्तियों तक समय पर लाभ पहुंचाने से तय होगी। तकनीक को सुविधा और पारदर्शिता का माध्यम बनाना चाहिए, अधिकारों की प्राप्ति में बाधा नहीं।

युगल किशोर राही, छपरा

पोस्ट

अमेरिका रूस से ईंधन आयात करने पर भारत को दंडित करता है और ऐसा करने वाले अन्य देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी देता है और फिर ट्रंप बड़ी ढिठाई के साथ एलान करते हैं कि अमेरिका भी रूस से तेल खरीदेगा।

निकोलस क्रिस्टोफ @NickKristof

अन्ना आंदोलन से जुड़े लोग भी दावा करते थे कि भ्रष्टाचार खत्म कर देंगे, पर सत्ता में आए तो खुद भ्रष्ट हो गए। अब वैसी ही कहानी दोहराई जा रही है। इस सबमें जनता पिटती है और कुछ महत्वाकांक्षी लोगों का राजनीतिक सफर शुरू हो जाता है। ये लोग कब किससे हाथ मिला लेंगे, यह जनता को पता ही नहीं होता। ऋचा अनिरुद्ध @richaanirudh

एसआइआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च करने वाली कांग्रेस यह समझे कि मामला अदालत में विचाराधीन है तो सीजेआइ से मिलना संभव नहीं। अदालतों पर दबाव बनाने का प्रयोजन क्या है? हमारी अदालतें राजनीतिक बहस का अड्डा नहीं हैं। राजनीति करना राजनीतिक दलों का काम है। अदालतों को इसमें घसीटना सही नहीं है। संवैधानिक संस्थाओं पर हमले करके आप न्याय के मंच को कमजोर ही कर रहे हैं। ब्रज मोहन सिंह @brajjourno

जनपथ

दिखे सगाया मस्क से पर भारत से रश्क,
हर उन्नति पर देश की दिखे बहाते अश्क।
दिखे बहाते अश्क बिगड़ती इनकी बानी,
एलन मस्क से प्यार और दुश्मन अंबानी!
उद्यमियों का नाम रोज जप करते स्यापा,
ट्रंप-मस्क के साथ किसलिए दिखे सगापा?

-ओम प्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान सम्पादक- स्व. नरेन्द्र मोहन, प्रधान सम्पादक -संजय गुप्त
जागरण प्रकाशन लिमिटेड के लिये आनन्द त्रिपाठी द्वारा सी-5, सी-6 व 15 ... पाटलिपुत्र, पटना-800013 से प्रकाशित एवं मुद्रित, सम्पादक ... प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय सम्पादक - आलोक मिश्रा * दूरभाष : 0612-2277071, 2277072, 2277073
E-mail: Patna@pat.jagran.com, R.N.I. NO. BIHHIN/2000/03097* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत ... नं. R-10/NP-18/14-16 समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे। वर्ष 27 अंक 162

RKTV

एक नजर में

परोरिया स्थित हाट मेले बाजार से एक बाइक चोरी

मानपुर : मानपुर से फतेहपुर जाने वाली सड़क पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के परोरिया स्थित हाट मेले में खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। घटना सोमवार की है। इस मामले में सुरहरी गांव निवासी बाइक मालिक धर्मेंद्र कुमार ने मुफस्सिल थाने में लिखित आवेदन देकर पुलिस से शिकायत की है। उन्होंने अज्ञात चोरों पर बाइक चोरी करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद बाइक मालिक परेशान हैं। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। साथ ही बाइक चोरी की घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है। (संसू)

मनियारा के 23 ग्रामीणों के खिलाफ बिजली चोरी की कराई गई प्राथमिकी

परैया : थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के आरोप में बिजली विभाग ने मनियारा गांव के 23 ग्रामीणों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। बिना वैध कनेक्शन के बिजली इस्तेमाल करने और तार जोड़कर बिजली आपूर्ति लेने के आरोप हैं। पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष सुनीता कुमारी ने बताया कि मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। (संसू)

चोरी मामले में डाग स्क्वाड के टीम ने किया निरीक्षण

संवाद सूत्र, जागरण, इमामगंज : नगर पंचायत इमामगंज के वार्ड संख्या एक स्थित पकरा गांव में बंद घर से लाखों रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सोमवार को डाग स्क्वाड की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि रविवार की रात बंद घर से 15 हजार रुपये नकद और करीब पांच लाख रुपये के जेवरात चोरी किए गए थे। पीड़िता के आवेदन पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही चोरीकांड का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

इंडिगो की विमान से राजीव प्रताप रुडी का गयाजी एयरपोर्ट पर आगमन

बोधगया : गयाजी एयरपोर्ट पर सोमवार को लोकसभा सांसद राजीव प्रताप रुडी का आगमन हुआ। इंडिगो की घरेलू विमान से वे दिल्ली से गयाजी एयरपोर्ट पर उतरे, उसके बाद एक कार्यक्रम में शामिल होने औरंगाबाद गए थे, कार्यक्रम से वापस आने के बाद वापस शाम की इंडिगो की विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

महिला पहलवानों ने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में बनाई जगह

जागरण संवाददाता, गयाजी : गया जिले की तीन महिला पहलवानों ने राज्य स्तरीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। सोमवार को पटना के राजेंद्र नगर स्थित खेल भवन में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता 2026-27 के अंडर-14 और अंडर-17 बालिका वर्ग में खेलो इंडिया कुश्ती सेंटर, गया की निहारिका कुमारी शर्मा, दुर्गेश नंदनी और अदिति कुंवर राजपूत ने पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल की। तीनों पहलवान 31 अक्टूबर से पांच नवंबर तक दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

राज्य स्तरीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाली गया जिले की तीन महिला पहलवान एवं अन्य। • सौजन्य खेल विभाग

खेलो इंडिया कुश्ती सेंटर, गया के कोच रामपूजन साहनी ने बताया कि अंडर-14 के 54 किलोग्राम भार वर्ग में रामपुर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर रोड नंबर तीन निवासी मनोज कुमार

राज्य स्तरीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में तीन महिला पहलवानों ने जीते पदक, 31 अक्टूबर से दिल्ली में दिखाएंगी दमखम

शर्मा और अमिता कुमारी की पुत्री निहारिका कुमारी शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, अंडर-14 के 62 किलोग्राम भार वर्ग में टेकुना फार्म, बनाथा रोड, बनगाई निवासी कुंदन कुमार और खुशबू कुमारी की पुत्री दुर्गेश नंदनी ने फाइनल मुकाबले में गोपालगंज की पहलवान को हराकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। इसी तरह, अंडर-17 के 62 किलोग्राम भार वर्ग में बाइपास निवासी ऋतुराज सिंह की पुत्री अदिति कुंवर राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाई। तीनों पहलवानों की सफलता से खेलो इंडिया कुश्ती सेंटर और जिले के खेल प्रेमियों में खुशी है। मौके पर मौजूद बिहार कुश्ती संघ के महासचिव विनय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। जिला खेल पदाधिकारी नेहा कुमारी ने भी तीनों पहलवानों की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई और उन्हें बधाई दी। अब तीनों खिलाड़ियों की नजर दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर है।

एएनएमसीएच में 4500 रुपये में होगी सीटी एंजियोग्राफी

निजी अस्पतालों की तुलना में कम खर्च पर मिलेगी आधुनिक सुविधा

मिलेगी राहत

जागरण संवाददाता, गयाजी : अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के सुपरस्पेशियलिटी विभाग में सीटी एंजियोग्राफी की सुविधा शुरू होने से मरीजों को राहत मिलेगी। अब यह जांच अस्पताल में 4500 रुपये में होगी, जबकि निजी अस्पतालों में इसके लिए करीब 12 हजार रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इस तरह मरीजों को प्रति जांच लगभग 7500 रुपये की बचत होगी। अस्पताल में आधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों की निजी अस्पतालों पर निर्भरता भी कम होगी। सीटी एंजियोग्राफी आधुनिक जांच तकनीक है, जिसके माध्यम से शरीर की रक्त वाहिकाओं और धमनियों की स्पष्ट तस्वीरें प्राप्त की जाती हैं। इससे हृदय, मस्तिष्क, फेफड़ों और शरीर के अन्य हिस्सों की रक्त वाहिकाओं में रुकावट, संकुचन या अन्य असामान्यताओं का पता लगाने में चिकित्सकों को मदद मिलती है।

मगध मेडिकल अस्पताल के सुपर स्पेशियलिटी में लगा सीटी एंजियोग्राफी • जागरण

क्या है सीटी एंजियोग्राफी : सीटी एंजियोग्राफी विशेष प्रकार की कंप्यूटर टोमोग्राफी (सीटी) जांच है। इसमें एक्स-रे और कंप्यूटर तकनीक की मदद से रक्त वाहिकाओं की विस्तृत तस्वीरें तैयार की जाती हैं। जांच के दौरान सामान्यतः नस के माध्यम से विशेष कंट्रास्ट दवा दी जाती है, जिससे रक्त वाहिकाएं स्पष्ट दिखाई देती हैं। यह बिना चीर-फाड़ के की जाने वाली जांच है। हालांकि, जांच से पहले मरीज की एलर्जी, गुर्दे की कार्यक्षमता और अन्य चिकित्सकीय पहलुओं का आकलन किया जाता है।

हृदय सहित कई अंगों की बीमारी की पहचान में मदद : इस जांच का उपयोग हृदय की धमनियों में रुकावट या संकुचन की आशंका का पता लगाने के साथ मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं और फेफड़ों की धमनियों से जुड़ी समस्याओं की पहचान में भी किया जाता है। जांच की जरूरत मरीज के लक्षणों और चिकित्सकीय स्थिति के आधार पर तय होती है। इससे प्राप्त तस्वीरों के आधार पर चिकित्सक बीमारी का आकलन कर आगे के उपचार की दिशा निर्धारित करने में मदद ले सकते हैं। यह जांच चिकित्सक की सलाह पर ही करानी चाहिए।

डाक्टरों और तकनीशियन की रहेगी भूमिका : सीटी एंजियोग्राफी से संबंधित चिकित्सकीय कार्य में डा. अमन सिन्हा, डा. अमित कुमार और डा. अबू हुरैरा की भूमिका है। वहीं, तकनीशियन आलोक कुमार गुप्ता जांच के तकनीकी कार्य में सहयोग करेंगे।

गया कालेज में जयप्रकाश नारायण जयंती पर व्याख्यान का आयोजन • सौजन्य कालेज

संपूर्ण क्रांति के प्रणेता थे जयप्रकाश नारायण

जागरण संवाददाता, गयाजी : गया कालेज के राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के व्यक्तित्व, कृतित्व और दर्शन पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. संजय तिवारी और लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष डा. अशोक कुमार ने जयप्रकाश नारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। डा. अशोक कुमार ने कहा कि जयप्रकाश नारायण स्वतंत्रता सेनानी, समाजवादी चिंतक और संपूर्ण क्रांति के प्रणेता के रूप में सदैव स्मरण किए जाएंगे। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान हजारीबाग जेल से निकलकर उन्होंने नेपाल में आजाद दस्ता के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1975 में पटना के गांधी मैदान से जयप्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति का आह्वान किया। आपातकाल के दौरान उन्हें नजरबंद रखा गया। वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी की जीत में उनकी अहम भूमिका रही, लेकिन उन्होंने कोई राजनीतिक पद स्वीकार नहीं किया। वर्ष 1999 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डा. संजय तिवारी ने दुष्यंत कुमार की प्रसिद्ध कविता के माध्यम से जयप्रकाश नारायण के योगदान और उनके विचारों की प्रासंगिकता रेखांकित की।

समाचार सार

युवतियां शिक्षा और परिश्रम से हासिल करें लक्ष्य

मगध विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्राएं व अतिथि • सौ. एबीवीपी

संवाद सूत्र, जागरण • बोधगया : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की बोधगया इकाई की ओर से सोमवार को मगध विश्वविद्यालय में 'तेजस्विनी युवती सम्मेलन' आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पटना एम्स के प्लास्टिक सर्जरी विभाग की अध्यक्ष डा. वीणा सिंह ने कहा कि शिक्षा, अनुशासन और निरंतर परिश्रम से युवतियां अपने लक्ष्य हासिल कर सकती हैं। अभाविप की प्रांत उपाध्यक्ष डा. प्रियंका तिवारी, बोधगया नगर परिषद की सभापति ललिता देवी और प्रो. अलका मिश्रा ने महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया। अंत में जिला छात्रा प्रमुख रूपा कुमारी गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। जिला प्रमुख डा. संजीव पांडेय, नगर अध्यक्ष जन्मेजय सिंह, जिला संयोजक अमित सिन्हा, सुमित मौर्य, सौरव स्वराज, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हर्ष सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता और छात्राएं उपस्थित रहीं।

एसडीपीओ को सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश

महिला हत्याकांड के स्वजन से मिलते एसएसपी सुशील कुमार • सौजन्य ग्रामीण

संवाद सूत्र, जागरण • खिजरसराय : खिजरसराय थाना क्षेत्र के बाना अभिवंचित टोले में महिला कांति देवी की हत्या के मामले में सोमवार को एसएसपी सुशील कुमार पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान मृतका के पति रामलखन मांझी और बहू गुंजन देवी ने आरोपितों पर केस उठाने का दबाव बनाने और लगातार धमकी देने की शिकायत की। स्वजन ने बताया कि धमकियों के कारण परिवार के लोग भयभीत हैं। एसएसपी ने उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए घर के पास पुलिस तैनात करने का निर्देश दिया। उन्होंने एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार सिंह को पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। इसके बाद एसएसपी मुख्य आरोपित के घर पहुंचे और उसके परिजनों से आरोपित को न्यायालय में आत्मसमर्पण कराने को कहा। इस दौरान खिजरसराय थानाध्यक्ष नेहा कुमारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

शेरघाटी के चिकित्सा पदाधिकारी निलंबित

जासं, गयाजी : शेरघाटी पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डा. उदय कुमार को विभाग ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, पटना तय किया गया है। सरकार के उप सचिव धर्मेंद्र राम के आदेश के अनुसार, केंद्र में परिधापक अखिलेश शर्मा की नियुक्ति फर्जी पाई गई थी। उन्हें 27 दिसंबर 2018 को सेवा से मुक्त कर दिया गया था। इसके बाद सीएस कार्यालय व आदेश में अखिलेश के ग्रुप जीवन बीमा, सामान्य भविष्य निधि तथा अन्य मदों में जमा राशि का भुगतान नहीं करने को कहा गया था। आदेश के बावजूद केंद्र प्रभारी डा. उदय ने अखिलेश को विभिन्न मदों में लाभ दिलाने के उद्देश्य से विभाग और अन्य कार्यालयों से पत्राचार शुरू किया। इससे हाईकोर्ट में स्वास्थ्य विभाग को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा।

धनिया बगीचा में दो माह में सड़क नाला निर्माण पूरा करने का निर्देश

जागरण संवाददाता, गयाजी : बिहार विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने सोमवार को नगर निगम के वार्ड संख्या 37 स्थित डेल्हा के धनिया बगीचा मोहल्ले में निर्माणाधीन सड़क और नाला का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए अगले दो माह में निर्माण कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने धनिया बगीचा स्थित नवस्थापित उच्च विद्यालय परिसर में कथित अवैध गौशाला संचालित होने और क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बिक्री की शिकायत की। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने संबंधित थाना प्रभारी को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखना और युवाओं को नशे से बचाना जरूरी है। उन्होंने विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण जल्द शुरू कराने की भी बात कही। इसके बाद उन्होंने वार्ड संख्या एक के खरखुरा में नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यहां नाली निर्माण पूरा हो चुका है। साथ ही निर्मित अशोक उच्च विद्यालय के भवन का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को विकास योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

साहित्यकार की जयंती पर सम्मान समारोह आयोजित

101वीं जयंती

जागरण संवाददाता, गयाजी : जगजीवन महाविद्यालय के बीसीए सभागार में साहित्यकार गोवर्धन प्रसाद सदय की 101वीं जयंती पर साहित्य महापरिषद की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सदय के साहित्यिक योगदान, उनकी भाषा-शैली और गया के साहित्यकारों से उनके गहरे जुड़ाव को याद किया। कार्यक्रम में 'सहयात्री' पत्रिका के नए अंक का लोकार्पण भी किया गया। इसके नए संपादक डा. प्रदीप कुमार हैं।

जगजीवन महाविद्यालय के बीसीए सभागार में साहित्यकार गोवर्धन प्रसाद सदय की जयंती पर सम्मान समारोह में उपस्थित साहित्य महापरिषद के सदस्य। • सौ. स्वजन

कार्यक्रम का शुभारंभ साहित्यकार डा. विनोद कुमार मंगलम, जगजीवन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. मो. ऐयूब, साहित्य महापरिषद के अध्यक्ष डा. राम सिंहासन सिंह, मुंगेर विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रो. रंजीत कुमार वर्मा, महामंत्री राजीव रंजन, प्रो. वीरेंद्र कुमार सिंह और डा. वीकेपी वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षीय संबोधन में डा. राम सिंहासन सिंह ने कहा कि गया सांस्कृतिक ही नहीं, साहित्यिक तीर्थ की भूमि भी है। डा. संगीता कुमारी ने राम के चरित्र की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. सुनील कुमार ने साहित्य को सत्य और न्याय की स्थापना का माध्यम बताया। सच्चिदानंद प्रेमी ने राम को मर्यादा का प्रतीक बताया। प्रो. रंजीत कुमार वर्मा ने सदय के प्रेरणादायी व्यक्तित्व को याद किया। वहीं, डा. विनोद कुमार मंगलम ने रामकाव्य में ज्ञान, अनुशासन, लोक और शास्त्र के समन्वय पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन राजीव रंजन ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डा. प्रदीप कुमार ने किया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. / 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त रंजीत, पुत्रः हरगोविंद, पताः ग्राम धुनरदेय, पोस्ट चौनपुर, कैमूर, भभुआ, बिहार-821103 ने FIR No. 170/2026, U/s 20 NDPS Act, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त रंजीत मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त रंजीत फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 170/2026, U/s 20 NDPS Act, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के अभियुक्त रंजीत से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 19.11.2026 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री शैलेंद्र मलिक
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस.), पश्चिम जिला
DP/14329/WD/2026 कमरा नं. 209, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

GOVERNMENT OF MEGHALAYA
EDUCATION DEPARTMENT

No. EDN.124/2026/29 Dated Shillong, the 30th September, 2026

PUBLIC NOTICE

Conduct of examinations and academic progression of existing enrolled students of CMJ University, Meghalaya

With reference to the UGC letter D.O. No. 8-21/2010(CPP-I/PU)/78587, dated 02-09-2026, the office of the Administrator, under the Government of Meghalaya, is directed to inform all students of CMJ University as follows: **"All students presently studying Diploma, Undergraduate and Postgraduate programmes at the University may be allowed to appear in examinations conducted under the supervision of an external agency/third party, under the overall responsibility of the State Education Department".**

Therefore, students are required to complete the form to submit their personal details for the examination using the QR code provided. Failure to submit the details will hinder the examination process, as these details are needed to arrange examinations with third-party institutions. The form link will remain active to accept responses until 01-11-2026.

Link - https://forms.gle/3aMvMVWX2DxnNSzv6

Sd/-
Administrator of CMJ University, Meghalaya
& Joint Secretary to the Govt. of Meghalaya
Education Department

MPR No.: 1769
Dated: 30-09-2026

भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में शामिल हों
JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

कमीशन अधिकारी

10+2 टेक्निकल एंट्री स्कीम (TES)– 57 कोर्स (जुलाई 2027) के लिए आवेदनों का स्वागत किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन **www.joinindianarmy.nic.in** पर 14 अक्टूबर 2026 से 12 नवंबर 2026 तक खुलेगा। TES-57 कोर्स के लिए JEE Mains 2026 अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, कक्षा 12 में PCM (भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित) में न्यूनतम 60% अंक होना चाहिए।

COMMISSIONED OFFICER

Applications are invited for 10+2 TES-57 course (Jul 2027). Online application will open on **www.joinindianarmy.nic.in** from **14 Oct 2026 to 12 Nov 2026.** JEE (Mains) 2026 is mandatory for TES-57 course. This is in addition to the criteria of minimum 60% marks in PCM (physics, chemistry and mathematics) in class 12th.

नोटः-
1. सेना में भर्ती पूरी तरह पारदर्शी और मुफ्त है। ठगों से सावधान रहें।
2. विस्तृत सूचना के लिए www.joinindianarmy.nic.in पर जाएँ।

Note :-
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC 10601/11/0032/2627

क्लासीफाइड

खोया-पाया

मैं राजमणि प्रसाद, पिता बुलकन महतो, पता- ग्राम- मड़वा, पो० एरईबेनीपुर, थाना- दनीयावां, जिला पटना का निवासी हूँ शपथ पत्र सं० 3449/25-08-26 द्वारा घोषणा करता हूँ। यह कि दिनांक 16-07-1986 को एक जमीन खरीदा था जिसका मौजा मड़वा थाना नं० 137 खाता सं० 82 खेसरा नं० 98 है यह कि दिनांक 04-07-26 को मैं अपने गाँव मड़वा से दनियावां बाजार जाने के क्रम में उपरोक्त दस्तावेज कहीं गिर गया जो अथक प्रयास के बाद भी नहीं मिला। SD NO. 752/26-08-26

नाम परिवर्तन

मैं, अजित कुमार राम, पिता-स्व. अमावस राम, ग्राम-हरला, पोस्ट-महुआरी, थाना-सोनहन, जिला-कैमूर भभुआ, राज्य- बिहार का मूल निवासी हूँ। शपथपत्र संख्या – 364/08.06.2026 से घोषणा करता हूँ कि अब से मेरी बेटी आराधना कुमारी के जगह अंशिमा अमेलिका के नाम से जानी जाएगी।

I, Radha Kumari, D/o Rajbanshi Ram R/o Basaon Mathiya Tola, Basaon, Siwan, Bihar-841406, have changed my name and shall hereafter be known as Khushboo Kumari.

पोल्ट्री

सण्डे हो या मण्डे – रोज खाओ अण्डे

[illegible]	6.00	93	175
[illegible]	5.95	103	185
[illegible]	5.85	95	175
[illegible]	5.85	95	175
[illegible]	5.85	98	175
[illegible]	6.00	93	195

Classifieds दैनिक जागरण

YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE in Patna

For More Details Contact
Ghanshyam Singh
9470645100
0612-2277071

पंजाब राज्य खेल संस्थान द्वारा पंजाब के 7 जिलों में जिला/उपउत्कृष्टता केंद्रों (स्कूल विंग्स) मेस चलाने के लिए निविदा आमंत्रण सूचना

उन फर्मों/व्यक्तियों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिनके पास सरकारी या प्रतिष्ठित निजी संस्थानों जैसे भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल उत्कृष्टता केंद्र, पंजाब खेल संस्थान के उत्कृष्टता केंद्र, विश्वविद्यालयों, मेडिकल, इंजीनियरिंग या अन्य कॉलेजों, बोर्डिंग स्कूलों, अर्धसैनिक बलों/उद्योग कर्मचारी मेस आदि में उच्च गुणवत्ता वाली मेस चलाने का निम्नलिखित अनुभव हो।

1. प्रत्येक स्थल पर एक शेफ सह प्रबंधक की तैनाती करना, जिसके पास पंजाब या चंडीगढ़ के किसी मान्यता प्राप्त होटल प्रबंधन संस्थान से खाना पकाने/भोजन तैयार करने में 18-24 महीने की डिग्री/डिप्लोमा हो और प्रत्येक जिले के लिए मेस के पूरे संचालन का नेतृत्व और प्रबंधन करने तथा प्रशिक्षित रसोइयों और कर्मचारियों को अलग से उपलब्ध कराने का एक वर्ष का प्रासंगिक अनुभव हो।
2. निविदा दस्तावेज में निर्दिष्ट अनुसार, किसी भी एथलीट द्वारा खाई जाने वाली किसी भी वस्तु की मात्रा पर कोई प्रतिबंध के बिना, बुफे के रूप में पौष्टिक भोजन परोसना।
3. तकनीकी और मूल्य बोली महानिदेशक पीआईएस, खेल विभाग, मार्कफेड भवन, सेक्टर-35-बी, चंडीगढ़ के कार्यालय में खोली जाएगी। निविदा सूचनाएं (विनिर्देश) और नियम व शर्तें http://eproc.punjab.gov.in पर उपलब्ध हैं। ई-निविदाकरण प्रक्रिया के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण/कठिनाई के लिए, कृपया 0172-2608400, 2970284 पर संपर्क करें।

बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 17.10.2026 शाम 6.00 बजे।

नोटः निविदा सूचना का कोई भी शुद्धिपत्र केवल उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

हस्ता/-
महानिदेशक, पीआईएस

R.NO. 10351/2026-27/16067

पंजाब राज्य खेल संस्थान
मार्कफेड, सेक्टर 35-बी, चंडीगढ़
ई-मेलः helpdeskpis123@gmail.com

RKTV

अंतस और अध्यात्म का

मंगलवार, 13 अक्टूबर, 2026

चिंतन धरोहर

ओशो

दुख पर अधिक ध्यान देने से हम आनंद के भाव को छोड़ देते हैं, जबकि आनंद के भाव में रहने से दुख व पीड़ा का लोप हो जाता है...

रहें आनंद के भाव में

इस विधि को जीवनशैली बन जाने दो- सतत आनंदित भाव के साथ रहो। इस भाव को विकसित करो। साधारणतः हम दुख के प्रति ज्यादा सचेत होते हैं। पीड़ा की ओर हमारा ध्यान ज्यादा जाता है। कुछ गलत हो जाए तो उसका हमें ज्यादा पता चलता है। रोग और बीमारी के प्रति हम अधिक सचेत होते हैं, बजाय स्वास्थ्य और निरोग दशा के। पीड़ा की ओर ज्यादा ध्यान देकर तुम पीड़ा होने में उसकी मदद करते हो, उसे पोषित करते हो। किसी वस्तु पर अधिक ध्यान देना उसके लिए एक तरह का भोजन है।

दुख एक महासागर है, जिसमें सुख के छोटे-छोटे से द्वीप नजर आते हैं। यह ऐसे ही है, जैसे कोई गुलाब की झाड़ी के पास जाकर कांटे गिनने लगे और कांटे अधिक पाने पर फूलों में विश्वास ही छोड़ दे। इतने कांटों के बीच भला फूल कैसे संभव हो सकते हैं। एक बार फूलों पर अविश्वास होने लगे तो फूल तुम्हारी दृष्टि से ओझल होने लगते हैं, क्योंकि जिस चीज पर विश्वास हो, केवल वही तुम्हारे सामने प्रकट होती है।

जिस पर तुम श्रद्धा करते हो, उसके लिए तुम उपलब्ध हो जाते हो। जब तुम श्रद्धा नहीं करते तो उस चीज के लिए बंद हो जाते हो। फिर तुम्हारा मन उसे अपने प्राणों में प्रवेश ही नहीं करने देता। तुम उसे देखकर भी नहीं देख पाते। फिर तुम कांटों की ही आशा करने लगते हो, क्योंकि वही तुम्हारा अनुभव है। जब तुम आशा करते हो तो उन्हें आमंत्रित करते हो। यह एक दुष्चक्र है।

आनंद पर ध्यान देने से तुम्हारे भीतर एक शिफ्ट आ जाएगा, जैसे गाड़ी का गियर बदलता है। जहां भी तुम हो, फूलों को खोजो। बड़ी से बड़ी बीमारी में भी कहीं स्वास्थ्य छिपा होता है। याद रखो कि एक स्वस्थ व्यक्ति ही बीमार पड़ सकता है, कोई मुर्दा तो बीमार नहीं पड़ सकता। याद रखो कि जीवन बीमारी से बहुत बड़ा है। जब बीमारी जीवन से बड़ी हो जाएगी तो तुम मर जाओगे। लेकिन हम स्वास्थ्य की ओर देखते ही नहीं। बहुत ज्यादा ध्यान देने से पीड़ा बड़ी हो जाती है। वह इतनी बड़ी हो जाती है, जितनी वह है ही नहीं। तो जब तुम्हें सिरदर्द हो तो याद करो कि शरीर के कितने अंग ऐसे हैं, जो पीड़ा में नहीं हैं। अचानक तुम पाओगे कि सिरदर्द कम हो जाएगा, फिर उसका कोई अस्तित्व ही नहीं रह जाएगा। एक बार तुम्हें लग जाए कि उसका कोई अस्तित्व नहीं है तो वह मिट जाता है। वह तुम्हारी दृष्टि से ओझल होने लगता है, क्योंकि तुम्हारा ध्यान अब कहीं और जाने लगा, तुम्हारी ऊर्जा ने उसे पोषण देना बंद कर दिया। यह आध्यात्मिक जीवन की कुंजियों में से एक है।

सप्ताह के व्रत त्योहार

14 अक्टूबर, बुधवार : वैनायकी श्री गणेश चतुर्थी व्रत
15 अक्टूबर, गुरुवार : ललित पंचमी व्रत
19 अक्टूबर, सोमवार : दुर्गाष्टमी व्रत

पर्व उत्सव

मोरारी बापू
कथावाचक

जीवन में सत्य, प्रेम और करुणा को अंगीकार करना देवी पूजा ही है। हमें इस मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेना चाहिए और स्त्री शक्ति का सम्मान करना चाहिए। नवरात्र पर विशेष...



देबि पूजि पद कमल तुम्हारे

मेरे लिए पूरा जगत जगदंबामय है। अगर बात माँ दुर्गा की करनी है तो मैं व्यक्तिगत रूप में कह सकता हूं कि 'या देवी सर्वभूतेषु राम रूपेण संस्थिता।' मां के कितने ही रूप बताए गए हैं- क्षमा रूपेण, बुद्धि रूपेण, करुणा रूपेण..., लेकिन मेरे लिए यह भी एक रूप है- राम रूपेण संस्थिता। तुलसीदास जी कहते हैं-

गिरा अरथ जल बीचि सम कहिअत भिन्न न भिन्न।
बंदउं सीता राम पद जिन्हहि परम प्रिय खिन्न।।

जिस प्रकार वाणी व उसका अर्थ तथा जल और उसकी लहर अलग-अलग प्रतीत होते हैं, पर वास्तव में वे एक ही (अभिन्न) हैं, वैसे ही मैं श्री सीतारामजी के चरणों की वंदना करता हूं, जिन्हें दीन-दुखी और पीड़ित लोग अत्यंत प्रिय हैं। दूसरी दुर्गा 'या देवी सर्वभूतेषु कृष्ण रूपेण संस्थित हैं। परांबा हैं कृष्णा। तत्वतः मूल में कोई अंतर नहीं है। राधा कौन है? आह्लादिनी शक्ति। राधा और कृष्ण तत्वतः एक हैं। व्यक्तिगत रूप से मैं कहूं तो तीसरी दुर्गा हैं 'या देवी सर्वभूतेषु शिव रूपेण संस्थिता।' शिव-शिवा। कालिदास ने रघुवंशम् में कहा है-

वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये।
जगतः पितरौ वंदे पार्वतीपरमेश्वरौ।।

जिस प्रकार शब्द और उसका अर्थ एक-दूसरे से अलग नहीं हो सकते, उसी प्रकार माता पार्वती और भगवान शिव भी अविभाज्य हैं। दुर्गा का चौथा रूप है- 'या देवी सर्वभूतेषु सत्य रूपेण संस्थिता।' पांचवां है - 'या देवी सर्वभूतेषु प्रेम रूपेण संस्थिता।' छठा है - 'या देवी सर्वभूतेषु करुणा रूपेण संस्थिता।' मेरी दृष्टि में जीवन में सत्य, प्रेम, करुणा को अंगीकार करना देवी पूजा ही है। कम से कम इन नौ दिनों में हमको सत्य, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलना चाहिए। हम देखेंगे धीरे-धीरे पूरे वर्ष हम इसी मार्ग पर चलने लगेंगे। सातवीं देवी हैं- 'या देवी सर्वभूतेषु गंगा रूपेण संस्थिता।' आठवां रूप है- 'या देवी सर्वभूतेषु कथा रूपेण संस्थिता।' देवी का नौवां रूप है- 'या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।' प्रत्येक व्यक्ति की अपनी मां भी नवदुर्गा हैं। तत्वतः सब एक हैं।

तुलसीदास कहते हैं राम-कथा दुर्गा है- राम कथा कालिका। कथा महाकाली, महासरस्वती और महालक्ष्मी तीनों का विश्व में विस्तार है। कथा दुर्गा है तो वे दुर्गा करती क्या हैं? कथा दुख भगाती है। दब गए सुख को प्रगट करती है। सुख है, मगर दब गए हैं। सापेक्ष हैं सुख-दुख। कथा दुर्गा मोह भंग करती हैं। कथा दुर्गा संशयों को जलाकर भस्म करती है। कथा विश्राम देते-देते 'पायो परम विश्राम' तक लिए चलती है। जीवन में कुछ हो जाए, उसके लिए कथा मत सुनो। जीवन में जो हो रहा है, उसे समझने के लिए कथा सुनो। कथा अतिशय ममता को संतुलित करती है। अतिममता अधर्म के रास्ते पर ले जा सकती है। कथा दुर्गा ऐसा होने से रोकती है। श्रीरामचरितमानस में जानकी जी मां दुर्गा की पूजा करती हुई कहती हैं-

देबि पूजि पद कमल तुम्हारे।
सुर नर मुनि सब होहिं सुखारे।।

हे मां, तेरे चरण कमल की पूजा करने से तीन समाज सुखी हो जाते हैं। सुर-नर-मुनि, लेकिन साथ में सब की बात की है। जो सबको सुख दे, वही दुर्गा है। मां किसी के साथ भेद नहीं करतीं। हमारी मांग क्या है? सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया। हम भारतीय सर्वमंत्र लिए बैठे हैं। यहां जानकी परांबा हैं और उनके सामने जगदंबा बैठी हैं। मैं कहता रहता हूं कि कुंवारी कन्याओं को दुर्गास्तुति का एक बार पाठ जरूर करना चाहिए। परिणाम भी आते हैं। न आएं तो भी क्या? कम से कम पाठ तो कर रहे हैं। मैं प्रलोभन तो देता नहीं कि तुम यह करो तो यह फायदा होगा, वह करो तो वह होगा। तुम कर लो, वही परिणाम है।

नवरात्र के ये नौ दिन शक्ति को गतिशील बनाने के दिन हैं। मां शक्तिस्वरूपिणी हैं। हमारे भीतर की शक्ति को जाग्रत करती हैं। हर एक को ज्ञान चाहिए। ज्ञान भी शक्ति है। ये शंकराचार्य का शब्द है- ज्ञानशक्ति। सभी को आनंद शक्ति चाहिए। उपनिषदीय सूत्र है- आनंद ब्रह्मेति व्यजानात।

गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं- राम स्वयं दुर्गा हैं। राम अंबा हैं, अंबिका हैं। तुलसीदास कहते हैं- दुर्गा कोटि अमित अरिमर्दन। अमित दुष्टों को नष्ट करने वाली अनेक हाथों वाली दुर्गा राम हैं। राम-तत्व दुर्गा है। हम अगर राम नाम का जप करते हैं तो हमें तीन बातों का ध्यान रखना चाहिए। एक, राम नाम जपने वाला किसी का शोषण न करे, बल्कि दूसरों का पोषण करे। भरत नाम इसलिए, अथवा कि राम नाम जपने वाला सबको हरा-भरा कर दे। दूसरा, राम नाम जपने वाला वैरी के साथ भी वैर न रखे। तीसरा, लक्ष्मण की तरह धरती को धारण करें अर्थात हम जितने को धारण कर पाएं, करें। कोई गरीब विद्यार्थी आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई से वंचित होने लगे तो उसकी फीस, पुस्तकों और हास्टल के पैसे भर दें। वह राम रूप दुर्गा की उपासना और राम नाम जपने की सबसे बड़ी सार्थकता होगी।

नवरात्र के दिनों में हम प्रण लें कि यदि घर में पुत्री का जन्म हो तो उत्सव मनाएं। पर्वतराज हिमालय के घर पार्वती का जन्म हुआ तो उत्सव मनाया गया। हिमालय की समृद्धि में वृद्धि हुई। कन्या जगत जननी है। हम स्त्री-शक्ति का सम्मान करें।

देबि पूजि पद कमल तुम्हारे।
सुर नर मुनि सब होहिं सुखारे।।

प्रस्तुति: राज कौशिक

लेख विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें।

जीवन प्रबंधन

आचार्य नारायण दास
महंत, श्रीभरत मिलाप आश्रम मायाकुंड, ऋषिकेश

मत्स्य से सीखें स्वाद पर विजय पाना

श्रीमद्भागवत महापुराण में भगवान दत्तात्रेय ने अपने 24 प्राकृतिक गुरुओं से प्राप्त शिक्षा का राजा यदु के समक्ष वर्णन किया है, जिसमें जीवन प्रबंधन के सूत्र निहित हैं। आज यहां दत्तात्रेय द्वारा अपने 16वें गुरु मत्स्य (मछली) से प्राप्त की गई शिक्षा की व्याख्या...

श्रीमद्भागवत महापुराण के एकादश स्कंध में भगवान दत्तात्रेय अपने 16वें गुरु मत्स्य से प्राप्त रसनेंद्रिय की विघातक शक्ति तथा उसके नियंत्रण के शाश्वत विधान की शिक्षा का महाराज यदु के समक्ष वर्णन करते हैं- हे राजन! संसार में जीव को भव-बंधन में आबद्ध करने वाली ज्ञानेंद्रियों में रसना (जिह्वा) का आकर्षण सर्वाधिक दुर्जेय है। मनुष्य विषयों पर विजय प्राप्त कर सकता है, किंतु यदि वह रस-लोलुपता का दास बना रहता है, तो उसका सत्-असत् का विवेक और आत्म-संयम दोनों ही काल-कवलित होने के संकट से घिर जाते हैं।

जिह्वयातिप्रमाथिन्या जनो रसविमोहितः।
मृत्युमृच्छत्यसद्बुद्धिर्मीनस्तु बडिशैर्यथा।।

हे राजन! जिस प्रकार विवेक-शून्य मीन (मछली) स्वादानुरागी होकर बडिश (कांटे) में आवेष्टित मांस-पिंड को निगल लेती है और स्वयं ही अपनी मृत्यु का वरण कर लेती है, उसी प्रकार प्रमथनकारी चंचल जिह्वा के स्वादों से सम्मोहित जीव अपने विनाश का मार्ग स्वयं प्रशस्त कर लेता है। अतः साधक को यह बोध होना अनिवार्य है कि इंद्रियों का सुखाभिमुख आकर्षण भी विवेक के अभाव में घोर बंधन और आत्यंतिक विनाश का कारण बन जाता है।

जल में स्वच्छंद विचरण करने वाली मछली को बंदी बनाने हेतु धीवर केवल बडिश (कांटे) में मांस का एक लेश मात्र संलग्न कर देता है। स्वाद के मदांध लोभ में मीन उस ग्रास को कवलित करती है और उसमें बिंध जाती है। जिस आस्वादन को वह सुख का साधन समझती है, वही उसके महाविनाश का हेतु बन जाता है। हे राजन! मानव को इस रसनेंद्रिय के प्रति सर्वदा सजग रहना चाहिए। स्वाद अतीव क्षणभंगुर है, किंतु इसके पृष्ठभाग में निर्मित होने वाला आसक्ति-बंधन दुस्तर होता है।

मत्स्य का यह प्राणांतक प्रसंग मानव-मन की आंतरिक विषयासक्ति का यथार्थ दर्पण है। मीन कांटे के भयानक परिणाम को नहीं देखती, वह मांस-खंड के तात्कालिक स्वाद से सम्मोहित होती है। इसी प्रकार विवेकहीन मनुष्य भी विषय-भोग के प्रच्छन्न कुपरिणामों की उपेक्षा कर तात्कालिक ऐंद्रिय सुख की ओर द्रुत गति से धावित होता है। जहां जिह्वा का प्रभुत्व स्थापित होता है, वहां संयम का क्षय अनिवार्य है। साधना का वास्तविक मर्म अंतःकरण में प्रस्फुटित होने वाली तृष्णा पर पूर्ण विजय प्राप्त करना है।

हे राजन! जब तक साधक रसनेंद्रिय पर आत्यंतिक विजय प्राप्त नहीं कर लेता, तब तक अन्य इंद्रियों पर अर्जित संयम भी चंचल, अपूर्ण एवं अस्थिर ही रहता है। इसी कारण इंद्रिय-निग्रह के क्रम में रसना-संयम को सर्वाधिक दुष्कर तथा अनिवार्य स्वीकार किया गया है। रसनेंद्रिय-जय का तात्पर्य जीवन को नीरस अथवा रसहीन बनाना कदापि नहीं है, अपितु इसका तात्पर्य है- अन्न-जलादिग्रहण शरीर-पोषण की सात्विक आवश्यकता हेतु हो, न कि भोग लिप्सा हेतु। प्रसाद-बुद्धि से अनुप्राणित हो, न कि काम-बुद्धि से चालित। जब साधक इसे हृदयंगम कर लेता है कि मैं स्वाद का भोक्ता नहीं, अपितु इस देह-रूपी देवालय का संरक्षक हूं, तब रसना पर उसका स्वाभाविक अधिकार सिद्ध होने लगता है। जिह्वा पर प्राप्त यह विजय केवल आहार तक सीमित नहीं रहती, अपितु वाणी में भी अभिव्यक्त होती है। जो रसना स्वाद के पीछे उन्मत्त रहती है, वही कटु-भाषण, असत्य-वादन तथा अनर्गल प्रलाप की ओर भी प्रवृत्त होती है। अतः जिह्वा-संयम के दो मुख्य स्तंभ हैं- रसना-संयम एवं वाणी-संयम। जिसने रसना को वशीभूत कर लिया, उसने अध्यात्म-सोपान की एक अत्यंत दुष्कर श्रेणी को उत्तीर्ण कर लिया।

हे राजन! मेरे मत्स्य-गुरु से प्राप्त यह शिक्षा प्रत्येक आध्यात्मिक साधक के लिए एक वरदान है। क्षणिक ऐंद्रिय तृप्ति के लिए अपनी शाश्वत आत्म-शांति को विनष्ट नहीं करना चाहिए। जिह्वा को अपना स्वामी न बनने दो, अपितु उसे अपना आज्ञाकारी सेवक बनाओ। स्वाद पर विजय ही वास्तव में मन पर पूर्ण विजय है। मैंने अपने मत्स्य-गुरु से यही परम शिक्षा ग्रहण की है कि केवल देह-यात्रा के निर्वाह हेतु अन्न-जल ग्रहण करना चाहिए, न कि जिह्वा की लोलुपता के वशीभूत होकर।

लेख विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें।

अगले मंगलवार को पढ़ें आचार्य मिथिलेशनंदिनी शरण का चिंतन

अध्यात्म की अन्य सामग्री पढ़ने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

गीता सार

ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद

मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम्।
हेतुनानेन कौन्तेय जगद्विपरिवर्तते।।

अध्याय - 9, श्लोक - 10

भावार्थ : हे कुंतीपुत्र! यह भौतिक प्रकृति मेरी शक्तियों में से एक है और मेरी अध्यक्षता में कार्य करती है, जिससे सारे चर-अचर प्राणी उत्पन्न होते हैं। इसके शासन में यह जगत बारंबार सृजित और विनष्ट होता रहता है।

तात्पर्य : यहां स्पष्ट कहा गया है कि यद्यपि परमेश्वर इस जगत के समस्त कार्यों से पृथक रहते हैं, किंतु इसके परम अध्यक्ष (निर्देशक) वही बने रहते हैं।

परमेश्वर परम इच्छामय हैं और इस भौतिक जगत के आधारभूमिस्वरूप हैं, किंतु इसकी सभी व्यवस्था प्रकृति द्वारा की जाती है। भगवान इस जगत से प्रत्यक्ष रूप में आसक्त नहीं होते। वे प्रकृति पर दृष्टिपात करते हैं, इस तरह प्रकृति क्रियाशील हो उठती है और तुरंत ही सारी वस्तुएं उत्पन्न हो जाती हैं। चूंकि वे प्रकृति पर दृष्टिपात करते हैं, इसलिए परमेश्वर की ओर से तो निस्संदेह क्रिया होती है, किंतु भौतिक जगत के प्राकट्य से उन्हें कुछ लेना-देना नहीं रहता। स्मृति के अनुसार, जब किसी व्यक्ति के समक्ष फूल होता है तो उसे उसकी सुगंधि मिलती रहती है, किंतु फूल और सुगंधि एकदूसरे से विलग रहते हैं। ऐसा ही संबंध भौतिक जगत तथा भगवान के बीच भी है। वस्तुतः भगवान को इस जगत से कोई प्रयोजन नहीं रहता, किंतु वे ही इसे दृष्टिपात से उत्पन्न करते तथा व्यवस्थित करते हैं। सारांश के रूप में हम यह कह सकते हैं कि परमेश्वर की अध्यक्षता के बिना प्रकृति कुछ भी नहीं कर सकती, तब भी भगवान समस्त कार्यों से पृथक रहते हैं।

इस पेज पर आपकी सम्मति और सुझावों का स्वागत है- feature@jagran.com

मनोरंजन

@farahkhankunder

अपने कुक दिलीप के लिए खड़ी हुईं फराह

कोई छोटा हो या बड़ा, हर परिस्थिति में अपनों के साथ खड़े रहने वाले व्यक्ति को ही अपना माना जाता है। अब कोरियोग्राफर और निर्देशक फराह खान ने ऐसा ही कुछ कर दिखाया। दरअसल, हाल ही में अभिनेता और कामेडियन साइरस ब्रोचा ने एक पाडकास्ट के दौरान फराह और उनके साथ उनके यूट्यूब वीडियो में दिखने वाले दिलीप मुखिया को फ्राड और ओवररेटेड (जिसके बारे में जरूरत से ज्यादा बात की जाए) बताया था। इसके बाद दिलीप के पक्ष में बोलने से फराह भी पीछे नहीं रहीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इस पाडकास्ट के एक प्रोमो वीडियो में टिप्पणी करते हुए लिखा, 'साइरस, मैं उसे हटाकर तुम्हें उसकी जगह रख सकती हूं।' चूंकि यह पूरी बातचीत मजाकिया अंदाज में हो रही थी, तो साइरस ने भी उसी अंदाज में पूछा कि कल से आऊं? इंटरनेट मीडिया पर इस पूरे मामले में लोगों के बीच भी चर्चा शुरू हो गई। एक यूजर ने लिखा कि एक एपिसोड उनके (साइरस) साथ बनाते हैं।

प्रहार के लिए ऐसे राजी हुए उज्ज्वल

साल 2008 में मुंबई पर हुए आतंकी हमलों के एकमात्र जीवित पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब के मुकदमे में अभियोजन पक्ष की पैरवी करने वाले सरकारी वकील उज्ज्वल निकम की कहानी अब बड़े पर्दे पर नजर आएगी। फिल्म 'प्रहार: द उज्ज्वल निकम स्टोरी' में निकम की भूमिका अभिनेता राजकुमार राव निभा रहे हैं। हाल ही में निकम ने बताया कि अपने जीवन और करियर के सबसे अहम अध्यायों में से एक को बड़े पर्दे पर उतारने की अनुमति देने से पहले उन्होंने फिल्म निर्माताओं के सामने एक शर्त रखी थी। मेरी पहली शर्त थी कि किसी भी किरदार का महिमामंडन नहीं होना चाहिए, यहां तक कि मेरा भी नहीं। मैंने उनसे यह भी कहा कि इस कानूनी कार्यवाही में शामिल सभी लोगों के असली नामों का इस्तेमाल किया जाए। निर्माताओं ने इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई और संबंधित लोगों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिया, जिसमें न्यायाधीश मदन लक्ष्मणदास तहलियानी भी शामिल थे।

जागरण आर्काइव

@sonunigamofficial

सोनू की पारिवारिक विरासत है मिमिक्री

अच्छा सिला दिया... से लेकर पापा मेरी जान... तक कई सुपरहिट गाने गा चुके गायक सोनू निगम गायकी के साथ अच्छी मिमिक्री के लिए भी प्रख्यात हैं। वह न सिर्फ हूबहू दूसरे कलाकारों की आवाज निकाल सकते हैं, बल्कि कई दिग्गज गायकों के गाने भी करीब-करीब उन्हीं की आवाज और शैली में गाते हैं। सोनू इसे अपनी पारिवारिक खासियत मानते हैं। उनका कहना है, 'ये (मिमिक्री) मेरे अंदर बचपन से है। मेरे पापा (गायक अगम कुमार निगम) भी ऐसा करते थे। पापा ने मुझसे बचपन में कहा था कि जब मैं किसी गायक के गाने गाता हूं, तो लगता है कि उसके जैसा ही गा रहा हूं। मैं भी वैसा ही महसूस करता था। जब मैं मोहम्मद रफी के गाने गाता तो लगता था कि मैं बिल्कुल मोहम्मद रफी जैसा ही गा रहा हूं। जब किशोर कुमार के गाने गाता तो लगता कि मैं तो किशोर कुमार जैसा ही गा रहा हूं। ऐसा मैं छह-सात साल की उम्र से महसूस करता आ रहा हूं। मैं जानबूझकर किसी की आवाज की नकल नहीं करता था। जब मैं उनके गाने गाता था, तो मेरी आंखों के सामने उनका ही स्टाइल आता था।'

अब माता-पिता नहीं कहते चुप रहो: रसिका

जागरण आर्काइव

व्यावसायिक फिल्मों के बीच अभिनेत्री रसिका दुग्गल ऐसी फिल्में भी कर रही हैं, जो अलग हों। मिर्जापुर : द मूवी के बाद उनकी अगली फिल्म लिटिल थॉमस होगी, जो 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें रसिका ऐसे बच्चे की मां हैं, जो कई ऐसे सवाल पूछता है, जिसका जवाब वह नहीं दे पाती हैं। फिल्म पिछली सदी के नौवें दशक से जुड़ी है। ऐसे में पहले और अब की पैरेंटिंग को लेकर रसिका कहती हैं कि पहले तो बच्चों के सवालों को माता-पिता कई बार नजरअंदाज कर देते थे। आजकल की पैरेंटिंग में बच्चों की बातों को हल्के में नहीं लिया जाता है। आज यह नहीं कह सकते हैं कि चुप रहो, अपना होमवर्क करो। मेरे साथ तो हुआ करता था कि ज्यादा सवाल मत पूछो। जो पैरेंट्स अपने बच्चों के सवालों का जवाब देते हैं, तो मुझे अच्छा लगता है।

मनोरंजन से जुड़ी अन्य खबरों के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

आज का भविष्यफल : 13 अक्टूबर, 2026 मंगलवार

पं. के. ए. दुबे पद्मेश

आज की ग्रह स्थिति: आश्विन मास शुक्ल पक्ष तृतीया का राशिफल।
आज का राहुकाल : अपराह्न 03 बजे से 04 बजकर 30 मिनट तक।
आज का दिशाशूल : उत्तर।
विशेष : शुक्र अस्त, मांगलिक कार्य निषेध।

कल 14 अक्टूबर, 2026 का पंचांग

कल का दिशाशूल : उत्तर **कल का पर्व :** गणेश चतुर्थी
कल की भद्रा : दोपहर 12.18 बजे से रात्रि 01.14 मिनट तक। विक्रम संवत 2083, शके 1948, दक्षिणायण, उत्तरगोल, वर्षा ऋतु, आश्विन मास, शुक्ल पक्ष की चतुर्थी 25 घटे 14 मिनट तक तत्पश्चात पंचमी, अनुराधा नक्षत्र 28 घटे 04 मिनट तक तत्पश्चात ज्येष्ठा नक्षत्र, आयुष्मान योग 20 घटे 39 मिनट तक तत्पश्चात सौभाग्य योग, वृश्चिक में चंद्रमा।

मेष : यात्रा-देशाटन की स्थिति सुखद व उत्साहवर्धक होगी। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा।
वृष : सम्मान में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे।
मिथुन : स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। व्यावसायिक मामले में प्रगति होगी। जीविका में प्रगति होगी।
कर्क : सत्ता का सहयोग रहेगा। किया गया कार्य सफल होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।
सिंह : सत्ता का सहयोग रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। प्रयास फलीभूत होगा।
कन्या : पुरुषार्थ सार्थक होगा। धन, सम्मान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।
तुला : व्यावसायिक प्रगति होगी। रिश्तों में निकटता आएगी। आर्थिक सफलता मिलेगी।
वृश्चिक : बहुप्रतीक्षित कार्य संपन्न होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।
धनु : स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। व्यर्थ की उलझनें रहेंगी। वाद-विवाद में न पड़ें।
मकर : सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धन, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।
कुंभ : अधिकारी का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में निकटता आएगी। जीवन सुखमय होगा।
मीन : रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। धन, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी।

वर्ग पहेली-3485



बाएं से दाएं:
1 व्याकरण में जिस क्रिया का कर्म नहीं (4)। 2 स्वयं के बारे में कही गई कथा (2,3)। 5 आग का दहकना (4)। 8 साहित्य रचने वाला (5)। 10 सूर्य, दिनकर, सूरज (2)। 11 डर (2)। 14 पक्षपाती, सहायक (5)। 16 निर्बुद्धि, बेवकूफ, मूर्ख, बुद्धिहीन (4)। 17 इज्जत बचाना (2,3)। 18 रात में जागने वाले जीव-जंतु (4)।

ऊपर से नीचे:
1 समय से पहले मौत हो जाना (5)। 3 गोलाकार (4)। 4 सुंदर तरीके से काटना या कतरना (4)। 6 नाक का छेद (5)। 7 यथार्थ, सही बात, सच (2)। 9 किसी व्यक्ति के बारे में शिकायत करके किसी को उसके विरुद्ध करना (2,3)। 12 बुद्धिमान, समझ रखने वाला (5)। 13 किसी चीज का दबाव से फट जाना (4)। 14 उपाय, तरीका, ढंग (4)। 15 कर्तव्य, कर्म (2)।

कल का हल

		गि		गो			अ		
	न	रो	त	म		पु	र	ब	
अ	त	ग		च	पा		ब	र	खा
	का			म				ब	
		पा		के	म	र	के	स	ना
टो	पी	प	ह	ना	ना		टु		
	ठ				क			कू	
के	पी	श		चे	र		वि	रू	प
	छे	द	न		वा	तो	ला	प	
		क			ना		प		

सुडोकू-3485

3		2		6		5		7
9	7			5				8
		8	3		2	9		
4			7			6		5
	6	9		4	1		7	
5				3			9	1
6	8		4				2	
		4		8		1		
7	3		2		5		4	6

कल का हल

9	4	6	3	7	1	8	2	5
3	8	5	9	2	4	6	1	7
7	1	2	8	6	5	3	4	9
4	2	8	5	9	6	1	7	3
1	7	3	4	8	2	5	9	6
6	5	9	7	1	3	2	8	4
2	3	7	1	5	9	4	6	8
5	9	1	6	4	8	7	3	2
8	6	4	2	3	7	9	5	1

RKTV

प्याज ने बढ़ाई महंगाई, सितंबर में 5.54% रही

लगातार चौथे महीने चार प्रतिशत से ज्यादा रही वृद्धि दर, खाद्य वस्तुओं की महंगाई 7.74 प्रतिशत रही

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: प्याज, लहसुन, नींबू और अदरक की कीमतों में आए भारी उछाल से सितंबर में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.54 प्रतिशत स्तर रही है। यह लगातार चौथा महीना रहा है, जब खुदरा महंगाई दर चार प्रतिशत से ऊपर रही। आरबीआइ ने खुदरा महंगाई दर की अधिकतम सीमा छह प्रतिशत रखी हुई है, लेकिन चार प्रतिशत के बाद इसे चिंताजनक माना जाता है। इसी साल अगस्त में खुदरा महंगाई दर 4.83 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी डाटा के अनुसार, सितंबर में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर 7.74 प्रतिशत रही है जो इसी वर्ष अगस्त में 5.97 प्रतिशत थी। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने जिन पांच वस्तुओं की महंगाई दर सबसे अधिक बढ़ी है उसमें प्याज (108.09 प्रतिशत), चांदी के आभूषण (87.8 प्रतिशत), अदरक (62.85 प्रतिशत), लहसुन (54.62 प्रतिशत) और नींबू (36.41 प्रतिशत) शामिल हैं। हालांकि, इनमें से प्याज को छोड़कर अन्य सभी उत्पादों की घरेलू खपत कम ही होती है। दूसरी तरफ, सितंबर में आलू के खुदरा मूल्य में पिछले वर्ष के समान महीने के मुकाबले 11.50 प्रतिशत, टमाटर में 8.6 प्रतिशत, भिंडी में 4.5 प्रतिशत, नारियल में 4.0 प्रतिशत तो मोटर कार व जीप की कीमतों में 4.5 प्रतिशत की गिरावट रही है। पिछले महीने ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई 6.08 प्रतिशत तो शहरी क्षेत्रों में 4.88 प्रतिशत रही है। जनवरी में नया आधार वर्ष 2024 लागू होने के बाद सितंबर में खुदरा महंगाई की दर सबसे अधिक रही है।

फिर रेपो रेट बढ़ा सकता है आरबीआइ

आर्थिक जानकारों का कहना है कि अगले दो माह में भी खुदरा महंगाई दर में बढ़ोतरी का ऐसा ही सिलसिला जारी रहा तो दिसंबर में आरबीआइ एक बार फिर रेपो रेट को बढ़ा सकता है। कुछ दिन पहले ही आरबीआइ ने रेपो रेट में 25 आधार अंक की वृद्धि की है। आरबीआइ ने चालू वित्त वर्ष के लिए औसत खुदरा महंगाई के अनुमान को भी बढ़ाकर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। पहले केंद्रीय बैंक ने औसत खुदरा महंगाई पांच प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। वैश्विक हालात और कच्चे तेल की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए इस साल महंगाई दर छह प्रतिशत के पार जाने की आशंका है।

- आरबीआइ की अधिकतम सीमा छह प्रतिशत के करीब पहुंची खुदरा महंगाई
- ग्रामीण क्षेत्रों में 6.08% तो शहरी क्षेत्रों में 4.88% रही महंगाई की दर

शीर्ष राज्यों में महंगाई (%में)	
तमिलनाडु	6.81
ओडिशा	6.70
मध्य प्रदेश	6.68
तेलंगाना	6.64
आंध्र प्रदेश	6.29

वस्तुवार वृद्धि (% में)	
फुड व बेवरेज	7.36
कपड़े व फुटवियर	4.0
ट्रांसपोर्ट	5.0
शिक्षा सेवा	3.93
सूचना व संचार	2.44
पर्सनल केयर व सामाजिक सुरक्षा	13.75
स्वास्थ्य सेवा	1.40
बिजली, गैस व अन्य ईंधन	2.74

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

एक नजर में

2026 में 7.9 प्रतिशत बढ़ेगी भारत में स्टील की मांग

नई दिल्ली: उद्योग संगठन वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन ने सोमवार को कहा कि भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रमुख स्टील बाजार बना हुआ है और 2026 में इसकी मांग 7.9 प्रतिशत बढ़कर 17.24 करोड़ टन होने का अनुमान है। उद्योग संगठन ने ताजा परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि वर्ष 2027 में देश में स्टील की मांग आठ प्रतिशत बढ़कर 18.62 करोड़ टन होने की उम्मीद है। 2026 में वैश्विक स्टील मांग 172.2 करोड़ टन पर स्थिर रहने और 2027 में 1.7 प्रतिशत बढ़कर 175.2 करोड़ टन पहुंचने का अनुमान है। (प्रेट्र)

तीसरी तिमाही में वित्तीय सेवा क्षेत्र में हुए 67 सौदे

नई दिल्ली: ग्रांट थार्नटन भारत ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि कैलेंडर वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में वित्तीय सेवा क्षेत्र में कुल 7.3 अरब डालर के सौदे हुए हैं। तिमाही आधार पर सौदों के मूल्य में 129 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साथ ही सौदों की संख्या पिछली तिमाही के 65 से बढ़कर जुलाई-सितंबर 2026 में 67 रही है। रिपोर्ट के अनुसार, बीती तिमाही में सेवा क्षेत्र में विलय व अधिग्रहण और प्राइवेट इक्विटी व वेंचर कैपिटल से जुड़े तीन अरब डालर के कुल 58 लेनदेन हुए। (आइएएनएस)

वोल्वो ने लांच की आल इलेक्ट्रिक एसयूवी ईएक्स90

नई दिल्ली: वोल्वो कार इंडिया ने अपनी नई आल इलेक्ट्रिक लग्जरी फ्लैगशिप एसयूवी ईएक्स90 को लांच कर दिया है। इसकी कीमत 1.26 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है। वोल्वो इंडिया के प्रबंध निदेशक ज्योति मल्होत्रा ने बताया कि ईएक्स90 भारतीय बाजार में कंपनी का पहला साफ्टवेयर-डिफाइंड व्हीकल (एसडीवी) है। इसे वोल्वो के नए एसपीए2 प्लेटफार्म पर तैयार किया गया है। कंपनी ने ईएक्स90 की बुकिंग शुरू कर दी है और डिलीवरी जनवरी 2027 से शुरू होगी। (प्रेट्र)

आरबीआइ के कदमों का दिखा असर, 96 पैसे मजबूत हुआ भारतीय रुपया

- अमेरिकी डालर के मुकाबले 95.75 पर बंद हुई भारतीय मुद्रा
- 2026 में अब तक रुपये में सात प्रतिशत की गिरावट आई

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: डालर के मुकाबले रुपये में आ रही लगातार गिरावट को रोकने के लिए आरबीआइ की ओर से हाल में उठाए गए कदमों का असर दिखने लगा है। सोमवार को डालर के मुकाबले रुपये में 96 पैसे की मजबूती दर्ज की गई और यह 95.75 के स्तर पर बंद हुआ। बीते शुक्रवार को एक डालर का मूल्य 96.96 रुपये तक चला गया था। वर्ष 2026 में डालर के मुकाबले रुपये के मूल्य में सात प्रतिशत की गिरावट आई है जिस कारण आयातित सामान की कीमत बढ़ती जा रही है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम बढ़ने से रुपये में कमजोरी आती है क्योंकि कच्चे तेल को खरीदने में अधिक डालर खर्च होने लगते हैं।

आरबीआइ ने रुपये की गिरावट रोकने के लिए बीते शनिवार को कई उपायों की घोषणा की थी। इसके तहत सोमवार को तीन सरकारी तेल विपणन कंपनियों को सीधे डालर मुहैया कराने के लिए स्पेशल विंडो की शुरुआत की। इसके अलावा आरबीआइ ने बैंकों को पहले की तुलना में अधिक विदेशी मुद्रा जोखिम रिजर्व रखने के लिए कहा है। साथ ही बैंकों के लिए नकदी आरक्षित अनुपात को 90 प्रतिशत से घटाकर 99 प्रतिशत कर दिया है। जानकारों का कहना है कि आरबीआइ के इन कदमों से रुपये में फिलहाल तो मजबूती दिख रही है, लेकिन स्थायी मजबूती के लिए विदेशी संस्थागत निवेश को बढ़ाना होगा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया 95.61 के स्तर पर खुला। दिनभर के कारोबार के दौरान यह 95.57 के उच्च स्तर और 95.96 के निचले स्तर तक पहुंचा। अंत में यह 95.75 के स्तर पर बंद हुआ। दो अप्रैल के बाद यह अब तक की सबसे अधिक एकदिवसीय तेजी है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 105.8 डालर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से 548 अंक लुढ़का सेंसेक्स

71,924 अंक पर बंद हुआ बीएसई सूचकांक

157 अंक गिरकर 22,363 पर बंद हुआ एनएसई निफ्टी

मुंबई, प्रेट्र: कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के चलते सोमवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 547.65 अंक गिरकर 71,924.68 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 796.23 अंक लुढ़ककर 71,676.10 पर पहुंचा था। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी 157.10 अंक गिरकर 22,363.35 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में आइटीसी के शेयरों में सबसे अधिक 3.23 प्रतिशत की गिरावट रही। इसके अलावा, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टुब्रो, एसबीआइ और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर भी गिरकर बंद हुए। दूसरी ओर, भारत इलेक्ट्रानिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और एचसीएल टेक में बढ़त रही। बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट में 1.65 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट में 0.66 प्रतिशत की तेजी रही। ब्रेंट क्रूड 1.14 प्रतिशत उछलकर 105.8 डालर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

सोना-चांदी का मूल्य घटा

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के चलते सोमवार को भारतीय सराफा बाजारों में गिरावट का दौर रहा। आल इंडिया सराफा एसोसिएशन के अनुसार, दिल्ली में सोने का मूल्य 1,400 रुपये घटकर 1.53 लाख रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। इसी तरह, चांदी दो हजार रुपये घटकर 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

सितंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 31 प्रतिशत बढ़ा

38,306 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ पिछले महीने में

32,490 करोड़ के रिकार्ड उच्च स्तर पर पहुंचा एसआइपी निवेश

नई दिल्ली, प्रेट्र: शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) की बिकवाली के बावजूद निवेशकों ने मिड-कैप और स्माल-कैप फंड में निवेश जारी रखा है। इससे सितंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश मासिक आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 38,306 करोड़ रुपये रहा है। अगस्त में इन योजनाओं में 29,329 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।

एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआइ) की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने अप्रैल 2026 के बाद सबसे अधिक निवेश हुआ है। अप्रैल में इक्विटी योजनाओं में 38,440 करोड़ रुपये आए थे। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआइपी) के जरिये मासिक निवेश भी सितंबर में 32,490 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। अगस्त में यह 32,297 करोड़ रुपये था।

स्माल-कैप फंड में सबसे अधिक 9,039 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया, जो अगस्त के 7,973 करोड़ रुपये से ज्यादा था। मिड-कैप फंड में निवेश अगस्त के 6,989 करोड़ रुपये से बढ़कर सितंबर में 7,835 करोड़ रुपये रहा। दोनों श्रेणियों में कुल शुद्ध इक्विटी निवेश का करीब 44 प्रतिशत आया। फ्लेक्सी-कैप फंड में 6,702 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। लार्ज-कैप फंड में तीन महीने बाद पहली बार शुद्ध निवेश सकारात्मक होकर 859 करोड़ रुपये रहा है।

गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश अगस्त के 2,597 करोड़ रुपये से बढ़कर सितंबर में 4,451 करोड़ रुपये रहा। सिल्वर ईटीएफ में 1,974 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया। पिछले महीने इक्विटी के पांच नए फंड आफर (एनएफओ) ने 998 करोड़ रुपये जुटाए।

डेट म्यूचुअल फंड से 1.83 लाख करोड़ की निकासी : डाटा के अनुसार, सितंबर में डेट म्यूचुअल फंड से 1.83 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई जो अगस्त में 8,127 करोड़ रुपये थी। उद्योग से कुल शुद्ध निकासी 1.33 लाख करोड़ रुपये रही, जबकि अगस्त में 41,354 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ था। सितंबर अंत में उद्योग का एयूएम 82.64 लाख करोड़ रुपये रहा, जो अगस्त के अंत में 87.07 लाख करोड़ रुपये था।

चार कंपनियों ने तय किया आइपीओ का शेयर मूल्य

नई दिल्ली, प्रेट्र: चार कंपनियों- जेटवर्क मैन्यूफैक्चरिंग बिजनेसेज लिमिटेड, टोन्बो इमेजिंग, वर्धीग्लियोली ट्रांसमिशंस, सहजानंद मेडिकल टेक्नोलाजिस लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) का शेयर मूल्य तय कर दिया है। चारों निर्गम सब्सक्रिप्शन के लिए 15 अक्टूबर को खुलेंगे। जेटवर्क मैन्यूफैक्चरिंग ने अपने 5,012 करोड़ रुपये के आइपीओ का शेयर मूल्य 143-151 रुपये प्रति इकाई तय किया है। बिजली ट्रांसमिशन उपकरण निर्माता वर्धीग्लियोली ट्रांसमिशंस के 2,534 करोड़ रुपये का आइपीओ का शेयर मूल्य 558-586 रुपये प्रति इकाई तय किया गया है। डिफेंस इलेक्ट्रानिक्स निर्माता टोन्बो इमेजिंग आइपीओ के जरिये 853 करोड़ जुटाएगी और इसने शेयर मूल्य 665-700 रुपये प्रति इकाई तय किया है। सहजानंद मेडिकल के आइपीओ का आकार 475 करोड़ रुपये है और शेयर मूल्य 327-344 रुपये प्रति इकाई रखा गया है।

राष्ट्रीय जागरण

मुक्त व्यापार और एआइ भारत के नए ग्रोथ इंजन, 2035 तक जीडीपी में जोड़ेंगे 170 अरब डालर

- ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट, बहुध्रुवीय विश्व में प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा भारत
- सेमीकंडक्टर से बड़ी उम्मीद, लेकिन बुनियादी ढांचे और रोजगार के मोर्चे पर चुनौतियां

नई दिल्ली, आइएएनएस: दुनिया में पूंजी निवेश की दिशा बदल रही है, व्यापार भू-राजनीतिक खेमों में बंट रहा है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) उद्योगों की तस्वीर बदल रही है। इस बदलते वैश्विक माहौल में भारत के सामने विकास की नई संभावनाएं खुल रही हैं। ब्लूमबर्ग की सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू बाधाओं को दूर करने और वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने की क्षमता भारत को बहुध्रुवीय दुनिया में एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उभार सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत का बढ़ता मुक्त व्यापार समझौता नेटवर्क 2035 तक देश की जीडीपी में 140 से 170 अरब डालर जोड़ सकता है। कारखानों की लागत घटाने और कृषि क्षेत्र के श्रमिकों को दूसरे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाले घरेलू सुधार इस लाभ को और बढ़ा सकते हैं। एआइ का तेजी से विस्तार और शहरीकरण भी आर्थिक वृद्धि के नए रास्ते खोल रहे हैं। ब्लूमबर्ग के मुख्य अर्थशास्त्री टाम ओरलिक के मुताबिक, इन बदलावों के बीच भारत विकास की बाधाओं को दूर कर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी भूमिका मजबूत कर सकता है।

पूंजी के लिए बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा: वैश्विक निवेश अब केवल आर्थिक लाभ के आधार पर नहीं, बल्कि देशों के राजनीतिक और रणनीतिक रिश्तों को ध्यान में रखकर भी हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच पूंजी प्रवाह, सहयोगी देशों के बीच होने वाले प्रवाह की तुलना में 40 प्रतिशत कम रहने का अनुमान है। वहीं, निवेश का बड़ा हिस्सा एआइ और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में भारत को वैश्विक पूंजी आकर्षित करने के लिए अमेरिका की तकनीकी मांग और शुल्क संबंधी प्रोत्साहनों से भी प्रतिस्पर्धा करनी होगी।

एआइ से अवसर, रोजगार पर दबाव: रिपोर्ट का अनुमान है कि एआइ भारत की सालाना जीडीपी वृद्धि में 0.9 प्रतिशत तक का इजाफा कर सकता है। इससे 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को गति मिल सकती है। हालांकि, कमजोर बुनियादी ढांचा इन संभावनाओं पर अंकुश लगा सकता है। भारत का आइटी सेवा क्षेत्र भी इसी दोहरी चुनौती से गुजर रहा है। एआइ भारतीय कंपनियों को अधिक मूल्य वाले कामों की ओर बढ़ने का अवसर दे सकता है, लेकिन स्वचालन से श्रम लागत के मामले में देश को मिलने वाला प्रतिस्पर्धी लाभ घटने का खतरा भी है।

शहरों की योजना से बढ़ सकती उत्पादकता: रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की शहरी आबादी 82 करोड़ है। बेहतर नगर प्रशासन, मजबूत बुनियादी ढांचे और जमीन के नियोजित इस्तेमाल से शहरों की बढ़ती आबादी को आर्थिक उत्पादकता बढ़ाने की ताकत में बदला जा सकता है। भारत के लिए चुनौती अब केवल तेज विकास की नहीं, बल्कि व्यापार, तकनीक, निवेश और शहरीकरण से मिलने वाले अवसरों को रोजगार और व्यापक आर्थिक लाभ में बदलने की भी है।

नाइटी पहनकर एंबुलेंस से आए चोरों ने एटीएम को निशाना बनाया

तेलंगाना में वारदात

हैदराबाद, आइएएनएस : तेलंगाना के कामारेड्डी जिले में रविवार को एंबुलेंस से आए चोरों ने एसबीआइ के एटीएम को निशाना बनाया। वे नाइटी और मास्क पहनकर आए थे। उनके पास गैस कटर था, जिसकी मदद से वे मशीन से कैश निकालने में सफल रहे। यह वारदात रात एक बजे से 1:30 बजे के बीच हुई। सीसीटीवी फुटेज में वे वारदात को अंजाम देकर फरार होते नजर आ रहे हैं।

पुलिस ने वारदात में महिलाओं के शामिल होने की आशंका से इन्कार नहीं किया है, क्योंकि करीमनगर जिले में हाल ही में एटीएम में हुई चोरी में एक महिला शामिल थी। स्थानीय लोगों ने सोमवार सुबह इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद चोरी का पता चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए। जांचकर्ता सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। कितनी रकम चोरी हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पिछले महीने, चोरों ने करीमनगर में दो अलग-अलग इलाकों में एसबीआइ के एटीएम को निशाना बनाया था और कैश चुराकर फरार हो गए थे। उस दौरान भी गैस कटर का इस्तेमाल किया गया था। 19 सितंबर को हुई इन चोरियों में एक महिला के शामिल होने की बात सामने आई है।

महिला कर्मी ने एचआर मैनेजर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया

बेंगलुरु, प्रेट्र : बेंगलुरु में केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर काम करने वाली एक फूड एंड बेवरेज सर्विस कंपनी के एचआर मैनेजर के खिलाफ महिला कर्मचारी के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने का मामला दर्ज किया गया है। महिला ने इस साल मई में एयरपोर्ट पर कंपनी के कस्टमर सर्विस डिपार्टमेंट में काम शुरू किया था। उसने आरोप लगाया कि एचआर मैनेजर उसका मोबाइल फोन ले लेता था और उसे चेक करता था, उसे दूसरों से बात करने से रोकता था, और जोर देता था कि वह उसे अपने सीने पर बना टैटू दिखाए। उसने यह भी आरोप लगाया कि आरोपित 24 सितंबर से उसका यौन उत्पीड़न कर रहा था।

एनएचएआइ के सूचीबद्ध आइआइटी और विशेषज्ञ संस्थान ही करेंगे परियोजनाओं की प्रूफ चेकिंग

- बड़े पुल और महत्वपूर्ण संरचनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया कदम
- दिसंबर से सभी नए अनुबंधों में लागू होगी शर्त, प्रक्रिया के पालन पर मिलेगी अंतिम स्वीकृति

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: बड़े पुलों सहित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) की महत्वपूर्ण संरचनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अब प्रूफ चेकिंग (डिजाइन, ड्राइंग एवं अन्य तकनीकी जांच) की व्यवस्था को और मजबूत बनाने का प्रयास है। एनएचएआइ ने ऐसी संरचनाओं के डिजाइन और ड्राइंग की प्रूफ चेकिंग के लिए ब्रिज इंजीनियरिंग एवं हाइड्रोलिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रमाणित विशेषज्ञता रखने वाले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आइआइटी), अन्य प्रतिष्ठित सरकारी तकनीकी संस्थानों और फर्मों को सूचीबद्ध करने का निर्णय किया है। ठेकेदार फर्म इन्हीं में से प्रूफ चेकिंग के लिए फर्म का चयन कर सकेंगे।

एनएचएआइ का मानना है कि बड़े पुल और अन्य महत्वपूर्ण संरचनाएं लंबी अवधि के लिए डिजाइन किए जाते हैं। इनके डिजाइन, हाइड्रोलाजिकल और हाइड्रोलिक स्टडी की स्वतंत्र प्रूफ चेकिंग इसलिए आवश्यक है, ताकि संरचना की सुरक्षा, टिकाऊपन, इंडियन रोड कांग्रेस कोड और अनुबंध की शर्तों का पूरी तरह से पालन कराया जा सके। ऐसे में एनएचएआइ जिन भी संस्थाओं को सूचीबद्ध करेगा, उनकी सूची पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। सभी मोड के प्रोजेक्ट जैसे कि इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी), बिल्ड, आपरेट एंड ट्रांसफर (बीओटी) और एचएएम (हाइब्रिड एन्युटी मोड) में यह प्रविधान रहेगा। ठेकेदार फर्म सबसे पहले एक डिजाइन डायरेक्टर नियुक्त करेगी। वह निविदा की शर्तों के आधार पर डिजाइन-ड्राइंग तैयार करेंगे। अथारिटी इंजीनियर या इंडिपेंडेंट इंजीनियर उसकी नियम-शर्तों के अनुसार समीक्षा कर स्वीकृत करेंगे।

कलेक्टर हर माह करेंगे कृषि योजनाओं की समीक्षा

- बिहार के बांका जिले में प्राकृतिक खेती माडल को मिली सराहना
- कृषि ऋण का प्रवाह तेज करने पर जोर दिया गया

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : कृषि की विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने और सौ पिछड़े जिलों में उत्पादकता बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार जिला स्तर पर निगरानी मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) के तहत कलेक्टर हर महीने जिले की कृषि कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा करेंगे। उद्देश्य खेती में पिछड़े जिलों की समस्याओं की पहचान कर योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाना है। योजना के तहत उन जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जहां कृषि उत्पादकता, फसल सघनता और संस्थागत ऋण की उपलब्धता कम है।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नई दिल्ली के पूसा परिसर में आयोजित योजना के सम्मेलन में जुटे 50 से अधिक जिलाधिकारियों, विज्ञानियों और नीति-निर्माताओं को संबोधित किया। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों को सम्मानित किया गया। बिहार के बांका जिले में प्राकृतिक खेती और भूमि पुनरुद्धार के माडल को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़, छत्तीसगढ़ के कोरबा और पंजाब के फाजिल्का में किए गए कृषि नवाचारों की भी सराहना की गई। सम्मेलन में पूर्वी भारत और पिछड़े जिलों में किसान क्रेडिट कार्ड का दायरा बढ़ाने एवं कृषि ऋण का प्रवाह तेज करने पर जोर दिया गया। समय पर पूंजी उपलब्ध होने से किसान बेहतर बीज, उर्वरक और उन्नत कृषि तकनीक अपना सकेंगे। फसल सघनता और किसानों की आय बढ़ाने के लिए धान की कटाई के बाद खाली रहने वाले खेतों में दलहन और तिलहन की खेती को मिशन मोड में बढ़ावा देने की रणनीति बनाई गई। इससे खेतों का बेहतर उपयोग होगा और किसानों को अतिरिक्त उत्पादन एवं आय का अवसर मिलेगा।

बदायूं में बाइक पर सवार चार दोस्त, हादसे में तीन की मौत

जागरण संवाददाता, बदायूं : बाइक पर दो के बजाय चार सवार, रफ्तार भी तेज और सिर पर हेलमेट भी नहीं। यह लापरवाही जानलेवा और तीन परिवारों के लिए जीवनभर का घाव बन गई। रविवार को एक बाइक से जा रहे चार दोस्तों को स्कूल बस ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन की मौत हो गई, चौथे की हालत गंभीर है।

भीषण हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक दो महीने पहले ही खरीदी गई थी। मामला उत्तर प्रदेश के बदायूं का है। 11वीं के छात्र शिवकुमार का अग्निवीर में [illegible] चुका था।

मिनी कूपर कार से तीन को कुचलने का आरोपित बोला, पापा सब संभाल लेंगे

कोच्चि, प्रेट्र : केरलम के कोच्चि में रफ्तार का ऐसा कहर बरपा कि तीन परिवारों के सपने एक पल में बिखर गए। आरोप है कि शराब के नशे में तेज रफ्तार मिनी कूपर चला रहे सुहैल ने स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटर पर सवार दो युवती और एक युवक की मौत हो गई। मृतकों की पहचान देविका, गोपिका और इयास के रूप में हुई है। अब इस मामले में आरोपित सुहैल के कथित बयान 'पापा सब संभाल लेंगे' को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि उसे अपने परिवार [illegible] और दौलत के दम पर बच निकलने का भरोसा कैसे था। यह हादसा रविवार देर रात करीब दो बजे कोच्चि के नेदुम्बसेरी इलाके में हुआ। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इस मामले में चार लोगों को आरोपित बनाया गया है। मुख्य आरोपित सुहैल पर गैर-इरादतन हत्या (जो हत्या की श्रेणी में नहीं है) का मामला दर्ज किया गया है। उसके दोस्त नितिन, अमीर और जोएल पर अपराध में मदद करने का आरोप है। हादसे में जान गंवाने वाली देविका के चाचा ने कहा कि आरोपितों पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए, क्योंकि उसने लापरवाही से गाड़ी चलाई। भविष्य में किसी के साथ ऐसी घटना न हो।

Latest Jobs
Jagran Josh
www.jagranjosh.com

OPSC: 758 असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर एवं अन्य पद
- अंतिम तिथि: 11 नवंबर, 2026
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग में डिग्री एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट/आवेदन: opsc.gov.in

RRC, जयपुर: 2008 अप्रेंटिस पद
- अंतिम तिथि: 06 नवंबर, 2026
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से 10वीं /ITI एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट/आवेदन: rrcjaipur.in

HPPSC: 23 एग्रीकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर पद
- अंतिम तिथि: 22 अक्टूबर, 2026
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एग्रीकल्चर में बीएससी एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट/आवेदन: hppsc.hp.gov.in

इंडियन आर्मी: TES-57 कोर्स, अधिसूचना जारी
- अंतिम तिथि: 12 नवंबर, 2026
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से अधिसूचना में वर्णित संबंधित एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट/आवेदन: joinindianarmy.nic.in

नौकरी टिप्स
ग्रेजुएट युवाओं के लिए है लॉजिस्टिक कंसल्टेंट की सरकारी नौकरी के ढेरों मौके
अगर आप ग्रेजुएट युवा हैं और मैटेरियल मैनेजमेंट में एमबीए या पीजीडीएम कोर्स किया है तो लॉजिस्टिक कंसल्टेंट की सरकारी नौकरी के लिए कोशिश कर सकते हैं। वस्तुओं के ट्रांसपोर्टेशन से लेकर लोडिंग-अनलोडिंग तथा गंतव्यों तक पहुंच सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी लॉजिस्टिक कंसल्टेंट की ही होती है। केंद्र और राज्य सरकार से जुड़े कई मंत्रालयों, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण सहित अन्य विभागों में लॉजिस्टिक कंसल्टेंट के लिए ढेरों रिक्तियां निकलती हैं जहां शैक्षणिक रिकॉर्ड, लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाता है।
अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.jagranjosh.com या डाउनलोड करें Jagran Josh Sarkari Naukri App

RKTV

होप को रोकने की योजना सफल रहने से खुश हैं अर्शदीप

इंदौर, प्रेट्र: भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप को रोकने के लिए टीम ने खास रणनीति बनाई थी और गेंदबाजों ने मैदान पर इस पर अच्छी तरह अमल किया। भारत ने पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 14 रन से हराकर 2-1 की बढ़त बना ली।

अर्शदीप ने रविवार को खेले गए मुकाबले में चार ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने खतरनाक बल्लेबाज शाई होप (5) और शेरफेन रदरफोर्ड (32) को बोल्ड करके भारत को अहम सफलता दिलाई। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 223 रन बनाए और फिर वेस्टइंडीज को लक्ष्य तक पहुंचने से रोक दिया। बीसीसीआइ

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट लिए थे

की ओर से जारी वीडियो में अर्शदीप ने कहा कि मैच से पहले हमने शाई होप को रोकने की रणनीति बनाई थी। हमारा लक्ष्य उन पर दबाव बनाए रखना और योजना को मैदान पर सही तरीके से लागू करना था। जब इसका नतीजा मिलता है, तो बहुत अच्छा लगता है।

उन्होंने इस सफलता का श्रेय कोच और पूरी गेंदबाजी इकाई को देते हुए कहा कि कोचिंग दल ने हमें रणनीति समझाई और बताया कि मैच में किन बातों पर अमल करना है। सभी गेंदबाजों ने इसे अच्छी तरह लागू किया। मयंक यादव ने दूसरे छोर से लगातार दबाव बनाए रखा और सभी छह गेंदबाजों ने योगदान दिया। दबाव में अपनी योजना को सही तरीके से लागू करना अच्छा लगता है और इसमें मजा भी आता है। मयंक को कोई सफलता नहीं मिली लेकिन उन्होंने अपनी तेज गेंदबाजी से वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को परेशान किया और चार ओवर में सिर्फ 34 रन खर्च किए। अर्शदीप ने कहा कि युवा खिलाड़ियों को सीनियर खिलाड़ियों से सीखने के भरपूर मौके मिलते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रेसिंग रूम का माहौल काफी सहज और खुशनुमा है। ऐसा नहीं है कि ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी को अधिक और कम मैच खेलने वाले को कम महत्व दिया जाता है। यहां सभी के लिए अच्छा माहौल है।

अर्शदीप सिंह • प्रेट्र

बल्लेबाजी से गेंदबाजी में छोड़ता हूं प्रभाव : नमन

इंदौर: भारत के स्पिन गेंदबाजी आलराउंडर नमन धीर का कहना है कि बल्लेबाजी कौशल उन्हें गेंदबाजी के दौरान बल्लेबाजों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है और इससे वह बल्लेबाज के खड़े होने के तरीके (स्टांस) और शाट के चयन के आधार पर उसके इरादों का अनुमान लगा पाते हैं। अपनी पहली टी-20 सीरीज खेल रहे धीर ने रविवार को तीसरे मैच में कामिल पूरन और शिमरोन हेटमायर के अहम विकेट चटकाए जिससे भारत ने वेस्टइंडीज को 14 रन से हराकर पांच मैच की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। धीर ने जियोस्टार से कहा कि बल्लेबाज होने का फायदा मिलता है क्योंकि आप बल्लेबाज के स्टांस, उसके बैकलिफ्ट की दिशा, गार्ड और उसके खेलने के तरीके को समझते हैं। गेंदबाजी करते समय मैं इन चीजों पर लगातार नजर रखता हूं और इससे गेंदबाजी में प्रभाव छोड़ने में कामयाब रहता हूं। आलराउंडर नमन धीर ने कहा कि मैंने तीन छक्के देने और फिर विकेट लेने की योजना नहीं बनाई थी। उदाहरण के लिए, जब वेस्टइंडीज के खिलाड़ी कामिल पूरन बल्लेबाजी कर रहे थे तो वह हर शाट लेग साइड में खेलने और शाट लगाने के लिए जगह बनाने की कोशिश कर रहे थे। इसलिए मैं उन्हें जगह नहीं देना चाहता था।

पावेल और रदरफोर्ड को फटकार, एक-एक डिमेरिट अंक भी मिला

नई दिल्ली, प्रेट्र : वेस्टइंडीज के बल्लेबाज रोवमैन पावेल और शेरफेन रदरफोर्ड को शुक्रवार को रांची में भारत के विरुद्ध दूसरे टी-20 मुकाबले के दौरान आइसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर फटकार लगाई गई। दोनों को एक-एक डिमेरिट अंक भी दिया गया। 24 महीने में यह उनका पहला उल्लंघन था। पावेल को आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो क्रिकेट उपकरणों के दुरुपयोग से संबंधित है।

वेस्टइंडीज की पारी के छठे ओवर में मयंक यादव ने उन्हें आउट किया। इसके बाद पावेल ने बल्ले से गेंद को दूर मारा। रदरफोर्ड ने अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन किया, जो अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से जुड़ा है। 13वें ओवर में जिस गेंद को उन्होंने वाइड माना, उसे वैध करार दिए जाने पर उन्होंने आक्रामक ढंग से अंपायर पर चिल्लाकर असहमति जताई। दोनों खिलाड़ियों ने उल्लंघन स्वीकार कर प्रस्तावित सजा मान ली, इसलिए औपचारिक सुनवाई नहीं हुई। मैदानी अंपायर जयरामन मदनगोपाल और रोहन पंडित, तीसरे अंपायर नितिन मेनन और चौथे अंपायर वीरेंद्र शर्मा ने आरोप लगाए थे। आचार संहिता के स्तर-1 उल्लंघन पर आधिकारिक फटकार से लेकर खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया जा सकता है। साथ ही एक या दो डिमेरिट अंक दिए जा सकते हैं।

जमानत पर छूटे पोरेल ने ठोका शतक

बंगाल ने तीन विकेट पर 304 रन बनाकर दिल्ली पर बनाई 64 रन की बढ़त बनाई, घरामी का भी शतक

रणजी का रण

जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली: शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में 36 दिन जेल, फिर जमानत और इसके बाद बंगाल की रणजी टीम में शामिल होने वाले बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल (114*) ने रणजी ट्राफी मुकाबले में दिल्ली के विरुद्ध शतक लगाया तो जश्न मनाने की जगह उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने शतक लगाने के बाद दोनों हाथों के साथ सिर झुकाकर खुद को तसल्ली दी।

मेडिकल छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोप में जब उन्हें गिरफ्तार किया गया था तो सभी को लगा कि उनके करियर पर विराम लग सकता है, लेकिन बंगाल क्रिकेट संघ ने इस युवा बल्लेबाज पर भरोसा बनाए रखा। जमानत मिली तो उन्हें फिर से रणजी टीम में मौका दिया और अभिषेक ने 137 गेंदों में शतक लगाकर बंगाल को मुकाबले में मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। बंगाल के कल्याणी में खेले जा रहे इस मुकाबले में अभिषेक के अलावा सुदीप कुमार घरामी (122*) ने भी शतक लगाया और दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बंगाल का स्कोर तीन विकेट पर 306 रन तक पहुंचाकर दिल्ली पर 64 रन की बढ़त दिला दी। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 199 रन की अविजित साझेदारी की। घरामी ने 17 चौके लगाए तो पोरेल ने 13 चौके व एक छक्का जड़ा। दिल्ली के लिए परेशानी सिर्फ यह नहीं है कि बंगाल के सात विकेट बचे हुए हैं, बल्कि यह है कि शतकवीर घरामी और अभिषेक पोरेल अब भी क्रीज पर डटे हुए हैं। मैच में दिल्ली की बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी इकाई भी गत सत्र की तरह ही छाप छोड़ने में विफल रही। दिविज मेहरा, नवदीप सैनी और कप्तान आयुष बदोनी को एक-एक विकेट जरूर मिला, लेकिन बेहद अंतराल पर और काफी रन लुटाने के बाद। वहीं सिमरजीत सिंह और रितिक शौकीन को कोई सफलता नहीं मिल सकी।

बिहार के विरुद्ध उप्र का 540 रन का विशाल स्कोर

बिहार के राजगीर में चल रहे रणजी के ग्रुप ए के सबसे अहम मुकाबले में दूसरे दिन उप्र ने बिहार के विरुद्ध आलआउट होने तक अपना स्कोर 540 रन तक पहुंचा दिया। इसमें पहले दिन माधव कौशिक (150) और रिंकू (112) के शतक के बाद दूसरे दिन आराध्य यादव (84) और जीशान अंसारी (58) ने भी शानदार योगदान दिया। दिन का खेल समाप्त होने तक बिहार ने दो विकेट पर 44 रन बना लिए थे और वह अब भी 496 रनों से पीछे है। पीयूष सिंह 16 रन बनाकर नाबाद थे। उत्तर प्रदेश के लिए करण शर्मा ने दोनों विकेट लिए।

जम्मू-कश्मीर के बल्लेबाजों ने कराई फजीहत

श्रीनगर में चल रहे ग्रुप ए के एक अन्य मुकाबले में दूसरे दिन मौजूदा चैंपियन जम्मू-कश्मीर की गेंदबाजी इकाई के पहले दिन शानदार प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजों ने फजीहत करा दी। इसका परिणाम यह हुआ कि मध्य प्रदेश को 196 रन पर आलआउट करने वाली यह टीम खुद 120 रन पर सिमट गई। मध्य प्रदेश ने स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 59 रन बनाकर 135 रन की बढ़त हासिल कर ली। जम्मू की ओर से कन्हैया वधावन ही सर्वाधिक 35 रन बना सके। मध्य प्रदेश के आवेश खान और आर्यन पांडे ने तीन-तीन, जबकि अक्षय शर्मा ने दो विकेट लिए।

तीन शतकों की मदद से झारखंड मजबूत स्थिति में

ग्रुप सी के एक अन्य मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक ओपनर शिखर मोहन (143), आदित्य सिंह (147) और कप्तान विराट सिंह (108) के शतकों की बदौलत झारखंड ने केरल के विरुद्ध सभी विकेट खोकर 179.5 ओवर में 587 रन बनाए। झारखंड ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 289 रन से की थी। केरल के लिए वैशाख चंद्रन ने पांच और जलज सक्सेना ने तीन विकेट लिए।

मुंबई के आगे चंडीगढ़ का फालोआन: ग्रुप डी में मुंबई के आगे चंडीगढ़ की टीम दूसरे दिन पूरी तरह पस्त हो गई। मुंबई के पहली पारी में 429 रन के जवाब में चंडीगढ़ की टीम 78 रन पर ढेर हो गई। इसमें तुषार देशपांडे ने पांच विकेट लिए। चंडीगढ़ ने फालोआन लेते हुए दूसरी पारी में स्टंप्स तक बिना रन के एक विकेट गंवा दिया। ग्रुप बी में सौराष्ट्र के 392 रन के जवाब में छत्तीसगढ़ ने स्टंप्स तक तीन विकेट पर 122 रन बना लिए।

दिल्ली के विरुद्ध शतक लगाने के बाद अभिषेक पोरेल • प्रेट्र

भारत-ए टीम में रिषभ पंत की जगह कुमार कुशाग्र

नई दिल्ली, प्रेट्र: विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को सोमवार को न्यूजीलैंड दौरे के पहले दो मैचों के लिए भारत-ए टीम में चोटिल रिषभ पंत की जगह शामिल किया गया। बीसीसीआइ ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ईरानी कप में शेष भारत टीम की कप्तानी कर रहे पंत के बाईं ओर खिंचाव आ गया है, जिसके कारण वह पहले दो मैचों से बाहर हो गए हैं। इस दौरे के लिए पंत की उपलब्धता उनकी फिटनेस पर निर्भर थी। बीसीसीआइ ने बताया कि वह फिलहाल बोर्ड की मेडिकल टीम की देखरेख में हैं और अच्छी तरह से उबर रहे हैं। तीसरे मैच में उनकी उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा। पंत की चोट शुरुआती अनुमान से अधिक गंभीर नजर आ रही है। पुरुष चयन समिति ने पहले दो मैचों के लिए पंत की जगह कुशाग्र को टीम में शामिल किया है। भारत-ए की कप्तानी ध्रुव जुरैल करेंगे। वह विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। टीम में यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और वाशिंगटन सुंदर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन भी शामिल हैं। इससे भारतीय टीम को इस दौरे पर काफी लाभ मिल सकता है।

भारत-ए टीम: ध्रुव जुरैल (कप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, रविचंद्रन स्मरण, वाशिंगटन सुंदर, आकिब नबी, आकाश दीप, अंशुल कंबोज, मानव सुथार, मुकेश चौधरी, साई सुदर्शन, यश राठौड़, मुकेश कुमार और कुमार कुशाग्र (शुरुआती दो मैचों के लिए)।

दूसरी पारी में भी चला रेनशा का बल्ला, जड़ा अर्धशतक

आस्ट्रेलिया ने 314 रन पर घोषित की दूसरी पारी, द. आफ्रीका को मिला 421 रन का लक्ष्य

डरबन, रायटर : मैट रेनशा की शानदार बल्लेबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को चाय के समय छह विकेट पर 314 रन बनाकर दूसरी पारी घोषित कर दी। पहली पारी में 106 रन की बढ़त हासिल करने वाली आस्ट्रेलियाई टीम ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका के सामने जीत के लिए 421 रन का लक्ष्य रखा है।

रेनशा ने पहली पारी में 190 रन बनाए थे और दूसरी पारी में भी उनका बल्ला जमकर बोला। उन्होंने 99 गेंदों पर सात चौके और दो छक्कों की मदद से 82 रनों की पारी खेली। 30 वर्षीय क्वींसलैंड के बल्लेबाज रेनशा पिछले 15 टेस्ट पारियों में कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाए थे, लेकिन किंग्समीड मैदान पर उन्होंने अपनी फार्म में शानदार वापसी की। हालांकि, केशव महाराज की गेंद पर विवादास्पद कैच एंड बोल्ड के फैसले के बाद उनकी पारी समाप्त हुई। महाराज ने गेंद को लपकने के दौरान उसे कई बार संभाला। ऐसा लगा कि गेंद जमीन पर गिर गई है, लेकिन उन्होंने कैच पूरा करने का दावा किया। टीवी रिप्ले की समीक्षा के बाद रेनशा को आउट करार दिया गया। इस फैसले से बल्लेबाज नाखुश नजर आए।

आस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 33 रन से की। टीम ने तेज बल्लेबाजी करते हुए पहले सत्र में चार विकेट गंवाकर 141 रन बनाए, जबकि दूसरे सत्र में 140 रन जोड़े। टीम ने पारी घोषित करने का फैसला इसलिए किया ताकि दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी के लिए पर्याप्त समय दिया जा सके और अंतिम दिन जीत के लिए जरूरी 10 विकेट हासिल करने का मौका मिले। पहली पारी में खाता खोले बिना आउट हुए निक मैडिनसन ने इस बार आक्रामक बल्लेबाजी की। करीब एक दशक बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे मैडिनसन ने 48 रन बनाए, लेकिन एनरिक नोर्त्जे ने उन्हें बोल्ड कर दिया। ब्यू वेबस्टर 39 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि कप्तान पैट कमिंस ने केवल 12 गेंदों में चार छक्कों की मदद से 32 रन की तूफानी पारी खेली।

शाट लगाने के बाद मैट रेनशा • एपी

खेल डायरी

तारा यूपी वारियर्स से मुंबई इंडियंय में शामिल

नई दिल्ली, प्रेट्र: अमेरिका की दाएं हाथ की तेज गेंदबाज तारा नारिस अगले साल होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलेंगी। उन्हें यूपी वारियर्स के साथ सफल ट्रेड सौदे के बाद मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। नारिस को वारियर्स ने 2026 सत्र से पहले 10 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था। डब्ल्यूपीएल ने सोमवार को कहा कि यह 28 वर्षीय तेज गेंदबाज इसी राशि पर मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगी। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि नारिस 10 लाख रुपये की मौजूदा राशि पर मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगी। नारिस ने डब्ल्यूपीएल की पहली नीलामी में किसी फ्रेंचाइजी से जुड़ने वाली एसोसिएट देश की पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने पहले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया था।

एशियाई खेलों में प्रदर्शन की समीक्षा अब 15 को

नई दिल्ली, प्रेट्र: खेल मंत्रालय की हाल में संपन्न एशियाई खेलों में भारत के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के साथ होने वाली एकदिवसीय बैठक को दो दिन के लिए टाल दिया गया है और अब यह 15 अक्टूबर को होगी। यह बैठक पहले 13 अक्टूबर को प्रस्तावित थी लेकिन बैठक की अध्यक्षता करने वाले खेल मंत्री मनसुख मांडविया फिलहाल विकास पारंपरिक और स्वदेशी खेल प्रदर्शन प्रतियोगिता के लिए अहमदाबाद में मौजूद हैं। मंत्रालय के सूत्र ने कहा कि बैठक अब 15 अक्टूबर को होगी। इसमें मुख्य रूप से बैडमिंटन, निशानेबाजी और एथलेटिक्स में खराब प्रदर्शन पर चर्चा होगी।

पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन को मिलेगी कड़ी चुनौती

ओडेंसे (डेनमार्क), प्रेट्र: दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और पुरुष वर्ग में भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन को मंगलवार से शुरू हो रहे डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में ही कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सिंधू का सामना पहले दौर में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन एन से यंग से होगा। लक्ष्य को भी पुरुष वर्ग के पहले दौर में तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ टिएन चेन की चुनौती से पार पाना होगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का पिछले कुछ समय में प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा है। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को इस बात की चिंता होगी कि उन्हें एन से यंग खिलाफ अपने पिछले सभी 10 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। लक्ष्य का भी पिछले दो वर्षों में प्रदर्शन काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा है। उन्हें अगर चोउ के विरुद्ध जीत हासिल करनी है तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

कंपाउंड तीरंदाज अभिषेक वर्मा की निगाहें अब ओलिंपिक पर

कोलकाता, प्रेट्र: भारत के दिग्गज कंपाउंड तीरंदाज अभिषेक वर्मा भले ही एशियाई खेलों में भाग नहीं ले पाए, लेकिन उनका हौसला बरकरार है और उन्होंने 2028 में लास एंजिलिस ओलिंपिक और स्वदेश में 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों को अपना लक्ष्य बनाया है। भारत हाल ही में संपन्न हुए आइची-नागोया एशियाई खेलों में कंपाउंड तीरंदाजी में ओलिंपिक कोटा हासिल करने वाला पहला देश बना। इसमें साहिल जाधव और चिकिता तनिपार्थी ने मिक्स्ड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर ओलिंपिक कोटा हासिल किया।

एशियाई खेलों में लगातार चौथी बार भाग लेने से चूकने वाले 37 वर्षीय अभिषेक ने स्वीकार किया कि खेल से दूर रहना निराशाजनक था, लेकिन उन्हें संतुष्टि है कि जिन युवा खिलाड़ियों को उन्होंने प्रशिक्षण दिया, वह अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहे। अभिषेक ने कहा कि ओलिंपिक कोटा खिलाड़ियों के लिए नहीं बल्कि देश के लिए होता है।

अभिषेक वर्मा • फाइल फोटो

लास एंजिलिस में ज्यादा पदक लाएंगे भारतीय सैनिक : सेना प्रमुख

नई दिल्ली, प्रेट्र: थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने सोमवार को देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तराशने में भारतीय सेना के 'मिशन ओलिंपिक विंग' की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हाल ही में आइची-नागोया एशियाई खेलों में सेना के खिलाड़ियों का प्रदर्शन 2028 लास एंजिलिस ओलिंपिक के लिए उनकी क्षमता का संकेत है।

मानेकशा सेंटर में एशियाई खेलों के पदक विजेताओं के सम्मान समारोह में सेठ ने बताया कि सेना के खिलाड़ियों ने खेलों में 20 पदक जीते, जिनमें छह स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य शामिल हैं। सेना ने मिशन के तहत देशभर में स्पोर्ट्स नोड स्थापित किए हैं।

लिवरपूल को हराकर सिटी शीर्ष पर मजबूत

लिवरपूल, एपी: लिवरपूल प्रशंसकों की आलोचना और हुल्लड़बाजी के बीच मैनचेस्टर सिटी ने प्रीमियर लीग के मैच में एक और जीत दर्ज कर ली। लिवरपूल के घर एनफील्ड स्टेडियम में हुए मैच को सिटी ने 3-0 से अपने नाम करते हुए लीग के शीर्ष पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। टीम के तीनों गोल मैच के दूसरे हाफ में एर्लिंग हालैंड (65वें), जेरेमी डोकु (68वें) और रायन चेरकी (78वें मिनट) ने दागे। लिवरपूल के मिडफील्डर रायन ग्रावेनबर्च को 62वें मिनट में रेड कार्ड मिलने के चलते मेजबानों को बचा हुआ मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था।

हाल ही में एक स्वतंत्र पैनल द्वारा वित्तीय उल्लंघन के आरोप में दोषी पाई गई मैनचेस्टर सिटी के लिए ये जीत बेहद जरूरी थी। अंतरराष्ट्रीय विश्राम के दौरान आए फैसले के बाद ये सिटी का पहला मैच था। स्वतंत्र पैनल ने अपनी जांच में पाया था कि सिटी ने फुटबाल के कुछ बड़े सितारों को खरीदने, फुटबाल में दबदबा बनाने जैसे कारणों के लिए अपनी कमाई को एक बिलियन डालर (9,641 करोड़ भारतीय रुपये) से ज्यादा बढ़ाया था। यह इस सीजन सिटी की प्रीमियर लीग के छह मैचों में छठी जीत थी और वह दूसरे नंबर पर मौजूद आर्सेनल से तीन अंक आगे है।

मैनचेस्टर सिटी के लिए गोल कर पर खुशी मनाते एर्लिंग हालैंड व अन्य • एपी

बर्ग्स ने अलकराज को हराकर दर्ज की सबसे बड़ी जीत

शंघाई मास्टर्स

शंघाई, रायटर: सात ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुके कार्लोस अलकराज को सोमवार को शंघाई मास्टर्स के अंतिम-32 के मुकाबले में उलटफेर का शिकार होना पड़ा। गैरवरीयता प्राप्त बेल्जियम के जिजु बर्ग्स ने स्पेन के अलकराज को 7-5, 7-6 (4) से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। इस हार के साथ ही अलेक्जेंडर ज्वेरेव की एटीपी रैंकिंग में साल के अंत में विश्व नंबर एक खिलाड़ी के रूप में जगह पक्की हो गई।

जापान ओपन का खिताब बचाने के बाद शंघाई पहुंचे अलकराज कलाई की लंबी चोट से उबरकर अच्छी लय हासिल करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन दो घंटे और दो मिनट तक चले मुकाबले में वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। दूसरी वरीयता प्राप्त सेनिक खिलाड़ी करीब पांच महीने तक कोर्ट से दूर रहने के बाद अगस्त के अंत में अमेरिकी [illegible] से वापसी की थी और क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। शंघाई में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविक और अमेरिकी ओपन के [illegible] बेन शेल्टन भी इस [illegible] मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में उलटफेर का शिकार होने वाले बड़े नामों में शामिल रहे।

कार्लोस अलकराज • एएफपी

झेंग और आंद्रीवा वुहान ओपन से हटीं

वुहान, एपी: चाइना ओपन में दो साल बाद अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने के एक दिन बाद चीन की टेनिस खिलाड़ी झेंग किनवेन ने सोमवार को कंधे की चोट के कारण वुहान ओपन से नाम वापस ले लिया। ओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग ने रविवार को चाइना ओपन के फाइनल में रूस की मीरा आंद्रीवा को 7-5, 6-4 से हराया था। झेंग ने कहा कि चोट से उबरने के बाद

पिछले डेढ़ महीने में काफी मुश्किल टेनिस खेला। मीरा आंद्रीवा भी वुहान ओपन से हट गई हैं।

क्रिकेट और स्पोर्ट्स की अन्य खबरों के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

रूड और एलियासिम प्री क्वार्टर फाइनल में

शंघाई, आइएएनएस: कैस्पर रूड ने सोमवार को शंघाई मास्टर्स के तीसरे राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टीएन को 6-4, 7-6 (3) से शिकस्त देकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 20वीं वरीयता प्राप्त रूड ने 14वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 1 घंटे 42 मिनट में हराया। कैस्पर रूड ने अपने सर्व और फर्स्ट सर्व के दम पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले राउंड में प्रवेश किया। उन्होंने 13 ऐस लगाए वहीं, फेलिक्स आगर-एलियासिम ने स्पेन के पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 6-3, 4-6, 6-1 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जिनका सामना अब रूड से होगा।

माया राजेश्वरन ने जीता पहला पेशेवर खिताब

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारत की उभरती हुई युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पुर्तगाल में डब्ल्यू35 लागोस टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला पेशेवर खिताब जीता। क्वालीफायर के रूप में टूर्नामेंट में भाग लेने वाली माया ने रविवार को खेले गए फाइनल में स्पेन की सेलिया सेर्विनो रुइज को 6-4, 6-2 से हराया। इस जीत से वह 17 वर्षीय खिलाड़ी सानिया मिर्जा के बाद पेशेवर सिंगल्स खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। माया ने यूक्रेन की येलीजावेटा कोटलियार के साथ मिलकर डबल्स खिताब भी जीता। उन्होंने सिंगल्स में एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने पहले दौर में ही शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट को हराया।

RKTV

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित रहा जीत थयिल का उपन्यास नारकोपोलिस

जीत थयिल का जन्म 1959 में केरल के एर्नाकुलम जिले में आज ही हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा मुंबई, हांगकांग और न्यूयार्क से पूरी की। वे लंबे समय तक पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे। 2012 में प्रकाशित उनका पहला उपन्यास नारकोपोलिस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहद चर्चित रहा। इसके लिए उन्हें प्रतिष्ठित मैन बुकर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। इस उपन्यास में बीसवीं सदी के सातवें और आठवें दशक में मुंबई की नशा-संस्कृति और अंडरवर्ल्ड का सजीव चित्रण है। इसके अलावा, उनके काव्य-संग्रह द बुक आफ चाकलेट सेंट्स और बीज एरर इयर्स भी काफी सराहे गए।

इटली ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा

1943 में आज ही इटली की नई सरकार ने पूर्व धुरी सहयोगी नाजी जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी। बेनिटो मुसोलिनी के तख्तापलट के बाद इटली ने मित्र राष्ट्रों का साथ चुना, जो पूरे विश्व युद्ध का एक बड़ा निर्णायक मोड़ साबित हुआ।

एंडीज पर्वत में विमान दुर्घटना, 16 की बची जान

1972 में आज ही उरुग्वे की रग्बी टीम को ले जा रहा विमान एंडीज की बर्फीली पहाड़ियों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भीषण ठंड, भुखमरी के बीच फंसे यात्रियों ने हार नहीं मानी और 72 दिनों तक जीवन के लिए संघर्ष किया। अंततः 16 लोगों को जीवित बचा लिया गया।

एक नजर

तैयब मेहता की रिक्शा चालक पेंटिंग 69.1 करोड़ रुपये में बिकी

नई दिल्ली: भारतीय कलाकार तैयब मेहता की 2002 में बनाई गई पेंटिंग रिक्शा चालक नीलामी में 69.1 करोड़ रुपये में बिकी। यह मेहता के लिए नीलामी में विश्व रिकार्ड है और रुपये में नीलामी के दौरान बिकी चौथी सबसे महंगी भारतीय कलाकृति बन गई है। इस बिक्री ने मेहता की पिछली नीलामी का रिकार्ड तोड़ दिया। उनकी पेंटिंग ट्रस्ड बुल अप्रैल 2025 में 61.80 करोड़ रुपये में बिकी थी। मेहता के करियर के आखिरी दशक में कैनवस पर ऐक्रेलिक से बनाई गई यह पेंटिंग एक रिक्शा चालक को दर्शाती है। (प्रेट्र)

करदाताओं के पैसे से चल रहे राजनीतिक विज्ञापन रद करने का ट्रंप को आदेश

न्यूयार्क: एक जज ने रविवार रात (स्थानीय समय) को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आदेश दिया कि करदाताओं के लाखों डालर से टीवी पर दिए जा रहे राजनीति विज्ञापन को रद करना होगा। हालांकि, प्रशासन का कहना था कि विज्ञापन अभियान खत्म होने वाला है। न्यूयार्क में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज जेनिफर एल. रोचान ने विज्ञापनों को चुनौती देने वाले ग्रुप के पक्ष में फैसला सुनाया। उन्होंने इन विज्ञापनों को फंड का गैर-कानूनी दुरुपयोग बताया था। (रायटर)

गोवा नाइटक्लब के लूथरा बंधुओं को पीड़ितों के परिजनों को देना है 20-20 लाख

पणजी: बांबे हाई कोर्ट ने सोमवार को 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को पिछले साल उत्तरी गोवा स्थित उनके प्रतिष्ठान में लगी भीषण आग में मारे गए 25 लोगों के परिजनों के लिए 20-20 लाख रुपये अंतरिम मुआवजे के तौर पर जमा करने का निर्देश दिया। जस्टिस वाल्मीकि मेनेजेस व जस्टिस अमित जामसंडेकर की खंडपीठ ने उत्तरी गोवा के अर्पोरा में दिसंबर 2025 में लगी आग के पीड़ितों को राहत देने से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। (प्रेट्र)

पाकिस्तानी सेना का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलटों की मौत

इस्लामाबाद: पाकिस्तानी सेना का प्रशिक्षण विमान तकनीकी खराबी के कारण सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा के पास हुई इस दुर्घटनाग्रस्त हो गया सेना के दो पायलटों की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना ने बताया, तकनीकी खराबी के कारण पाकिस्तान सेना का मुश्शाक प्रशिक्षण विमान क्वेटा के न्यू किल्ली के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दोनों पायलटों की मौत हो गई। (प्रेट्र)

वाशिंगटन राज्य के मेयरों का प्रतिनिधिमंडल भारत दौरे पर

वाशिंगटन: अमेरिकी राज्य वाशिंगटन के सात शहरों के मेयरों का एक प्रतिनिधिमंडल मजबूत संबंध और दीर्घकालिक साझेदारी विकसित करने के लिए एक सप्ताह के भारत दौरे पर है। यह अपनी तरह की पहली पहल है। वाशिंगटन राज्य की सिनेटर टीना ओरवाल के नेतृत्व में 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली, भुवनेश्वर और मुंबई का दौरा करेगा। सिएटल स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने रविवार को एक पोस्ट में कहा, 'अद्भुत भारत की सुखद यात्रा : वाशिंगटन राज्य के मेयरों का पहला प्रतिनिधिमंडल।' (प्रेट्र)

मिनी ने 250 महिलाओं को रोजगार दे दिखाई आत्मनिर्भरता की राह

महिलाओं को कार्य, प्रशिक्षण और बेहतर कार्यस्थल देकर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और गरीबी से बाहर निकालने में जुटी हैं मिनी

नमो देव्यै महादेव्यै
नारी सशक्तीकरण
गरीबी उन्मूलन

कुलीश शर्मा • जागरण

लुधियाना: किसी महिला को रोजगार देना केवल उसे आमदनी का साधन उपलब्ध करवाना नहीं, बल्कि उसके परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और गरीबी से बाहर निकलने का अवसर देना भी है। लुधियाना की संदीप मिनी रियात इसी सोच के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी हैं। उनका उद्देश्य महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के साथ उन्हें हुनरमंद बनाना, बेहतर कार्यस्थल देना और इस योग्य बनाना है कि वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। उनकी फैक्ट्री में करीब 250 महिलाएं काम करती हैं, जबकि 100 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

मिनी रियात का मानना है कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए केवल अवसर देना पर्याप्त नहीं है। उन्हें ऐसा माहौल भी मिलना चाहिए, जहां वे बिना किसी झिझक के काम कर सकें और अपनी क्षमताओं को पहचान सकें। इसी सोच के तहत उन्होंने अपनी फैक्ट्री में करीब 35 प्रतिशत रोजगार महिलाओं को दिया है। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को काम सीखने और औद्योगिक क्षेत्र में अपनी जगह बनाने का अवसर मिलता है। नियमित आय होने से वे घर की जरूरतें पूरी करने के साथ बच्चों की शिक्षा और परिवार के बेहतर भविष्य में भी योगदान दे सकती हैं।

महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की उनकी सोच के पीछे संघर्ष का अपना अनुभव भी है। जब उनके पिता की आटो पार्ट्स फैक्ट्री आर्थिक संकट से जूझ रही थी और कर्ज के दबाव में कारोबार बंद होने की नौबत आ गई थी, तब उन्होंने इसकी जिम्मेदारी संभाली। मेहनत और सूझबूझ से कारोबार को संभालकर उन्होंने इसे करीब 130 करोड़ रुपये के सालाना टर्नओवर तक पहुंचाया। इस सफर ने उन्हें यह समझने का अवसर दिया कि कठिन परिस्थितियों से निकलने के लिए हुनर, अवसर, लोगों का सहयोग और आत्मविश्वास कितने जरूरी हैं।

महिलाओं को रोजगार देने के साथ संदीप मिनी रियात सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी योगदान दे रही हैं। कंपनी के कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) फंड से वह विधवा महिलाओं के उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत हैं। गरीब और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा उपलब्ध करवाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है, ताकि आर्थिक तंगी उनके भविष्य की राह में बाधा न बने।

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।

130 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ महिला सशक्तीकरण की लुधियाना में मिसाल बनी हैं मिनी

100 से अधिक महिलाओं को उन्होंने दिलाई है ट्रेनिंग, जिससे वे भी कामयाबी की राह पर बढ़ सकें आगे

35% महिलाएं कार्य करती हैं उनकी फैक्ट्री में, जोकि महिलाओं को आगे बढ़ाने के संकल्प को दर्शाता है

फैक्ट्री में प्रशिक्षण शिविर के दौरान उपस्थित महिला कर्मचारी • सौ. जागरण

महिला की आत्मनिर्भरता से मजबूत होता है परिवार

मिनी कहती हैं कि जब किसी महिला के पास नियमित आय का साधन होता है, तो उसका असर पूरे परिवार पर पड़ता है। आर्थिक मजबूती से महिला का आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता भी बढ़ती है। आत्मनिर्भरता का वास्तविक अर्थ केवल खुद के पैरों पर खड़ा होना नहीं, बल्कि दूसरी महिलाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर देना होता है।

संदीप मिनी रियात

हर किसी में टैलेंट छिपा रहता है, लेकिन इसकी कद्र करने वाले लोग कम होते हैं। हमारी एमडी मिनी ने हमारे भविष्य को बेहतर करने के साथ-साथ मिसाल पेश की है कि जीवन में कोई काम कठिन नहीं। दूसरों के लिए भी काम करना जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। -राधा

कंपनी में जब आई तो कुछ नहीं आता था। इसके बाद यहीं पर ट्रेनिंग मिली और आज यहीं काम करके घर चलाने में परिवार का सहयोग कर रही हूं। इसमें कंपनी ने अहम योगदान दिया है। -संगीता देवी

होर्मुज स्ट्रेट में दो कार्गो जहाजों पर हमले, 22 भारतीय सवार, दो लापता

नई दिल्ली, प्रेट्र: होर्मुज स्ट्रेट में दो व्यापारिक जहाजों पर हमले हुए, जिन पर 22 भारतीय नाविक सवार थे। भारत सरकार ने इन हमलों की कड़ी आलोचना की है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पहले जहाज पेटोओ वाल्किन पर रविवार को एक ड्रोन से हमला हुआ। जहाज पर 11 भारतीय सवार थे, जिसमें दो लापता बताए गए हैं। इसके अलावा मार्शल आइलैंड का झंडा लगे एमटी आलथेरा जहाज पर एक अज्ञात मिसाइल से हमला हुआ। हालांकि, उस पर सवार सभी 11 भारतीय सुरक्षित बताए गए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी एक जहाज पर हमला हुआ था, जिस पर 22 भारतीय सवार थे। उन सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया था।

फारवर्ड सीमेन्स यूनियन आफ इंडिया (एफएसयूआइ) ने लापता दोनों नाविकों की पहचान बीर बहादुर यादव और अमित सिंह के रूप में की है। मंत्रालय के अनुसार मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ओमान के अधिकारियों और जहाज प्रबंधन कंपनियों के साथ मिलकर स्थिति पर नजर रखे हुए है और भारतीय नाविकों को हर संभव सहायता उपलब्ध करा रहा है।

अब अस्पतालों को स्थानीय भाषा और अंग्रेजी में जरूर लगानी होगी स्वास्थ्य सेवाओं की रेट लिस्ट

चिकित्सा संस्थान अब मरीज से सेवाओं और सुविधाओं के औने-पौने दाम नहीं वसूल पाएंगे

- स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर दिया निर्देश
- पारदर्शिता बढ़ाने, मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए की पहल

नई दिल्ली, प्रेट्र : मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए बड़ी राहत की खबर है। देशभर के चिकित्सा संस्थानों को अब अनिवार्य रूप से स्थानीय भाषा और अंग्रेजी में अपने संस्थान में दी जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं के शुल्क स्पष्ट रूप से बोर्ड पर प्रदर्शित करने होंगे। वह भी ऐसी जगह जहां वह सभी को आसानी से नजर आएं। यानी अब चिकित्सा संस्थान मरीज से औने-पौने दाम नहीं वसूल पाएंगे। मरीज को पूरी जानकारी में रहेगा कि उसे किस टेस्ट और सेवा के लिए कितना शुल्क देना है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए हैं। यह कदम पारदर्शिता, जवाबदेही और मरीजों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा है कि लागू नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए और ऐसे उपाय किए जाएं जिससे स्वास्थ्य देखभाल सेवा पर आने वाले खर्च की जानकारी मरीजों और तीमारदारों को स्पष्ट रूप से उपलब्ध हो सके।

स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए, मरीजों द्वारा वहन किए जाने वाले खर्च में पारदर्शिता के महत्व पर जोर देते हुए, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि शुल्क को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने से मरीजों और उनके परिजनों को इलाज के संभावित खर्च को समझने, चिकित्सा से जुड़े सही फैसले लेने और अपने मेडिकल खर्च की योजना बनाने में मदद मिलेगी। व्यापक पारदर्शिता से बेवजह की उलझन और बिल से जुड़े विवाद कम करने में मदद मिलेगी, साथ ही स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में भरोसा और विश्वास भी बढ़ेगा।

पत्र में चिकित्सा संस्थान (पंजीकरण एवं विनियमन) अधिनियम 2010 और चिकित्सा संस्थान (केंद्र सरकार) नियम 2012 का उल्लेख किया गया है जोकि चिकित्सा संस्थानों के लिए विनियामक ढांचा (रेगुलेटरी फ्रेमवर्क) उपलब्ध कराते हैं। नियमों के तहत, जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में यह अधिनियम लागू है, वहां चिकित्सा संस्थानों के लिए जरूरी है कि वे मरीजों और उनके साथ आने वाले लोगों की सुविधा के लिए दी जाने वाली हर तरह की सेवा और उपलब्ध सुविधाओं के शुल्क को किसी ऐसी जगह पर प्रदर्शित करें, जहां वे आसानी से नजर आएं।

हिंद महासागर की लहरों पर भारत का नया पहरेदार 'आइएनएस मंगरोल' पोत

मुंबई, प्रेट्र : भारत की विशाल समुद्री सीमाओं को और अधिक अभेद्य व सुरक्षित बनाने की दिशा में सोमवार को एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। मुंबई में आयोजित एक समारोह के दौरान भारतीय नौसेना ने अपनी तीसरी एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) 'आइएनएस मंगरोल' को औपचारिक रूप से अपने बेड़े में शामिल कर लिया। गुजरात के ऐतिहासिक तटीय शहर मंगरोल की पुरानी और गौरवशाली विरासत को पुनर्जीवित करते हुए, यह युद्धपोत देश की बढ़ती रक्षा आत्मनिर्भरता और सामरिक शक्ति का एक अनूठा प्रतीक बनकर उभरा है। हिंद महासागर की लहरों पर नौसेना की मारक क्षमता को एक नया और गौरवशाली आयाम देने वाला यह 'योद्धा' स्वदेशी जहाज निर्माण की मजबूत इच्छाशक्ति का परिचायक है। वर्तमान भू-राजनीतिक उथल-पुथल और हिंद महासागर में लगातार बढ़ती विदेशी पनडुब्बियों की आवाजाही के बीच समुद्र की अथाह गहराइयों में छिपे खतरों से निपटना अत्यंत आवश्यक हो गया है। केरलम के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा निर्मित यह युद्धपोत उन तटीय क्षेत्रों में बेजोड़ क्षमता के साथ संचालन करने में सक्षम है, जहां बड़े युद्धपोत अपनी परिचालन सीमाओं के कारण नहीं पहुंच सकते। 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से निर्मित यह युद्धपोत समुद्री गश्ती विमानों, हेलीकाप्टरों और अन्य युद्धपोतों के साथ मिलकर बंदरगाहों तथा तटीय इलाकों की सुरक्षा को कई गुना मजबूत करेगा और पानी के भीतर मंडराते खतरों का मुंहतोड़ जवाब देगा।

भारतीय नौसेना ने सोमवार एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट आइएनएस मंगरोल को अपने बेड़े में शामिल किया। • एएनआइ

लोग कहते हैं बुढ़ऊ, इसलिए कम कर रहा हूं पोस्ट : अमिताभ

मुंबई, आइएएनएस : मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने आनलाइन ट्रोलिंग और आलोचना के बारे में अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि कमेंट में लोग कहते हैं कि बुढ़ऊ ऐसे क्यों बोल रहा, इसलिए अब पोस्ट कम कर रहा हूं।

अमिताभ बच्चन। • जागरण आर्काइव

दरअसल, कौन बनेगा करोड़पति के हाटसीट पर बैठे कंटेस्टेंट विप्र ने उनसे इंटरनेट मीडिया पर नेगेटिविटी से निपटने के बारे में सलाह मांगी और पूछा कि आप इंटरनेट मीडिया पर आलोचना को कैसे संभालते हैं। मेरी उम्र के लोगों को आलोचना संभालना बिल्कुल नहीं आता।" इस पर बच्चन ने कहा, "पहले हमने सोचा कि ये बहुत अच्छा यंत्र है, इसमें हम अपने दिल की बात बोल देते हैं। उसके बाद जब हमने पढ़ना शुरू किया कि इसका कमेंट क्या है, हमने ऐसे लिखना बंद कर दिया। 'अपने आप को क्या समझता है रे तू बुढ़ऊ, ऐसे क्यों बोल रहा' है। ऐसी-ऐसी शब्दावली होती है, बड़ा अजीब लगता है।

क्रशर प्लांट का विरोध कर रहे ग्रामीणों ने किया पूर्व विधायक पर हमला, मौत

- भाजपा नेता अतर सिंह भड़ाना की जयपुर के एसएमएस अस्पताल में मौत
- 40 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज, चार साल से चल रहा था विवाद

जागरण संवाददाता, जयपुर : राजस्थान में भरतपुर जिले के भैंड़ा गांव में क्रशर प्लांट का विरोध कर रहे ग्रामीणों के कथित हमले में गंभीर रूप से घायल हुए बयाना के पूर्व विधायक और भाजपा नेता अतर सिंह भड़ाना की जयपुर के एसएमएस अस्पताल में रविवार देर रात मौत हो गई। भड़ाना रविवार देर शाम भैंड़ा गांव में अपने क्रशर प्लांट पर पहुंचे थे। इसी दौरान करीब 30-40 ग्रामीणों ने भड़ाना पर कथित तौर पर लाठियों एवं पत्थरों से हमला कर दिया। क्रशर प्लांट पर मौजूद भड़ाना के कर्मचारियों ने भी दूसरे पक्ष पर पथराव किया। हमले में भड़ाना और उनके अंगरक्षक गगन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से भड़ाना को जयपुर रेफर किया गया। रात 11:30 बजे भड़ाना को अस्पताल पहुंचाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम के बाद भड़ाना का शव स्वजन को सौंप दिया गया। वह फरीदाबाद के पाली गांव के रहने वाले थे। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं और प्रदूषण का विरोध करने पहुंचे ग्रामीणों ने शुक्रवार रात फैक्ट्री मालिक को कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला था। पिटाई में फैक्ट्री का साझेदार व एक ग्रामीण भी घायल हुए थे। फैक्ट्री के चौकीदार की शिकायत पर पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

भड़ाना के स्वजन की ओर से नदबई पुलिस थाने में 40 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसके बाद से गांव के अधिकांश पुरुष सदस्य फरार हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं, भड़ाना की पत्नी कमलेश ने ग्रामीणों पर फायरिंग का आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस ने इससे इन्कार किया है। कमलेश के अनुसार, समय रहते पुलिस को सूचना दी गई थी, लेकिन पुलिस देरी से पहुंची।

अमेरिका में डेमोक्रेटिक सांसद इल्हान ओमर के घर पर छापा

वाशिंगटन, रायटर : अमेरिकी अधिकारियों ने सोमवार तड़के डेमोक्रेटिक सांसद इल्हान ओमर के वाशिंगटन इलाके स्थित घर पर छापा मारा। फाक्स न्यूज डिजिटल ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से बताया कि यह छापा सोमालिया में जन्मीं सांसद के इमिग्रेशन कागजात से जुड़ी धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में मारा गया। ये कागजात उनके पिता ने तब भरे थे, जब वह बच्ची थीं। जस्टिस डिपार्टमेंट के प्रवक्ता ने कहा, "आज वाशिंगटन डी.सी. इलाके में, होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशन्स ने जस्टिस डिपार्टमेंट द्वारा हासिल किए गए और अदालत से मंजूर सर्च वारंट को लागू किया। यह कार्रवाई एक चल रही संघीय जांच का हिस्सा है।" ओमर के प्रतिनिधि ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। यह छापा तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनावों से पहले पड़ा है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी अमेरिकी कांग्रेस में अपनी मामूली बढ़त को बचाने की कोशिश करेगी। ओमर अक्सर ट्रंप की राजनीतिक आलोचनाओं का शिकार रही हैं।

सुप्रीम कोर्ट का राजनीतिक औजार की तरह इस्तेमाल : हरीश साल्वे

- भारत के पूर्व सालिसिटर जनरल ने विपक्ष के मार्च को मूर्खता बताया
- कहा-भारत में नेपाल-बांग्लादेश जैसे हालात पैदा करने की कोशिश

नई दिल्ली, आइएएनएस : भारत के पूर्व सालिसिटर जनरल और वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) से विपक्ष की मिलने की कोशिशों की आलोचना कर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जारी प्रदर्शनों पर सवाल उठाए। साल्वे ने इस कदम को 'सरासर मूर्खता' बताया और आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट का राजनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने सोमवार को एक साक्षात्कार में कहा, 'मेरी राय में, वे (विपक्षी दल) हर दिन सुप्रीम कोर्ट का राजनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं।' इंडिया गठबंधन के मार्च निकालने और सीजेआइ से मिलने की कोशिश को साल्वे ने सरासर मूर्खता बताया। उन्होंने कहा कि संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल कानून के दायरे में रहकर किया जाना चाहिए। नेताओं ने मुलाकात का समय मांगा था, अब बार और बेंच के लोगों ने ट्वीट कर कहा कि मुख्य न्यायाधीश ने उनसे मिलने से इन्कार कर दिया। उनकी पार्टी में इतने वरिष्ठ वकील हैं। क्या किसी ने उन्हें नहीं बताया कि मुख्य न्यायाधीश हर मामले की व्यक्तिगत रूप से सुनवाई नहीं करते? जिस पीठ को मुख्य न्यायाधीश कोई मामला सौंपते हैं, वही उसकी सुनवाई करती है और फैसला देती है। हमारे देश में कुछ नया हो रहा है। मुझे समझ नहीं आता कि चल क्या रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश अपना काम कर रहे हैं। वह यहां मानवाधिकार, प्रदर्शन का अधिकार और अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे इन सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। आज भी अदालत ने बहुत संतुलित आदेश दिया है। उसने कहा कि कुछ भी गैरकानूनी नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं 45 साल से अधिक समय से वकालत कर रहा हूं। मैंने पहले कभी ऐसी सोच नहीं देखी कि लोग इस तरीके से मुख्य न्यायाधीश से मिलने की कोशिश करें।

भारत बिम्सटेक गृह मंत्रियों की पहली बैठक की मेजबानी करेगा : शाह

नई दिल्ली, प्रेट्र : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत मंगलवार को यहां पहली बिम्सटेक गृह मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा। इसमें आतंकवाद, सीमा-पार संगठित अपराध, तस्करी, अवैध वित्तीय लेन-देन और साइबर खतरों जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा, "भारत के लिए 13 अक्टूबर को नई दिल्ली में पहली बिम्सटेक गृह मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करना सम्मान की बात है। मैं माननीय गृह मंत्रियों और सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों का हार्दिक स्वागत करता हूं। हम ठोस समन्वय के जरिए एक सुरक्षित, मजबूत और अधिक सुरक्षित बिम्सटेक क्षेत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" बे आफ बंगाल इनिशिएटिव फार मल्टी-सेक्टरल टेक्निकल एंड इकोनामिक कोआपरेशन (बिम्सटेक) एक क्षेत्रीय समूह है जिसमें बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं। बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद दो दिन की बैठक में शामिल नहीं होंगे। उनकी जगह गृह मामलों के वरिष्ठ सेक्रेटरी मंजूर मोर्शेद चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेगा।

भारत के 10% अमीरों की आय विकसित देशों के 10% गरीबों से कम

- विश्व बैंक के आंकड़ों में भारत और अमीर देशों के बीच आय का बड़ा अंतर
- विशेषज्ञों ने कहा- उत्पादक रोजगार, अच्छी शिक्षा और आर्थिक अवसरों तक पहुंच बढ़े

जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली: भारत में सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोगों की दैनिक आय या उपभोग का स्तर भी अमेरिका, कनाडा और जर्मनी जैसे विकसित देशों के सबसे गरीब 10 प्रतिशत लोगों से काफी नीचे है। विश्व बैंक के 2026 के गरीबी और असमानता मंच के आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक बड़ी चुनौती दिखाते हैं। सवाल सिर्फ गरीबों की संख्या घटाने का नहीं, बल्कि देश में सभी वर्गों की आय बढ़ाने का भी है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत के सबसे गरीब 10 प्रतिशत लोगों की दैनिक आय या उपभोग प्रति व्यक्ति करीब तीन डालर है। इसकी तुलना में यह आंकड़ा अमेरिका में 25 डालर, कनाडा में 31 डालर तथा जर्मनी और आस्ट्रेलिया में 28-28 डालर है।

आय वितरण के ऊपरी स्तर पर भी अंतर काफी बड़ा है। भारत के सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोगों के लिए दैनिक आय या उपभोग का आंकड़ा करीब 10 डालर है। वहीं, अमेरिका में यह 173 डालर, कनाडा और आस्ट्रेलिया में 129-129 डालर तथा जर्मनी में 128 डालर है। भारत के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, हर महीने 80,000 रुपये कमाने वाला व्यक्ति भी देश के सबसे अधिक कमाने वाले 10 प्रतिशत लोगों में शामिल हो सकता है।

सिर्फ गरीबी घटने से नहीं बनेगा समृद्ध भारत: समता विकास के जानकार और अर्थशास्त्री डाक्टर विकास सिंह के अनुसार, भारत के पास अपनी विकास यात्रा को और अधिक समावेशी बनाने का मौका है। इसके लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि बढ़ती राष्ट्रीय आय से समाज के हर वर्ग की कमाई बढ़े, आर्थिक तरक्की के बेहतर मौके मिलें और जीवन स्तर में सुधार हो। असमानता पर विश्व बैंक का काम विकास की एक अहम प्राथमिकता को उजागर करता है- उत्पादक रोजगार, अच्छी शिक्षा और आर्थिक अवसरों तक पहुंच बढ़ाना। भारत का बढ़ता इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल पब्लिक सर्विस और उद्यमिता का आधार इस अगले चरण के लिए एक मजबूत नींव तैयार करते हैं।

प्रगति का असली पैमाना यह होगा कि देश कितने प्रभावी ढंग से आर्थिक विकास को परिवारों की बढ़ती आय, एक मजबूत मध्यम वर्ग और एक ज्यादा समृद्ध समाज में बदलता है। 'विकसित भारत 2047' की ओर भारत की यात्रा में समावेशी विकास मुख्य भूमिका निभाएगा।

एनएचआरसी को भरोसेमंद मानते हैं पीड़ित : सीजेआइ

- आयोग के 33वें स्थापना दिवस पर बोले जस्टिस सूर्यकांत
- अगर संविधान वादा है, तो आयोग उसके रखवालों में से एक

नई दिल्ली, प्रेट्र : प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि पीड़ितों के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) एक भरोसेमंद ठिकाना बन गया है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार आयोग की असली कसौटी सिर्फ यह नहीं है कि वह कितने मामलों का निपटारा करता है, बल्कि यह भी है कि क्या वहां उन लोगों की आवाज सुनी जा सकती है, जो अपनी बात कहने में सबसे कम सक्षम हैं।

एनएचआरसी के 33वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'अगर संविधान एक वादा है, तो आयोग उसके रखवालों में से एक है। इसकी पहुंच उन जगहों तक है जहां अदालत आसानी से नहीं पहुंच सकती; यह उन लोगों की सुनता है जो आसानी से बोल नहीं सकते और किसी के कहने का इंतजार किए बिना खुद कार्रवाई कर सकता है।' इस संदर्भ में उन्होंने हिरासत में यातना या मौत, बंधुआ मजदूरी, औद्योगिक क्षेत्रों में सिलिकोसिस के खतरे और हाशिये पर रह रहे समुदायों के अधिकारों की रक्षा से जुड़े मामलों में उसके हस्तक्षेप का जिक्र किया।

सीजेआइ ने कहा कि जीवन व व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित किए जाने के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में शुरू हुआ यह अधिकार, गरिमा से जीवन जीने की गारंटी बन गया है। स्वास्थ्य, भोजन, आश्रय, आजीविका और स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार अब उस मानवीय गरिमा के लिए आवश्यक माना जाता है। जीवन के अधिकार में प्रदूषण-मुक्त पानी और हवा का अधिकार भी शामिल है। उन्होंने 'जल- जीवन का अमृत : पानी के अधिकार के जरिये मानवीय गरिमा को आगे बढ़ाना' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन के साथ इस आयोजन के लिए एनएचआरसी की सराहना की।

हर मिनट अग्निपरीक्षा से गुजरता है सीजेआइ का कार्यालय : एनएचआरसी प्रमुख

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष जस्टिस (सेवानिवृत्त) वी. रामासुब्रमण्यम ने कार्यक्रम में कहा कि प्रधान न्यायाधीश का कार्यालय हर दिन-हर मिनट अग्निपरीक्षा से गुजरता है और यह परीक्षा लेने वाली हमेशा पवित्र आत्माएं नहीं होतीं। प्रधान न्यायाधीश की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि सीजेआइ का कार्यालय देश का सबसे महत्वपूर्ण, सबसे शक्तिशाली, सबसे सक्रिय और सबसे जोखिम वाला कार्यालय बन गया है।

RKTV



सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं*

कैश डिस्काउंट ₹4000~ तक | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000^ तक SBI card HDFC BANK pine labs | कम डाउन पेमेंट ₹6999^ से शुरू | कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorized Dealers: Patna: Patliputra Hero, Ph: 9289922164, Chandan Hero, Ph: 9289922169, Asha Hero, Ph: 9289922702, Chandan Hero (Sampat Chak), Ph: 9289922169, Patliputra Hero (Exhibition Rd), Ph: 9289922164, Asha Hero, (Masaurhi), Ph: 9289922702, Patliputra Hero (Bihta), Ph: 9289922164, Patliputra Hero (Jagdeo Path), Ph: 9289922164, **Arrah:** Aditya Hero, Ph: 9289922581, Karan Enterprises, Ph-9289923219 **Aurangabad:** Lara Hero, Ph: 9289922769 **Begusarai:** Begusarai Hero, Ph: 9289922175, Dev Hero, Ph: 9821743076 **Biharsharif:** Om Hero, Ph: 9289922177, Mahalaxmi Hero, Ph: 9821746386 , **Buxar:** Makhan Bhog Hero 9289233012 **Chapra:** Prabhu Hero, Ph: 9289922176, Reeshav Hero, Ph: 9289923032, **Dehri on Sone-** Anaya Hero 9289923814 **Gopalganj:** Shree Gopal Hero, Ph: 9289922567, Narayani Hero, Ph: 9289235372, **Gaya:** K L Gupta Hero, Ph: 9289922171, Shri Om Sai Hero, Ph: 9289922950, **Hajipur:** Rohit Hero, Ph: 9289922554, Chandamama Hero, Ph: 9289922951, **Jehanabad:** Asha Hero, Ph: 9289923606, **Mohania:** Swastik Hero, Ph: 9289922792, **Nawada:** Girija Hero, Ph: 9289922658, **Sasaram:** Shahabad Hero, Ph: 9289922560, **Siwan:** Maharana Hero, Ph: 9289922172, Pratik Hero, Ph: 9289922817 **Associate Dealers: Kurjee More :** Tirth Automobile-9608477599, **Begampur,Sattchoura :** City Automobiles-9306374165, **Mokama:** Bahan Seva Kendra-7070199645, **Fatuha:** M/S Shail Automobiles-9835882628, **Mirganj :** Maya Motors-9993419903, **Maharajganj :**Shiv Shakti Automobiles-9939319580, **Mairwa:** Ganesh Trades-9955977680, **Balia:** Osho Auto Agency-9431287643, **Teghra:** D S Automobiles-9835874746/9430495585, **Bakhri:** M K Agency-9931071335, **Kinjar:** Jai Automobiles-6201618688, 9263164920, **Rajgir :** Akash Auto Agency- 9934062131 / 9939519359, **Shaikhpura :** Durga Auto Agency-8409622505, **Katriasarai:**Sri Jaya Motors-8002025156, **Panapur:** Sikander Automobiles-8709846996, **Masrakh:** Sonu Automobiles-9939533471, **Banyipur:**Shiv Automobile-6204660048, **Sahpur:**Vinayak Automobiles-9431069383, **Dumraon:**Geeta Automobiles-9955293639, **Piro:**Vandana Enterprises-8877564488, **Sonbarsa:**Arti Automobiles-8521330600, **Sariya, Ara:**Shishir Raj Enterprises-7979716120, **Chaugai:** Kamla Automobiles-8388091102, **Lalganj:** Ambika Auto Agency-9693359185, **Jandaha:**Meera Automobiles-9006630329, **Mahuwa:** Kaushalya Automobiles-9973226001, **Belsar:** Kaveri Automobiles-9939693741, **Arwal:** Aaradhya Automobiles-7870742555, 7870246555, **Kinjar:** Jai Automobiles-6201618688, 9263164920, **Manpur:** Magadh Enterprises-6204379434, **Sherghati:** Maanak Services-6204455700, **Daudnagar:** Saurabh Automobiles-9934941713, **Rafiganj:** Sondik Enterprises-9934878255, **Hisua:** D V Motors-9934803525, **Bikramganj:**Maa Vindhyawasini Automobiles-9473261602, **Karahgar:**Mahadev Motors-9934127701, **Dehri On Sone:**Jai Matadi Automobiles-9934747646, **Bidupur:** Sai Automobiles- 9973056011, ,**Barh:** R.K.Automobiles- 7004398544, **Hilsa:**-Swaraj Automobiles- 7870819170, **Hajipur Mahnar Road:**Sai Automobiles- 9973058011, **Kurtha:** NN Automobiles-9852653206

Chell 33547/26

RKTV